सूर्योदय प्रातः 5:06 सूर्यास्त संध्या 6:39 पखवाड़ा आषाढ़ कृ. द्वितीया, संवत 2083 तापमान अधिकतम 31° न्यूनतम 24°



# फ्रीडम फाइटर



राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

रांची, गुरुवार, 02 जुलाई 2026, वर्ष : 17, अंक : 138, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : https://epaper.avnpost.in/editions

**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 76,922.64 | 443.97 (0.58%) |
| निफ्टी | 24,005.85 | 140.10 (0.59%) |

**सर्राफा बाजार** प्रति 10 ग्राम

| 24 carat | |
|---|---|
| सोना | 1,37,080.00 |
| चांदी | 2450.00 |

## एक झलक

### अमरनाथ यात्रा 03 जुलाई से होगी शुरू

**जम्मू :** वार्षिक अमरनाथ यात्रा 03 जुलाई से शुरू होने वाली है और बड़ी संख्या में श्रद्धालु तवी नदी तट पर पहुंच चुके हैं, जहां यात्रा के लिए मौके पर ही पंजीकरण हो रहा है। अमरनाथ श्राइन बोर्ड ने तीर्थयात्रियों की सुगम आवाजाही के लिए पर्याप्त सुरक्षा और व्यवस्था की है। अपनी बारी का इंतजार करते हुए श्रद्धालु उत्साह से भरे हुए हैं और पवित्र गुफा मंदिर की यात्रा के लिए तैयार हैं। पहली बार तीर्थयात्रा कर रहे एक श्रद्धालु ने कहा कि हम पहली बार जा रहे हैं और बहुत खुश हैं। हमने यह यात्रा करने का पक्का इरादा कर लिया है। लम्बी कतार में इंतजार करने के बाद हमारा एकमात्र लक्ष्य दर्शन करना है। अभी हमारी एकमात्र इच्छा बाबा के धाम पहुंचने की है।

**संगठित गिरोह का भंडाफोड़**

### 09 किलो सोना व 42 किलो चांदी जब्त, 08 गिरफ्तार

**नयी दिल्ली :** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने सोने की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दिल्ली, चेन्नई, कोलकाता और बेंगलुरु में एक संगठित गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में विदेशी मूल का लगभग 09 किलो सोना, 42 किलो चांदी, 700 ग्राम सोने के गहने, 8.15 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा और 26.67 लाख रुपये भारतीय मुद्रा बरामद की गयी है। कुल आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

### ट्रक से टकरायी बस, आठ की मौत

**दौसा :** राजस्थान के दौसा जिले के कोलवा थाना क्षेत्र में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर बुधवार तड़के खाली ट्रेलर से भीषण टक्कर के बाद स्लीपर यात्री बस में आग लग गयी। इस हादसे में आठ यात्रियों की मौत हो गयी, जबकि 28 यात्री घायल हो गये। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हादसे पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। दौसा पुलिस अधीक्षक पीयूष दीक्षित के अनुसार हादसा मंगलवार-बुधवार दरमियान रात करीब 2:38 बजे कोलवा थाना क्षेत्र में हुआ।

## अंदर के पन्नों पर

3 डीसी ने की विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 से...
5 राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर 65 होम्योपैथिक...
7 अब पंचायतों में बनेंगे ड्राइविंग लाइसेंस, जिलेभर में...
9 चुट्टूपालू घाटी में ब्रेक फेल ट्रेलर ने नौ वाहनों को...
10 ईशान आईसीसी टी-20 रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे...

## कार्टून कोना




नये सेनाध्यक्ष जनरल धीरज सेठ ने सम्भाला कार्यभार, पिता और छोटे भाई को किया सैल्यूट, कहा

# स्वदेशी तरीकों का इस्तेमाल कर युद्ध जीतना सबसे बड़ा मकसद



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** नये सेनाध्यक्ष जनरल धीरज सेठ को कार्यभार सम्भालने के बाद बुधवार को पहला गार्ड ऑफ ऑनर साउथ ब्लॉक लॉन्स में दिया गया। इसके बाद उन्होंने अपने पिता लेफ्टिनेंट जनरल केएम सेठ (सेवानिवृत्त) और छोटे भाई रियर एडमिरल रविनीश सेठ को सैल्यूट किया। अपने पहले भाषण में उन्होंने कहा कि हमारा सबसे बड़ा मकसद स्वदेशी तरीकों का इस्तेमाल करके युद्ध जीतना होगा। हम अपनी सीमाओं और उभरते खतरों के बारे में लगातार विजिलेंस बनाये रखेंगे और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए किसी भी चुनौती का असरदार तरीके से मुकाबला करने के लिए ऑपरेशनल रेडीनेस का हाई लेवल बनाये रखेंगे।

नेशनल डिफेंस एकेडमी, खड़कवासला के पुराने स्टूडेंट जनरल सेठ आर्म्ड कोर के पहले ऑफिसर हैं, जो 1997 में 20 लांसर्स के जनरल शंकर रॉय चौधरी के रिटायरमेंट के बाद आर्मी चीफ बने हैं। वह एक जाने-माने सैन्य परिवार से आते हैं। उनके पिता लेफ्टिनेंट जनरल केएम सेठ 1997 में आर्मी के एडजुटेंट जनरल के पद से रिटायर हुए थे, जब नये आर्मी चीफ खुद कैप्टन थे। उनके भाई रियर एडमिरल रविनीश सेठ भारतीय नौसेना में फ्लैग ऑफिसर के तौर पर कार्यरत हैं। जनरल सेठ को सैन्य क्षेत्र में जमीनी और ऑपरेशन पर फोकस करने वाले कमांडर के तौर पर जाना जाता है। उन्होंने उसी भोपाल-बेस्ड 21 स्ट्राइक कोर को कमांड किया है, जिसे कभी उनके पिता लीड करते थे।

पदभार सम्भालने के बाद आर्मी चीफ जनरल ● शेष पृष्ठ 11 पर

### एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने सम्भाला 51वें वायु सेना उप प्रमुख का कार्यभार

**इंटीग्रेटेड** डिफेंस स्टाफ के पूर्व चीफ एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने बुधवार को एयर मार्शल नागेश कपूर की जगह लेते हुए 51वें वाइस चीफ ऑफ द एयर स्टाफ का पद सम्भाला। एयर मार्शल कपूर वायु सेना में लगभग चार दशकों की शानदार सेवा के बाद 30 जून को रिटायर हुए। उनकी नियुक्ति ऐसे अहम समय पर हुई है, जब भारतीय वायु सेना अपने आधुनिकीकरण और क्षमता बढ़ाने के कार्यक्रमों को आगे बढ़ा रही है। एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने पहली बार 15 मई 2023 को एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी के स्थान पर उप वायु सेना प्रमुख का पदभार सम्भाला था। एयर मार्शल एक ● शेष पृष्ठ 11 पर

### लेफ्टिनेंट जनरल मोहित मल्होत्रा ने साउथ वेस्टर्न कमांड की सम्भाली कमान

**जयपुर :** लेफ्टिनेंट जनरल मोहित मल्होत्रा ने जयपुर स्थित भारतीय सेना की दक्षिण पश्चिम कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ का पदभार



सम्भाला। लेफ्टिनेंट जनरल मल्होत्रा ने ऐसे समय में कार्यभार ग्रहण किया है, जब पश्चिमी थिएटर में ऑपरेशनल महत्त्व काफी बढ़ गया है। वह अपने साथ उत्कृष्ट ऑपरेशनल अनुभव, स्पष्ट रणनीतिक दृष्टि तथा प्रभावी नेतृत्व का समृद्ध अनुभव लेकर आये हैं। जून, 1989 में 47 आर्मर्ड रेजिमेंट में कमीशन प्राप्त करने वाले ● शेष पृष्ठ 11 पर

# डॉक्टरों की कड़ी मेहनत, संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता भारत की स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ : मोदी

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय चिकित्सक (डॉक्टर) दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को देशभर के चिकित्सकों को शुभकामनाएं देते हुए उनके समर्पण, करुणा और सेवा भावना की सराहना की। प्रधानमंत्री ने कहा कि डॉक्टरों की कड़ी मेहनत, संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता भारत की स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ है। उन्होंने कहा कि चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी डॉक्टरों की अथक सेवा ने करोड़ों लोगों का विश्वास और आभार अर्जित किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर कहा कि पिछले एक दशक में भारत ने स्वास्थ्य क्षेत्र को मजबूत बनाने की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने कहा कि देश में मेडिकल ● शेष पृष्ठ 11 पर

## राष्ट्र निर्माण में चार्टर्ड अकाउंटेंट की भूमिका अहम : प्रधानमंत्री

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को चार्टर्ड अकाउंटेंट्स डे के अवसर पर देशभर के चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) समुदाय को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि चार्टर्ड अकाउंटेंट भारत की आर्थिक यात्रा के लम्बे समय से



भरोसेमंद साझेदार रहे हैं और उनकी विशेषज्ञता देश के आर्थिक विकास तथा राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी संदेश में कहा कि पारदर्शिता और पेशेवर उत्कृष्टता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के माध्यम से चार्टर्ड अकाउंटेंट देश की वित्तीय व्यवस्था को मजबूत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ते हुए चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के प्रयास ऐसे आर्थिक वातावरण के निर्माण में सहायक हैं, जहां उद्योग-व्यवसाय फल-फूल सकें और सभी के लिए नये अवसरों का विस्तार हो। प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्र की प्रगति में सीए समुदाय का योगदान अत्यन्त महत्वपूर्ण है और उनकी सेवाएं भारत की आर्थिक मजबूती का आधार बनी हुई हैं।

### सीएम ऑफिस व चंडीगढ़ एयरफोर्स स्कूल समेत कई विद्यालयों को बम से उड़ाने की धमकी

**चंडीगढ़ :** एक बार फिर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी के कार्यालय तथा चंडीगढ़ स्थित एयरफोर्स स्कूल समेत कई स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। बुधवार को गर्मी की छुट्टियों के बाद पहले दिन स्कूल खुले हैं। स्कूल खुलते ही धमकी भरे ई-मेल मिलने से पुलिस प्रशासन में हडकम्प मच गया। धमकी भरा यह मेल चंडीगढ़ के सेक्टर-37 गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल 37 बी और केंद्रीय विद्यालय सेक्टर-47 को आया है। मेल में कहा कि बम धमाके, आईडी ड्रोन। चंडीगढ़ के सारे स्कूलों में दोपहर 1.11 बजे, जबकि सीएम सैनी हरियाणा आफिस दोपहर 3.11 बजे का धमाके किये जायेंगे।

## भारी बारिश से मंगलुरु में भूस्खलन एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत



एजेंसी

**मंगलुरु :** कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ जिले में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के बीच बुधवार तड़के मंगलुरु के नागुरी क्षेत्र में हुए भीषण भूस्खलन में बिहार मूल के एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गयी, जबकि तीन अन्य को सुरक्षित बाहर निकाल कर अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रशासन ने राहत एवं बचाव अभियान पूरा कर प्रभावित परिवार को हरसम्भव सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है।

बुधवार तड़के नागुरी क्षेत्र में स्थित एक मकान पर अचानक पहाड़ी से भारी मात्रा में मिट्टी और मलबा आ गिरा। मलबे के नीचे पूरा परिवार दब गया। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग, अग्निशमन एवं आपात सेवा विभाग, पुलिस तथा राज्य आपदा प्रबंधन बल की टीमें मौके पर पहुंचीं और युद्धस्तर पर राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया। बचाव दल ने कड़ी मशक्कत के बाद बालकृष्ण (48), अल्का (14) और अनुषा (11) को सुरक्षित मलबे से बाहर निकाल लिया।

## गृह मंत्री ने जनसांख्यिकीय बदलावों पर बनी उच्चस्तरीय समिति से जल्द मांगीं सिफारिशें



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने जनसांख्यिकीय बदलावों पर गठित हाई लेवल कमिटी ऑन डेमोग्राफिक चेंजेज से जल्द से जल्द अपनी सिफारिशें प्रस्तुत करने का आग्रह किया है। समिति ने बुधवार को यहां गृह मंत्री के आवास पर उनसे शिष्टाचार भेंट कर अपनी कार्ययोजना की जानकारी दी।

बैठक के दौरान गृह मंत्री को बताया गया कि जनसांख्यिकीय बदलावों से सम्बन्धित जमीनी स्थिति का प्रत्यक्ष आकलन करने के लिए समिति विभिन्न राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों का दौरा करेगी। इसके साथ ही समिति केन्द्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के साथ भी विचार-विमर्श करेगी, ताकि जनसंख्या में हो रहे बदलावों से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर फीडबैक प्राप्त किया जा सके।

### आईपीएस अधिकारी दीपक गहलावत घूसखोरी मामले में गिरफ्तार

**नयी दिल्ली :** केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने रिश्वतखोरी के एक मामले में आईपीएस अधिकारी दीपक गहलावत को बुधवार को गिरफ्तार किया है। गहलावत वर्तमान में केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति पर नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस), दिल्ली में तैनात हैं। सीबीआई ने बुधवार को बताया कि इस मामले में 08 जून को दिल्ली पुलिस के एक इंस्पेक्टर और दो निजी व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान खुलासा हुआ कि आईपीएस अधिकारी दीपक गहलावत ने निजी व्यक्तियों से रिश्वत की मांग की थी।

## नवनियुक्त सूचना आयुक्तों ने ली शपथ

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची :** रांची स्थित लोक भवन में बुधवार को आयोजित एक गरिमामय समारोह में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने राज्य के नव-नियुक्त सूचना आयुक्तों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी, जो संवैधानिक प्रावधानों के अनुरूप निर्धारित प्राधिकारी द्वारा सम्पन्न करायी गयी। इस महत्त्वपूर्ण अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन विशेष रूप से उपस्थित रहे और पूरे समारोह के साक्षी बने।

समारोह में अनुज कुमार सिन्हा, तनुज खत्री, शिवपूजन पाठक एवं अमूल्य नीरज खलखो ने सूचना आयुक्त के रूप में शपथ ग्रहण की। शपथ ग्रहण के उपरांत मुख्यमंत्री ने सभी नवनियुक्त आयुक्तों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए आशा ● शेष पृष्ठ 11 पर



- लोक भवन में आयोजित हुआ शपथ ग्रहण समारोह
- राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने दिलायी पद व गोपनीयता की शपथ
- मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन भी हुए सम्मिलित

## गरीबों और राज्यों के लिए बोझ साबित होगा वीबी जी राम जी अधिनियम : कांग्रेस

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस ने विकसित भारत- रोजगार एवं आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) यानी वीबी जी राम जी अधिनियम लागू होने पर आरोप लगाया कि इस योजना में केन्द्र और राज्य का खर्च का अनुपात 60-40 होने की वजह से यह गरीबों और राज्यों दोनों के लिए बोझ साबित होगी। कांग्रेस सांसद एवं ग्रामीण विकास व पंचायती राज से जुड़ी संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष सप्तगिरि उलका ने यहां पार्टी मुख्यालय में बुधवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) मांग आधारित रोजगार देनेवाली अधिकार आधारित योजना थी, जबकि नयी योजना में राज्यों पर अतिरिक्त वित्तीय दबाव डाल दिया गया है। उलका ने कहा कि मनरेगा में केन्द्र सरकार मजदूरी लागत का लगभग पूरा बजट देती थी और सामग्री लागत में 60-40 का अनुपात होता था। इससे राज्यों पर कम बोझ पड़ता था, लेकिन वीबी जी राम जी में मजदूरी और सामग्री दोनों की लागत 60-40 अनुपात में रख दी गयी है।

## वीबी-जी राम-जी अधिनियम लागू, मानदेय भी बढ़ा

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** विकसित भारत रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) एक्ट, 2025, 01 जुलाई से लागू हो गया। केन्द्र ने मंगलवार को नयी ग्रामीण रोजगार गारंटी स्कीम के तहत बदले हुए मजदूरी रेट नोटिफाई किये। अब मनरेगा के तहत नेशनल एवरेज मजदूरी 298.8 रुपये प्रति दिन से बढ़ कर वीबी-जी राम-जी के तहत रु. 327.4 प्रति दिन हो गयी है, जो हर दिन औसतन रु. 28.6 की बढ़ोतरी है। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने कहा कि 01 जुलाई से लागू हुए बदले हुए मजदूरी रेट सभी 34 राज्यों, केन्द्र शासित प्रदेशों और मजदूरी क्षेत्रों में




बढ़ा दिये गये हैं। इसने कहा कि 300 रुपये प्रति दिन का एक नया अंतरिम बेस मजदूरी रेट शुरू किया गया है। इससे यह पक्का हो सके कि प्रोग्राम के तहत कोई भी नोटिफाई किया गया मजदूरी उस लेवल से कम न हो।

- मजदूरी 298.8 रुपये प्रति दिन से बढ़ कर वीबी-जी राम-जी के तहत रु. 327.4 प्रति दिन हुई

सरकार ने कहा कि पूरे देश में मजदूरी रेट में औसत बढ़ोतरी 10 परसेंट से ज्यादा है। मिनिस्ट्री ने कहा कि यह एक्ट एलिजिबल ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों तक की सैलरी वाली नौकरी की कानूनी गारंटी देता है।

## तृणमूल के नाम और चुनाव चिह्न विवाद पर आज आयोग में सुनवाई

एजेंसी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की सियासत में तृणमूल कांग्रेस को लेकर नया विवाद सामने आया है। खुद को असली तृणमूल बताने वाले ऋतब्रत बनर्जी और संदीपन साहा गुट ने पार्टी के नाम और चुनाव चिन्ह पर दावा करते हुए केंद्रीय निर्वाचन आयोग का दरवाजा खटखटाया है। इसी मामले में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने गुरुवार को इस गुट को चर्चा के लिए बुलाया है। जानकारी के अनुसार, ऋतब्रत गुट का दावा है कि तृणमूल कांग्रेस के अधिकतर विधायक और नेता उनके साथ हैं। इसी आधार पर उन्होंने हाल ही में दिल्ली में मुख्य चुनाव आयुक्त से मुलाकात कर पार्टी के नाम और चुनाव चिह्न पर अधिकार की मांग की थी। उस समय आयोग ने मामले की समीक्षा करने की बात कही थी। सूत्रों के मुताबिक, समीक्षा के बाद अब चुनाव आयोग ने गुरुवार दोपहर 12 बजे ऋतब्रत गुट को फिर से बुलाया है।

# टीवी मुक्त भारत अभियान और डेंगू को लेकर केन्द्र की दिल्ली सरकार के साथ समीक्षा बैठक

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने बुधवार को दिल्ली सरकार के साथ टीबी मुक्त भारत अभियान और डेंगू से निपटने की तैयारियों की समीक्षा बैठक की। बैठक में टीबी उन्मूलन अभियान की प्रगति, मरीजों की समय पर पहचान, उपचार और सहायता व्यवस्था की समीक्षा की गयी।

बैठक के दौरान मानसून के मद्देनजर डेंगू की रोकथाम को लेकर भी विस्तृत चर्चा हुई।

बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं की तैयारियों, अस्पतालों में आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता, मच्छर नियंत्रण अभियान, निगरानी व्यवस्था और जन-जागरूकता कार्यक्रमों को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। केन्द्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें ताकि टीबी उन्मूलन अभियान को गति मिले और डेंगू जैसी मौसमी बीमारियों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जा सके।

उन्होंने टीबी मुक्त भारत अभियान को जनभागीदारी के माध्यम से और अधिक गति देने की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में नड्डा ने कहा कि अभियान से जुड़ी सभी जानकारियाँ और संदेश सरल एवं आसानी से समझ में आने वाली भाषा में प्रसारित किये जायें, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक इसकी पहुंच सुनिश्चित हो सके।




उन्होंने ये भी निर्देश दिये कि जनप्रतिनिधियों को अभियान से सक्रिय रूप से जोड़ा जाये, जिससे समुदाय स्तर पर सहभागिता और मजबूत हो।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा हाल ही में आयोजित प्रगति बैठक में दिये गये मार्गदर्शन का उल्लेख करते हुए केन्द्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने माई भारत स्वयंसेवकों की अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया, ताकि जमीनी स्तर पर अभियान को और सशक्त बनाया जा सके। उन्होंने ये भी निर्देश दिये कि प्रत्येक वार्ड की निगरानी वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों द्वारा की जाये, जिससे अभियान के क्रियान्वयन की प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित हो सके।

टीबी की शीघ्र पहचान को मजबूत करने के लिए जेपी नड्डा ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से युक्त हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीनों की अधिक संख्या में उपलब्धता को समर्थन दिया जायेगा, जिससे समय पर निदान और केस डिटेक्शन में सुधार हो सके। उन्होंने रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशंस की भूमिका को भी महत्वपूर्ण बताते हुए उनके कार्यों और अपेक्षाओं को स्पष्ट रूप से परिभाषित करने के निर्देश दिये, ताकि टीबी मुक्त भारत अभियान और डेंगू की रोकथाम दोनों में प्रभावी सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित की जा सके।

बैठक में डेंगू से निपटने की दिल्ली सरकार की तैयारियों की भी समीक्षा की गयी, जिसमें समन्वित कार्रवाई, प्रभावी निगरानी, जन-जागरूकता और समय पर निवारक उपायों पर विशेष जोर दिया गया।

## एक झलक

### सड़क दुर्घटना में युवक गम्भीर रूप से घायल, जेएलकेएम के महासचिव ने पहुंचाया अस्पताल



**गोला (रामगढ़)** : रामगढ़-बोकारो मार्ग पर गोला थाना क्षेत्र के तोयर के समीप बुधवार को हुई सड़क दुर्घटना में चितरपुर के बोरोबिंग निवासी कृष्णा बेदिया गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जाता है कि कृष्णा बेदिया अपने घर लौट रहे थे, इसी दौरान तोयर के समीप एक वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने मदद के लिए पहल की। इस दौरान जेएलकेएम के महासचिव संतोष चौधरी मौके पर पहुंचे और तत्काल एम्बुलेंस बुलवाकर घायल को अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों की निगरानी में कृष्णा बेदिया का इलाज जारी है।

स्थानीय लोगों ने संतोष चौधरी की त्वरित मानवीय पहल की सराहना करते हुए कहा कि उनकी तत्परता के कारण घायल को समय पर उपचार मिल सका, जिससे उसकी जान बचाने में महत्वपूर्ण मदद मिली।

### बेड़ो व नरकोपी थाना में जन समाधान दिवस का आयोजन



**बेड़ो** : वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर बुधवार को बेड़ो व नरकोपी थाना परिसर में जन समाधान दिवस के तहत विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का नेतृत्व डीएसपी दीपक कुमार ने किया। शिविर में ग्रामीणों ने महिला संबंधी शिकायत, भूमि विवाद, पैसा गबन, आपसी मनमुटाव, प्रमाण-पत्र सत्यापन और अन्य पुलिस व प्रशासन से जुड़ी समस्याएं रखीं। डीएसपी दीपक कुमार ने कई मामलों का मौके पर ही निपटारा किया। शेष मामलों के समयबद्ध निष्पादन के लिए उन्होंने थाना प्रभारी को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। वहीं नरकोपी थाना प्रभारी शैलेंद्र कुमार टुडू ने बताया कि शिविर में 10 मामलों पर छानबीन की गई, जिनमें से 5 मामलों का मौके पर समाधान कर दिया गया। इधर डीएसपी दीपक कुमार ने कहा कि जन समाधान दिवस का उद्देश्य आम जनता और पुलिस के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर शिकायतों का त्वरित व पारदर्शी समाधान करना है। मौके पर बेड़ो थाना प्रभारी कफील अहमद, एएसआई राम नगीना प्रसाद सहित कई पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

### डॉक्टर्स डे पर विद्यार्थियों ने चिकित्सकों को किया नमन

**रामगढ़** : श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में मानवता की सेवा के लिए समर्पित चिकित्सकों के सम्मान में डॉक्टर्स डे मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ चिकित्सकों के उत्तम स्वास्थ्य और मानव सेवा की भावना के लिए विशेष प्रार्थना के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों को डॉक्टर के अमूल्य योगदान और समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा 03 से 05 तक के विद्यार्थियों ने चिकित्सकों के सम्मान में आकर्षक शुभकामना कार्ड तैयार किए। इनमें से चयनित कार्ड सदर अस्पताल के चिकित्सकों को सम्मान एवं आभार स्वरूप भेंट करने के लिए भेजे गए। डॉक्टर्स डे के उपलक्ष्य में कक्षा 09 और 11 के विद्यार्थियों के लिए जीवविज्ञान विभाग की ओर से एक विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को रक्तचाप (बीपी) मापने की विधि, प्राथमिक उपचार (फर्स्ट एड), जलने से होने वाले घाव का उपचार, विद्युत करंट लगने पर आवश्यक प्राथमिक सहायता, सांप के काटने एवं कीड़े के डंक लगने पर अपनाई जाने वाली प्रारंभिक उपचार प्रक्रियाओं का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्राचार्य हरजाप सिंह, जीवविज्ञान शिक्षक रामदास डे, रसायन विज्ञान शिक्षक संजय कुमार मिश्रा एवं जीवविज्ञान शिक्षिका नीतू सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

### 90 दिवसीय विधिक जागरूकता कार्यक्रम के तहत डालसा का ईटकी प्रखण्ड में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## बौद्धिक अक्षमतावाले व्यक्तियों को लाभ दिलाना ही लक्ष्य : डालसा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : न्यायमूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा सुजीत नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश पर एवं सदस्य सचिव झालसा, कुमारी रंजना अस्थाना एवं न्यायायुक्त, रांची अनिल कुमार मिश्रा-1 के मार्गदर्शन में तथा डालसा सचिव राकेश रौशन की मौजुदगी में 90 दिवसीय विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन होना सुनिश्चित हुआ है। इसी आलोक में आज दिनांक 01.07.2026 को ईटकी प्रखण्ड में मानसिक बीमारी और बौद्धिक अक्षमता वाले व्यक्तियों के लिए सेवाएं योजना - 2024 पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



इस अवसर पर डिप्टी एलएडीसी राजेश कुमार सिन्हा, पीएलवी दीपेन्द्र कुमार, सोनु कुमार साहु, अजय कुमार गोप, माशुम राजा, पायल कुमारी, विधि के छात्राओं में यशफीन फातिमा, पुनम कुमारी, दिपिका कुमारी, प्रिया कुमारी, रिया कुमारी और संजना रानी मिंज समेत अन्य लोग उपस्थित थे। डिप्टी एलएडीसी राजेश कुमार सिन्हा ने कहा कि मनोन्याय विधिक सेवा क्लिनिक प्रत्येक सार्वजनिक जगहों पर जैसे बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, पुलिस स्टेशन, प्रोबेशन होम, चाईल्ड केयर इंस्टीटयूषन, प्रिजन्स एण्ड डिटेंशन सेंटर, मेंटल हेल्थ स्टाबलिशमेंट एवं प्रखण्डों आदि जगहों पर मनोन्याय विधिक सेवा क्लिनिक होना चाहिए, जहां पर पॉकेट कार्ड उपलब्ध हो, जिससे लोगों में जागरूकता फैले और चिन्हित किये गये व्यक्ति को समुचित ईलाज और सरकार की कल्याणकारी योजनओं का लाभ मिल सकें। यह भी ज्ञात हो कि उन्होंने मानसिक बीमारी और बौद्धिक अक्षमता वाले व्यक्तियों के लिए सेवाएं योजना - 2024 पर फोकस करते हुए कहा कि मानसिक रूप बीमार और बौद्धिक अक्षमता वाले व्यक्तियों के बिना समाज का विकास नहीं हो सकता है और एक सामान्य व्यक्ति के जैसा इनके भी अधिकार है, जो इनको मिलना चाहिए। इस तरह के व्यक्ति हमारे गांव-घरों में हैं तो उन्हें समुचित ईलाज कि आवश्यकता है तथा इनके साथ किसी भी तरह का भेद-भाव करना कानुनन अपराध है। इससे संबंधित मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम - 2017 और दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016 के कानुनी प्रावधानों को वहां बताया। इसके अलावा उन्होंने एसिड अटैक, प्री-लिटिगेशन, लोक अदालत, बाल विवाह, बाल श्रम एवं पॉक्सो एक्ट, दहेज प्रथा तथा पेशा कानुन पर फोकस किये। आगे नालसा टॉल फ्री नम्बर 15100 पर भी फोकस किया गया।

## झारखण्ड आयकर अधिवक्ता संघ 2026-2027 का हुआ चुनाव



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झारखण्ड आयकर अधिवक्ता संघ की वार्षिक आमसभा की बैठक चुनाव पदाधिकारी संदीप गाड़ोदिया एवं रामवतार नारसरिया द्वारा मंगलवार को होटल कैपिटल हिल मेन रोड, रांची में संध्या 8 बजे संपन्न कराई गई जिसमें सर्वसम्मति से वर्ष 2026-2027 के नवनिर्वाचित पदाधिकारी का पुनः निर्वाचन हुआ।

1. अध्यक्ष - आनंद पसारी
2. उपाध्यक्ष - सुब्रत दास गुप्ता
3. सचिव - दीपक कुमार पटेल
4. सह सचिव - देवेश पोद्दार
5. कोषाध्यक्ष - आदित्य शाह
6. सदस्य - दीपक गाड़ोदिया।

इसके पूर्व अध्यक्ष आनन्द कुमार पसारी ने सदस्यों का स्वागत किया साथ ही कोषाध्यक्ष आदित्य शाह ने वार्षिक लेखा प्रस्तुत किया जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। पुनः निर्वाचित अध्यक्ष आनन्द कुमार पसारी ने सभी सदस्यों को उन्हें चुनने के लिए आभार व्यक्त कर सदस्यों को आश्वासन दिया कि आने वाले समय में वे उनके विश्वास एवं आकांक्षाओ को हर संभव पूरा करेंगे। इस सभा का धन्यवाद ज्ञापन हरिलाल पटेल (पूर्व अध्यक्ष ) ने किया ।

## जीएसटी के सफल 09 वर्ष : पूर्व सांसद महेश पोद्दार ने दी बधाई, बताया ऐतिहासिक कदम

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के सफलतापूर्वक 9 वर्ष पूरे होने के अवसर पर भाजपा नेता एवं राज्यसभा के पूर्व सांसद महेश पोद्दार ने देशवासियों को बधाई दी है। जीएसटी को भारतीय अर्थव्यवस्था का सबसे बड़ा सुधार बताते हुए उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था ने भारत को आर्थिक रूप से एक सूत्र में पिरोया है। उल्लेखनीय है कि महेश पोद्दार को भाजपा की ओर से राज्यसभा में अपना पहला (मेडन) भाषण जीएसटी बिल पर ही देने का ऐतिहासिक सम्मान प्राप्त हुआ था। अपने संसदीय कार्यकाल के दौरान उन्होंने जीएसटी पर कई महत्वपूर्ण भाषण दिए और इसके



दूरगामी फायदों को सदन के पटल पर रखा। श्री पोद्दार का मानना है कि उन्हें भी भारत के इस मजबूत 'जीएसटी साम्राज्य' के निर्माण में ₹एक ईंट₹ का योगदान देने का सौभाग्य मिला। इन 9 वर्षों में जीएसटी ने भारत में 'एक देश, एक कर' के सपने को पूरी तरह साकार किया है। इसने टैक्स पर टैक्स लगने (कैस्केडिंग इफेक्ट) की पुरानी जटिलताओं को खत्म कर एक स्वच्छ और पारदर्शी व्यापारिक माहौल तैयार किया है। इससे राज्यों के बीच की आर्थिक सीमाएं टूट गई हैं और पूरा देश एक साझा बाजार (उङ्केङ्कल्ल टं१ ी३) बन गया है। जीएसटी के लागू होने से न सिर्फ उत्पादन लागत में कमी आई है, बल्कि निवेश, निर्यात और व्यापार में सुगमता (एंरी ङ्घा उङ्कल्लॅ इ४२ल्ली२२) भी काफी बढ़ी है, जिससे देश की जीडीपी को एक नई रफ्तार मिली है। जीएसटी की इस 9 साल की शानदार सफलता पर श्री पोद्दार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व की सराहना करते हुए इसे आधुनिक भारत का सबसे अहम आर्थिक कदम बताया है।

### राष्ट्रीय रग्बी चैम्पियनशिप के लिए 24 खिलाड़ी चयनित

**खूंटी** : झारखंड रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन (जेआरएफए) के तत्वावधान में 28 से 30 जून तक स्थानीय लोयोला हाई स्कूल में आयोजित तीन दिवसीय राज्य जूनियर रग्बी प्रशिक्षण शिविर मंगलवार को संपन्न हो गया। शिविर में राज्य के विभिन्न जिलों से झारखंड राज्य जूनियर और सीनियर रग्बी चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 50 बालक और बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण शिविर के दौरान खिलाड़ियों को रग्बी खेल की तकनीकी और सामरिक बारीकियों, फिटनेस, कौशल विकास, टीमवर्क और खेल अनुशासन का गहन प्रशिक्षण दिया गया। तीन दिनों तक चले प्रशिक्षण और खिलाड़ियों के प्रदर्शन के मूल्यांकन के बाद आगामी 06 से 11 जुलाई तक हैदराबाद में आयोजित होने वाली जूनियर राष्ट्रीय रग्बी चैंपियनशिप के लिए झारखंड टीम का चयन किया गया।

## दिनदहाड़े लूट कानून-व्यवस्था की गम्भीर विफलता का प्रमाण : संजय सेठ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : रांची के इटकी रोड स्थित आर्किड अपार्टमेंट में उमेश अग्रवाल के फ्लैट में दिनदहाड़े हुई भीषण लूट की घटना पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि यह घटना राज्य की बिगड़ती कानून-व्यवस्था और अपराधियों के बढ़ते मनोबल का स्पष्ट प्रमाण है। उन्होंने बताया कि आज दोपहर लगभग 12 बजे, जब उमेश अग्रवाल बाजार गए हुए थे, उसी दौरान बेलगाम अपराधियों ने महज 20 मिनट के भीतर पूरे घर को खंगालकर लाखों रुपये की संपत्ति लूट ली और फरार हो गए। यह घटना दर्शाती है कि राजधानी में अपराधियों के मन से कानून और पुलिस का भय पूरी तरह समाप्त हो चुका है तथा आम नागरिक स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

घटना की सूचना मिलते ही श्री सेठ तत्काल आर्किड अपार्टमेंट पहुंचे, पीड़ित परिवार से मुलाकात कर पूरी घटना की जानकारी ली और मौके से ही पुलिस महानिदेशक तदाशा मिश्रा से दूरभाष पर बात कर अपराधियों की अविलंब गिरफ्तारी तथा कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की। श्री सेठ ने कहा कि महज 20 मिनट में दिनदहाड़े एक घर में इस प्रकार की लूट होना पुलिस व्यवस्था की गंभीर विफलता को उजागर करता है। यदि राजधानी में ही लोग अपने घरों में सुरक्षित नहीं हैं, तो यह पूरे प्रशासनिक तंत्र के लिए अत्यंत चिंताजनक स्थिति है। उन्होंने कहा कि ऐसा प्रतीत होने लगा है मानो राजधानी रांची अपराधियों के हवाले हो चुकी है। उन्होंने कहा कि राज्य में व्यापारियों को लगातार धमकियां मिल रही हैं, घरों में लूट की घटनाएं हो रही हैं और अपराधी खुलेआम हत्या जैसी वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। ऐसी परिस्थितियों में आम नागरिकों का व्यवस्था पर से विश्वास उठना स्वाभाविक है। यदि शासन और प्रशासन राजधानी की जनता को सुरक्षा नहीं दे सकता, तो यह सरकार के लिए गंभीर आत्ममंथन का विषय है। श्री सेठ ने राज्य सरकार से मांग की कि इस मामले में शामिल सभी अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए, लूटी गई संपत्ति बरामद की जाए तथा राजधानीवासियों की सुरक्षा के लिए प्रभावी और कठोर कदम उठाए जाएं।

## रहस्यमय तरीके से लापता हुए मासूम भाई-बहन परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़, क्षेत्र में बढ़ी चिंता



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़)** : गोला थाना क्षेत्र अंतर्गत कामता गांव से 8 से 10 वर्ष आयु के दो सगे भाई-बहन के रहस्यमय ढंग से लापता होने का मामला पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। दोनों बच्चों के अचानक गायब होने से परिजनों के साथ-साथ ग्रामीण भी चिंतित हैं। बताया जाता है कि बच्चों के माता-पिता गांव में ही दिहाड़ी मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। पिछले कुछ दिनों से दोनों मासूमों का कोई पता नहीं चलने से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजनों एवं ग्रामीणों ने आसपास के गांवों, रिश्तेदारों और संभावित स्थानों पर काफी खोजबीन की, लेकिन अब तक उनका कोई सुराग नहीं मिल सका है। परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को भी दी है, जिसके बाद बच्चों की तलाश शुरू किए जाने की उम्मीद है। यह घटना कई सवाल खड़े कर रही है। आखिर दोनों मासूम कहां गए, किन परिस्थितियों में लापता हुए और इसके पीछे क्या कारण है, यह जांच का विषय है। स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से मामले की गंभीरता से जांच कर दोनों बच्चों को सकुशल बरामद करने की मांग की है। साथ ही आम लोगों से भी अपील की गई है कि यदि किसी को बच्चों के संबंध में कोई भी जानकारी मिले तो तत्काल गोला थाना या परिजनों को सूचित करें, ताकि परिवार के इन मासूम चिरागों को सुरक्षित घर लौटाया जा सके।

## 26वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, रांची ने किया अंतर क्षेत्रक लॉन टेनिस प्रतियोगिता-2026 का शुभारम्भ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : 26वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, रांची द्वारा कमांडेंट शाश्वत कुमार (आईपीएस) के नेतृत्व में दो दिवसीय अंतर क्षेत्रक लॉन टेनिस प्रतियोगिताझ्र2026 का शुभारंभ जेएसएसपीएस स्टेडियम, खेलगांव परिसर, रांची (झारखंड) में किया गया। इस प्रतियोगिता में सीमांत मुख्यालय, पटना के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रक मुख्यालय गया, पूर्णिया, बेतिया, पटना एवं मुजफ्फरपुर के साथ-साथ 26वीं वाहिनी रांची, 32वीं वाहिनी, लातेहार; , 29वीं वाहिनी, गयाजी; तथा 21वीं एवं 65वीं वाहिनी, बगहा के कुल 12 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि सीमांत मुख्यालय, पूर्णिया के उपमहानिरीक्षक मधुकर अमिताभ द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। अपने उद्घाटन संबोधन में उन्होंने सभी प्रतिभागी अधिकारियों एवं खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक एवं मानसिक सुदृढ़ता का माध्यम हैं, बल्कि आपसी समन्वय, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता तथा खेल भावना को भी सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से निष्पक्षता, अनुशासन एवं उत्कृष्ट खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करने का आह्वान किया। इस अवसर पर 26वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, रांची के अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी, जवान तथा विभिन्न इकाइयों से आए अधिकारी एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का उद्देश्य बल के कार्मिकों में खेल संस्कृति को बढ़ावा देना, शारीरिक दक्षता एवं आपसी समन्वय को सुदृढ़ करना तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास करना है।

## प्रवास कार्यक्रम के तहत भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष आभा महतो का रात्रि प्रवास



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अनगड़ा** : भारतीय जनता पार्टी के प्रवास कार्यक्रम के तहत झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व सांसद श्रीमती आभा महतो का रात्रि प्रवास अनुराधा मुंडा जिला उपाध्यक्ष सह जिला परिषद सदस्य अनगड़ा पश्चिमी, एवं रामसाय मुंडा मीडिया प्रभारी पूर्वी के आवास पर हुआ। इस दौरान उनका पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ आत्मीय स्वागत किया गया। प्रवास के दौरान उन्हें झारखंड की पारंपरिक संस्कृति से जुड़े व्यंजन परोसे गए। मेजबान परिवार ने अपने हाथों से तैयार रागी की छिलका रोटी, पीठा, बैंगन-साग की चटनी सहित अन्य स्थानीय व्यंजनों से उनका सत्कार किया। इस अवसर पर आभा महतो ने कार्यकताओं एवं परिवारजनों से आत्मीय संवाद किया तथा संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी से समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया। अनुराधा मुंडा ने इसे अपने लिए सौभाग्य एवं गौरव का विषय बताते हुए कहा कि उन्हें आदरणीया आभा महतो जी की सेवा एवं आतिथ्य का अवसर प्राप्त हुआ, जो उनके लिए सदैव स्मरणीय रहेगा।

### 65वीं सुब्रतो कप व द्वितीय लिटिल चैम्प फुटबॉल प्रतियोगिता सम्पन्न

## ओरमांझी में फुटबॉल का दिखा रोमांच, डहू व पांचा की टीमों ने लहराया जीत का परचम



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी** : एस.एस. प्लस टू उच्च विद्यालय, ओरमांझी के खेल मैदान में प्रखंड स्तरीय 65वीं सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता एवं द्वितीय लिटिल चैंप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन उत्साह और खेल भावना के साथ संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों की टीमों ने भाग लेकर शानदार खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी, ओरमांझी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं फुटबॉल पर किक मारकर किया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि हरि मोहन महतो, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि मानकी राजेंद्र शाही, शिक्षा विभाग के गोपाल उरांव एवं पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता के सुब्रतो मुखर्जी कप वर्ग में राजकीय मध्य विद्यालय, डहू की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया, जबकि उत्क्रमित मध्य विद्यालय, पिपराबंडा की टीम उपविजेता रही। वहीं द्वितीय लिटिल चैंप फुटबॉल प्रतियोगिता में राजकीय मध्य विद्यालय, पांचा की टीम विजेता एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय, पांचा की टीम उपविजेता बनी। विजेता और उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को मेडल, प्रशस्ति-पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, डीडीओ डॉ. नसीम अहमद, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी रीना यादव एवं शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष सतीश बड़ाईक समेत कई अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में रहमान अंसारी, जीत मोहन, पंचित, रितुराज, कुमारी संध्या रानी, रीता कुमारी, पद्मा मिश्रा, प्रशांत कुमार मंडल, विनोद कुमार, सुरेंद्र महतो एवं वीरेंद्र महतो समेत कई शिक्षकों व सहयोगियों की अहम भूमिका रही।

### रांची में "Empower Yourself" कार्यशाला का हुआ आयोजन

## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का दिया संदेश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : सामाजिक संस्था चैरिटेबल चार्म्स की ओर से प्राणा लाउंज में "Empower Yourself" विषय पर एक विशेष कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाना, उनके आत्मविश्वास को बढ़ाना तथा स्वास्थ्य, व्यक्तित्व विकास और आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक करना था। कार्यशाला में बड़ी संख्या में महिलाओं और गणमान्य अतिथियों ने भाग लिया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था की चेयरपर्सन डॉ. ख्याति मुंजाल ने कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण केवल एक विचार नहीं, बल्कि एक सतत प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं स्वयं को समझती हैं, अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखती हैं और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ती हैं, तभी समाज का वास्तविक विकास संभव होता है। उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य हर महिला को अपनी आंतरिक शक्ति पहचानने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करना है। साथ ही भविष्य में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाने की बात कही। कार्यशाला में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने महिलाओं से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार साझा किए। इशा मल्होत्रा, सर्टिफाइड प्रो मेकअप आर्टिस्ट एवं हेयर स्टाइलिस्ट ने ग्रूमिंग और सेल्फ-केयर को आत्मविश्वास बढ़ाने का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। डॉ. नम्रता महंसरिया, ब्रेस्ट कैंसर विशेषज्ञ ने समय पर जांच और जागरूकता को बीमारी से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय बताया। डॉ. निदा मकबूल, काउंसलिंग साइकोलॉजिस्ट ने मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने और जरूरत पड़ने पर विशेषज्ञ की सलाह लेने की अपील की। वहीं डॉ. रुही श्रीवास्तव, फर्टिलिटी एवं आईवीएफ विशेषज्ञ ने महिलाओं को प्रजनन स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। अयन मजूमदार, योग एवं वेलनेस विशेषज्ञ ने नियमित योग को स्वस्थ जीवन की कुंजी बताया, जबकि श्रीमती मनीषा सिंह, ऑल इंडिया क्षत्रिय महासभा (झारखंड) की महिला प्रदेश अध्यक्ष ने महिलाओं को नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में कोर कमेटी की अहम भूमिका रही।

### रांची जिले में सेवानिवृत्त शिक्षकों का भावपूर्ण विदाई सम्मान, पेंशन दरबार आयोजित

## शिक्षक समाज के निर्माणकर्ता व भविष्य के शिल्पकार होते हैं : डीसी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : जिला प्रशासन ने सेवानिवृत्त शिक्षकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए एक गरिमापूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया। समाहरणालय के ब्लॉक-ए स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में सोमवार को पेंशन दरबार सह सेवानिवृत्ति विदाई सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने की। इस अवसर पर जिले के 11 सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं 02 कर्मचारियों को उनके लंबे, निष्ठापूर्ण एवं प्रेरणादायी सेवा योगदान के लिए सम्मानित किया गया। उपायुक्त ने सभी सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं कर्मियों को स्मृति चिह्न, शॉल, प्रशस्ति पत्र एवं पुष्पगुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया।



उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने कहा, शिक्षक समाज के निर्माणकर्ता और राष्ट्र के भविष्य के शिल्पकार होते हैं। उनकी निष्ठा, समर्पण और ज्ञान की ज्योति से ही नई पीढ़ी आलोकित होती है। सेवानिवृत्ति के तुरंत बाद सभी पेंशनरी लाभ सुनिश्चित करना हमारी प्रतिबद्धता है, ताकि वे बिना किसी चिंता के अपने जीवन की नई यात्रा शुरू कर सकें। उन्होंने सेवानिवृत्त शिक्षकों को संबोधित करते हुए आगे कहा अब आपका अनुभव और मार्गदर्शन समाज के लिए बहुत कीमती है। नई पीढ़ी को प्रेरित करें, सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहें और स्वस्थ, सुखमय जीवन व्यतीत करें। ईश्वर आपको दीघार्यु और निरोगी रखे। अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) श्री धनंजय और स्थापना उप समाहर्ता ज्योति वंदना कुजूर ने भी अपने संबोधन में सेवानिवृत्त शिक्षकों के योगदान को सराहा और उन्हें सम्मानित किया। दोनों अधिकारियों ने शिक्षकों की समाज में महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला और उन्हें सेवानिवृत्ति के बाद भी सक्रिय एवं स्वस्थ जीवन जीने की शुभकामनाएं दीं।

### सम्मानित सेवानिवृत्त शिक्षक व कर्मी

1. सुरेंद्र महतो, कार्यालय अधीक्षक, अंचल कार्यालय, बेड़ो
2. प्रभा जयंती बेक मिंज, प्रधान लिपिक, अनुमण्डल कार्यालय, सामान्य शाखा, सदर रांची
3. पूनम आइंद, वरीय शिक्षिका, राजकीय बुनियादी मध्य विद्यालय, मेसरा, कांके
4. जया कुमारी रजक, उच्च माध्यमिक विद्यालय, कान्द्री, मांडर
5. आशा शंखवार, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पंडरा, रांची
6. दिनेश प्रसाद केसरी, सीनियर सेकेंडरी स्कूल, चुटिया, रांची-2
7. शाहीन कहकशां, सीनियर सेकेंडरी स्कूल, हिनू बस्ती, रांची-2
8. सरोजिनी कुजूर, सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रूपरू, अनगड़ा
9. ऐस्कर टोपनो, सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कोचबोंग, नामकुम
10. अब्दुल क्यूम, एस.एस. आर.एम.वी. मसमानो, चाहनो
11. बेंजामिन होरो, एस.टी., आरसी मिडिल स्कूल, महुगांव, लापुंग, रांची
12. मीरा कुमारी, एस.टी. शिव नारायण मारवाड़ी गर्ल्स स्कूल, रांची
13. कमला भगत, उच्च माध्यमिक विद्यालय, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, चैनगड़ा, बुढ़मू

## मतदाता पुनरीक्षण अभियान को सफल बनाने में जुटें कार्यकर्ता : कालीचरण मुंडा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**खूंटी** : रनिया प्रखंड कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में बुधवार को बलाकेल खेल मैदान में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को सफल बनाने, बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने तथा जनसंपर्क अभियान को गति देने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष जोन कन्डुलना ने की। सम्मेलन को संबोधित करते हुए खूंटी के सांसद कालीचरण मुंडा ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि पार्टी की नीतियों, विचारधारा और जनहितकारी कार्यक्रमों को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाने के लिए कार्यकताओं को पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से मतदाता पुनरीक्षण अभियान को सफल बनाने में जिम्मेदारीपूर्वक सहयोग करने का आह्वान किया।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष रवि मिश्रा ने कार्यकर्ताओं से बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के साथ समन्वय स्थापित कर घर-घर संपर्क अभियान चलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे। उन्होंने एसआईआर अभियान को पूरी गंभीरता और सक्रियता के साथ सफल बनाने पर बल दिया।

## एक झलक

### राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर डॉ. एस. मैत्रा सम्मानित



**रांची** : राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच, रांची समर्पण शाखा ने चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा एवं समर्पण के लिए डॉ. एस. मैत्रा को सम्मानित किया। सम्मान समारोह का आयोजन रेडियम रोड स्थित सिटी डेंटल क्लिनिक में किया गया। इस अवसर पर शाखा की ओर से उन्हें शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। शाखा अध्यक्ष शुभा अग्रवाल ने कहा कि चिकित्सकों की निस्वार्थ सेवा समाज के लिए प्रेरणास्रोत है और वे मानवता की सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हैं। कार्यक्रम में सचिव रेखा राईका, आशा सराफ एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। मीडिया प्रभारी वेदिका सिंघानिया ने इसकी जानकारी दी।

### गुरुवर श्रीअनिरुद्धाचार्यजी महाराज अपने परिकरों के साथ श्रीधाम वृंदावन के लिए किये प्रस्थान



**रांची** : रांची पहाड़ी मंदिर के सन्निकट स्थित दिव्यदेशम श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर की वार्षिकोत्सव सह कल्याणोत्सव समारोह धूमधाम से संपन्न होने के बाद 01जुलाई बुधवार को जगद्गुरु रामानुजाचार्य श्रीस्वामी अनिरुद्धाचार्य जी महाराज श्रीधाम वृंदावन के लिये प्रस्थान किये। विदा लेने से पहले जगतगुरु ने कहा कि 26 जून से 28 जून तक आयोजित महोत्सव सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और इसके लिए सभी कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं । सब प्रकार से सेवा में समर्पित भक्तों का भी सराहना किया और प्रचार प्रसार में सहयोग के लिए समाचार पत्र से जुड़े सभी पत्रकार बंधुओं का आभार व्यक्त किया तथा महाराज श्री ने आगे कहा कि वे सभी धन्य है, उनके माता-पिता बड़े पुण्यात्मा होंगे, जो किसी न किसी रूप से भगवान की सेवा से जुड़े हुए हैं, जो भगवान के प्रति समर्पित हैं, भगवान की सेवा में उनका लगन लगा है और सेवा भाव में हमेशा उत्साहित रहते हैं, वे भगवान का हो जाते हैं, तब भगवान उनके योग क्षेम का बहन करते रहते हैं।

### लायंस क्लब ने महिला पुलिसकर्मियों के बीच बांटा छाता

**रांची** : लायंस क्लब रांची की ओर से बुधवार को शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर ड्यूटी कर रही महिला पुलिसकर्मियों के बीच छातों का वितरण किया गया। बढ़ती धूप और बारिश के मौसम को देखते हुए क्लब ने यह सेवा अभियान चलाया, जिसका महिला पुलिसकर्मियों ने स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान महिला पुलिसकर्मियों ने लायंस क्लब की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ड्यूटी के दौरान इस तरह की उपयोगी सामग्री उन्हें काफी राहत पहुंचाएगी। उन्होंने क्लब से भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी अभियान जारी रखने का अनुरोध किया। लायंस क्लब के अध्यक्ष दिलीप बंका सहित अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि संस्था हमेशा सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देती है और जरूरतमंदों के बीच सेवा कार्य लगातार जारी रखेगी। बंका ने कहा कि समाज के विभिन्न वर्गों के लिए समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लायंस क्लब रांची के वर्तमान अध्यक्ष लायन दिलीप कुमार बंका, प्रथम महिला लायन बीना बंका, निर्मल मानपुरिया सहित अन्य लोग मौजूद थे।

---

### डीसी ने की विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 से सम्बन्धित महत्त्वपूर्ण बैठक

# डिजिटाइजेशन की प्रगति की समीक्षा करने के निर्देश

- पंचायत भवन व प्रखंड कार्यालय सभागारों में डिजिटाइजेशन कैम्प आयोजित करने के निर्देश
- किसी भी परिस्थिति में एक भी Enumuration Form मिसप्लेस नहीं होना चाहिए : उपायुक्त



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : रांची जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण -2026 के सफल क्रियान्वयन को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। बैठक में विधानसभावार Enumuration Form के वितरण, संग्रहण एवं डिजिटाइजेशन की प्रगति की विधानसभावार समीक्षा की गई तथा संबंधित ERO एवं AERO को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री ने सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने बूथ लेवल अधिकारियों के साथ प्रतिदिन ऑनलाइन बैठक कर Enumuration Form के वितरण, संग्रहण एवं डिजिटाइजेशन की प्रगति की समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक दिन की नियमित मॉनिटरिंग के साथ Enumuration Form के शत-प्रतिशत वितरण, संग्रहण एवं डिजिटाइजेशन सुनिश्चित करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश अनुसार कार्य करें। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा निर्देश दिया गया कि सभी ERO एवं AERO एन्यूमरेशन फॉर्म के वितरण एवं डिजिटाइजेशन की रैंडमली मॉनिटरिंग करेंगे, ताकि कार्य की गुणवत्ता एवं पारदर्शिता बनी रहे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा पंचायत भवनों में डिजिटाइजेशन के लिए आवश्यक सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने, विशेष रूप से वाई-फाई एवं चार्जिंग की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही, प्रखंड कार्यालय सभागारों में भी डिजिटाइजेशन कैंप आयोजित करने का निर्देश दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री ने जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक को इछड के सहयोग के लिए टैग किए गए शिक्षक की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी परिस्थिति में कोई भी Enumuration Form मिसप्लेस नहीं होना चाहिए। साथ ही सभी अएफ्डर को अपनी निगरानी में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को Enumuration Form के वितरण एवं संग्रहण का कार्य कराने का निर्देश भी दिया गया। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पूरी गंभीरता एवं समर्पण के साथ करने के निर्देश दिए। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा बैठक में अनुपस्थित रहने पर अटउ, रांची नगर निगम चन्द्र दीप कुमार को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया गया। वहीं दिव्यांगजन एवं विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह के बीच एन्यूमरेशन फॉर्म के वितरण एवं संग्रहण की प्रतिदिन रिपोर्ट उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए गए।

---

### मुख्यमंत्री से मिला फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज का प्रतिनिधिमंडल

## राज्य में उद्योग, व्यापार व निवेश के वर्तमान परिदृश्य पर हुई चर्चा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से बुधवार को कांके रोड, रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज के प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने राज्य में उद्योग, व्यापार और निवेश के वर्तमान परिदृश्य पर मुख्यमंत्री के साथ सकारात्मक एवं रचनात्मक चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज द्वारा शीघ्र ही एक राज्यस्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े उद्योगपति, व्यापारी एवं उद्यमी भाग लेंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री सोरेन से उक्त सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने का आग्रह किया। प्रतिनिधिमंडल में फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज के अध्यक्ष आदित्य मलहोत्रा, उपाध्यक्ष प्रवीण लोहिया, राम बांगड़, महासचिव रोहित अग्रवाल, सह सचिव नवजोत अलंग, रोहित पोद्दार, कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, क्षेत्र उपाध्यक्ष अमरजीत सिंह सलूजा, उदयशंकर, रमेश कुमार चिनी, विनय अग्रवाल, पलामू चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज के अध्यक्ष आनन्द शंकर, कार्यकारिणी सदस्य फिराजुद्दीन, गुमला चेम्बर के सदस्य अमर प्रदीप शामिल थे।

---

### जमशेदपुर की दर्दनाक घटना पर राजनीति बंद करे भाजपा : राकेश सिन्हा

**रांची** : झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू के बयान को राजनीतिक अवसरवाद का परिचायक बताते हुए कहा कि जमशेदपुर की दुखद घटना पूरे राज्य के लिए पीड़ादायक है। कांग्रेस पार्टी इस घटना की कड़ी निंदा करती है और स्पष्ट रूप से मानती है कि दोषी चाहे कोई भी हो, उसे कानून के अनुसार कठोरतम सजा मिलनी चाहिए। लेकिन भाजपा इस संवेदनशील घटना को राजनीतिक मंच बनाकर अपनी खोती हुई जमीन तलाशने में जुट गई है। सिन्हा ने कहा कि भाजपा को जनता को गुमराह करने से पहले अपने शासनकाल का इतिहास देख लेना चाहिए।

---

## भाजपा ने एसआईआर में अनियमितता को लेकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी से की जांच की मांग



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झारखंड भाजपा ने विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 (एसआईआर) अभियान में कथित अनियमितताओं को लेकर बुधवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को शिकायत पत्र सौंपते हुए जांच और आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। पार्टी ने पश्चिमी सिंहभूम जिले में बीएलओ द्वारा मुख्यमंत्री की तस्वीर वाले थैले के इस्तेमाल तथा जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र के एक मतदान केंद्र पर मतदाताओं के नाम दो स्थानों पर दर्ज होने का आरोप लगाया है। भाजपा की ओर से प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 (एसआईआर) के प्रदेश संयोजक राकेश प्रसाद ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी-सह-सचिव, मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग को दो अलग-अलग पत्र भेजे हैं। पहले पत्र में कहा गया है कि 30 जून से शुरू हुए विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दौरान पश्चिमी सिंहभूम जिले में बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा राज्य के मुख्यमंत्री की तस्वीर वाले थैले का उपयोग किया जा रहा है। भाजपा ने इसे निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता के दृष्टिकोण से गंभीर मामला बताते हुए कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग एक स्वायत्त संवैधानिक संस्था है और उसकी सभी गतिविधियां पूरी तरह निष्पक्ष होनी चाहिए। पार्टी ने पूरे मामले की जांच कर दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई करने की मांग की है। दूसरे पत्र में भाजपा ने जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या-176 पर कई मतदाताओं के नाम एक ही बूथ पर एक से अधिक स्थानों पर दर्ज होने का आरोप लगाया है। शिकायत में कहा गया है कि संबंधित मतदाताओं के दो-दो मतदाता पहचान पत्र (ईपीआईसी) नंबर होने की जानकारी मिली है, जो निर्वाचन नियमों के अनुरूप नहीं है।

---

### शारदा ग्लोबल स्कूल में ग्यारहवीं के छात्रों का हुआ स्वागत



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : शारदा ग्लोबल स्कूल में सत्र 2026-27 में ग्यारहवीं कक्षा के छात्रों का स्वागत बड़े ही उत्साह एवं उमंग के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम स्थल पर विद्यालय के डाइरेक्टर दीपक बंका, प्राचार्या जसमीत कौर, दीपा बंका, कक्षा बारहवीं के छात्र एवं शिक्षकगण उपस्थित थे। डाइरेक्टर दीपक बंका ने ग्यारहवीं कक्षा में प्रवेश लेने वाले छात्रों का अभिवादन किया एवं कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ अनुशासन, लक्ष्य निर्धारण एवं नियमों का क्रियान्वन करके ही छात्र जीवन में अपने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। अतः आपसे अपेक्षा है कि आप विद्यालय मैनेजमेंट एवं शिक्षकों के निर्देशन में प्रगति पथ पर अग्रसित होंगे। प्राचार्या महोदया ने कहा कि हमेशा की तरह विद्यालय मैनेजमेंट उनके साथ है, उन्होने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी। छात्रों ने भी अपने विद्यालय एवं शिक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय द्वारा प्राप्त सुविधाएं एवं उचित निर्देशन द्वारा हमने बोर्ड-परीक्षा में सफलता का परचम लहराया है। हम आगे भी अपने परीक्षा-परिणाम से विद्यालय को गौरवान्वित करते रहेंगे।




झारखंड एक्सीलेंस अवार्ड की ट्रॉफी लॉन्च करते हुए यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ झारखण्ड के सदस्यगण

---

### 47 लाख 'अनमैप्ड' मतदाताओं और ASDD सूची को तत्काल सार्वजनिक करे चुनाव आयोग : सतीश पौल मुंजनी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सह मीडिया चेयरमैन सतीश पौल मुंजनी ने चुनाव आयोग से मांग की है कि झारखंड में सामने आए लगभग 47 लाख 'अनमैप्ड' मतदाताओं (नाम सहित)की पूरी सूची तत्काल अपनी वेबसाइट पर सार्वजनिक की जाए तथा प्रत्येक संबंधित मतदान केंद्र (बूथ) पर उपलब्ध कराई जाए, ताकि हर मतदाता स्वयं अपने नाम और स्थिति का सत्यापन कर सके। उन्होंने कहा कि जिन मतदाताओं को ASDD के रूप में चिह्नित किया गया है, उनकी सूची भी बिना किसी देरी के सार्वजनिक की जाए। यदि आयोग के पास सभी आंकड़े उपलब्ध हैं, तो उन्हें जनता से छिपाने का कोई औचित्य नहीं है। लोकतंत्र में पारदर्शिता ही चुनाव प्रक्रिया की सबसे बड़ी ताकत होती है। सतीश पौल मुंजनी ने कहा कि चुनाव आयोग अपनी ही मार्गदर्शिका तथा पेसा अधिनियम के प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करते हुए इन सूचियों को संबंधित ग्राम सभाओं में भी पढ़वाए, ताकि ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों के मतदाताओं को पूरी जानकारी मिल सके और किसी पात्र मतदाता का नाम गलती से वंचित न रह जाए।

---

## लायंस इंटरनेशनल का सेवा वर्ष प्रारम्भ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : लायंस इंटरनेशनल के सेवा वर्ष की शुरूवात लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट द्वारा रांची पहाड़ी मंदिर ट्रस्ट को 12 सेट वॉकी टॉकी प्रदान कर की। इस अवसर पर लायंस इंटरनेशनल जिला 322अ प्रथम उपजिलापाल ला कंचन कुमार साहू की उपस्थिति में मंदिर समिति के सदस्य एवं क्लब के अध्यक्ष ला सुनील माथुर एवं अन्य की उपस्थिति में घोषणा की गई। ला कंचन साहू ने कहा कि मंदिर के शीर्ष पर स्वयंसेवक एवं कार्यालय से सीधा संवाद स्थापित हो पाएगा। लायंस सदस्यों ने प्रातः काल मंदिर में पूजा आरती के पश्चात वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर क्लब के सचिव ला रामकृष्ण जी, पूर्व अध्यक्ष रतन अग्रवाल, भारतेंदु झा , अमित कुमार, रवि आनंद, शायरी अग्रवाल, अमरचंद बेंगानी, बिनोद सिंह, आदि उपस्थित थे। अपराह्न में कोकर अवस्थित लायंस ईस्ट निरामया अस्पताल में डॉक्टर्स डे के अवसर पर डॉक्टर्स लोगों को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में डॉ अखिलेश प्रसाद डॉ ओ पी नारायण, डॉ. मीणा नारायण, डॉ. अंजना झा, डॉ. एके पाठक, डॉ. आरके सिंह, डॉ. ऋषि, डॉ. महादेव, डॉ. श्वेता, डॉ गरिमा प्रकाश, डॉ. दीक्षा, डॉ. मनोज, डॉ सौरभ, डॉ. ऋषभ, डॉ. माधुरी आदि प्रमुख हैं। उपजिलापाल ला कंचन साहू ने कहा कि ईश्वर ने इन्हें हमारी सेवा के लिए अपना प्रतिनिधि बना कर भेजा है, इसलिए ये सम्मानित हैं। कार्यक्रम में अध्यक्ष सुनील माथुर, सचिव रामकृष्णा, कोषाध्यक्ष संतोष अग्रवाल, पूर्व जिलापाल ला राजीव लोचन, निरामया अस्पताल के चेयरमेन राजेश गुप्ता, प्रोजेक्ट प्रभारी रतन अग्रवाल एवं पारस थापा, पूर्व अध्यक्ष सुन्दरलाल रामसिसरिया, भारतेंदु झा, रूपेंद्र कुमार, आशीष खेमका सहित कई लायन उपस्थित थे।

---

### अंग्रेजी भाषा शिक्षण को मिलेगा नया आयाम : डॉ. कुमारी पल्लवी का गवर्नमेंट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में हुआ स्वागत व सम्मान



**रांची** : गवर्नमेंट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज (इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज इन एजुकेशन), कांके, रांची के भाषा एवं साहित्य विज्ञान विभाग द्वारा आज उदय मेमोरियल बी.एड. कॉलेज, रांची में कार्यरत अंग्रेजी विषय की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. कुमारी पल्लवी का महाविद्यालय में गरिमामय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर विभाग की ओर से उन्हें डायरी एवं कलम भेंट कर सम्मानित किया गया। भाषा एवं साहित्य विज्ञान विभाग के शिक्षक डॉ. ओम प्रकाश ने कहा कि डॉ. कुमारी पल्लवी का शैक्षणिक अनुभव, अंग्रेजी भाषा एवं शिक्षण शास्त्र पर उनकी गहरी पकड़ तथा नवाचारी दृष्टिकोण प्रशिक्षु शिक्षकों के लिए अत्यंत प्रेरणादायी सिद्ध होगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके सहयोग से महाविद्यालय में अंग्रेजी भाषा शिक्षण, संप्रेषण कौशल, व्यक्तित्व विकास तथा शोध-आधारित शिक्षण गतिविधियों को नई गति मिलेगी।

---

### हेल्थ और वेल्थ; दोनों के डॉक्टरों का दिन : रोहित शारदा

- श्री राम भरत मिलाप कार्यालय में हुआ सम्मानित समारोह
- चार्टर्ड अकाउंटेंट दम्पति को किया गया सम्मानित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : श्री राम भरत मिलाप समिति के कार्यालय डोरंडा बाजार में आज डॉक्टर दे एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट डे के अवसर पर डॉक्टर और चार्टर्ड अकाउंटेंट दंपति को सम्मानित किया गया। साथ ही प्रत्येक महीना चलने वाले एक्यूप्रेशर नेचुरलथेरेपी कैंप के कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया जो की एक तारीख से 15 तारीख तक प्रत्येक महीना लोगों की सेवा के लिए उपलब्ध रहेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए रोहित शारदा ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज हेल्थ और वेल्थ दोनों के डॉक्टरों का दिन है और दोनों के बिना समाज अधूरा है दोनों की ही आवश्यकता समाज को पड़ती है और यह दिन-रात मेहनत करके अपना योगदान समाज में देते हैं। नेचुरलथेरेपी के अभय बरनवाल , डॉक्टर आनंद बर्मन एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट दंपति मयूर शारदा और खुशबू शारदा को सम्मानित किया गया। नेचुरलथेरेपी के अभय बरनवाल प्रत्येक महीना 1 तारीख से 15 तारीख तक कार्यालय परिसर में अपना योगदान देंगे। इस अवसर पर अभय बरनवाल ने बताया कि उनके द्वारा मेथी दाने ,कलर एवं मैग्नेट से सभी प्रकार के उपचार किए जाते हैं फौज से रिटायरमेंट के बाद वह लोगों की सेवा कर रहे हैं।

---

## राज हॉस्पिटल में परिजनों का हंगामा, डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप





**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : राजधानी के मेन रोड स्थित राज हॉस्पिटल में मंगलवार को उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब एक मरीज के परिजनों ने इलाज में लापरवाही और भारी-भरकम बिल वसूले जाने का आरोप लगाते हुए अस्पताल परिसर में हंगामा किया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। परिजनों के अनुसार, 18 वर्षीय राजू कुमार को पैर में चोट लगने के बाद इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनका आरोप है कि डॉक्टरों ने शुरुआत में मरीज की स्थिति सामान्य बताते हुए ऑपरेशन की सलाह दी, लेकिन इलाज के दौरान उसकी तबीयत लगातार बिगड़ती गयी। परिजनों का कहना है कि संक्रमण बढ़ने के कारण मरीज की हालत गंभीर हो गई और उसे वेंटिलेटर पर रखना पड़ा। परिजनों ने आरोप लगाया कि अस्पताल प्रबंधन ने इलाज के नाम पर करीब 16 लाख रुपये का बिल बना दिया। उनका यह भी कहना है कि जब मरीज की स्थिति अधिक गंभीर हुई तो अस्पताल ने उसे रिम्स रेफर करने की बात कही, जिससे नाराज परिजनों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों से बातचीत कर स्थिति को शांत कराया। समाचार लिखे जाने तक अस्पताल प्रबंधन की ओर से इस मामले में कोई विस्तृत आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया था। चिकित्सकीय लापरवाही के आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है। पुलिस और संबंधित प्रशासनिक स्तर पर मामले की जानकारी ली जा रही है।

---

### वैश्य मोर्चा ने डॉ. वीपी केशरी की मनायी जयन्ती

## डॉ. केशरी को पद्मभूषण की उपाधि देने की मांग



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : 01 जुलाई को रांची के रेडियम रोड़ स्थित आलोका सभागार में झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के तत्वावधान में डॉ. वीपी केशरी जयंती सह विचार-गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कई बुद्धिजीवी, झारखंड आंदोलनकारी, वैश्य मोर्चा पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल हुए। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने किया। जबकि संचालन उप प्रधान महासचिव अशोक गुप्ता एवं केंद्रीय महासचिव आदित्य नारायण प्रसाद ने किया। इस अवसर पर दस बुद्धिजीवियों को शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह दे कर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में प्रगतिशील किसान शिव नारायण साहु (ओरमांझी), शिक्षा क्षेत्र से प्रो. सीमा केशरी, नागपुरी फिल्म कलाकार रमन गुप्ता, कवि महावीर साहु (खूंटी), पूर्व डीएसपी विनोद कुमार (रांची), वरिष्ठ पत्रकार एवं संपादक अशोक कुमार (संथाल एक्स्प्रेस), रजत कुमार गुप्ता (राष्ट्रीय खबर), संजीव कुमार लाल (प्रोग्राम प्रबंधक, आकाशवाणी), वरिष्ठ पत्रकार सुनील चौधरी (प्रभात खबर, रांची) एवं सामाजिक कार्यकर्ता शंकर प्रसाद (टाटीसिलवे) को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. वी पी केशरी के तस्वीर पर पुष्पांजलि दे कर एवं संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।

## एक झलक

### चौपारण थाना कांड के अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**चौपारण** : चौपारण थाना पुलिस ने थाना कांड संख्या 170/26, दिनांक 29 जून 2026, धारा 96 बीएनएस के अभियुक्त मो. अब्बास (पिता-अब्दुल अजीज), निवासी बक्सपुरा, थाना कटकमदाग, जिला हजारीबाग को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद अभियुक्त को न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### कम बारिश के कारण धान की खेती के बजाय वैकल्पिक खेती करें किसान : राकेश

**बरही** : झारखंड में कम मानसून या बारिश की कमी के कारण बीटीएम राकेश कुमार ने किसानों को धान की खेती ना करने की अपील की है। उन्होंने किसानों से अपील किया है कि किसान धान के बजाय कम पानी वाली वैकल्पिक फसलों की खेती करने का आग्रह किया है और संभावित सूखे की स्थिति से निपटने केडी लिए एक विस्तृत आकस्मिक योजना तैयार की है। उन्होंने किसानों से धान के बजाय मक्का, मंडुआ, अरहर, उड़द, मूंग और कुलथी जैसी फसलों की खेती करने की सलाह दी है, जिनमें कम पानी की आवश्यकता होती है। किन्तु अगर किसान धान की खेती करने पर अडिग है, तो उस परिस्थिति में सलाह दी है कि कम अवधि वाली 100 - 110 दिन वाली धान की फसल लगाएं। साथ ही बिचड़ा गिराने का जो तरीका है उसमें बदलाव करते हुए अगर हमें 20 कट्ठा के लिए बिचड़ा तैयार करना है तो पांच - पांच सप्ताह के अंतराल पर गिराएं ताकि मानसून अगर विलंब से आता है तो उस परिस्थिति में हमारा पूरा बिचड़ा बर्बाद होने से बच जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा एक सलाह दी जा रही है कि जितने भी रसायन उर्वरक है, उसके लिए हमें आयात पर निर्भर रहना पड़ रहा है। सरकार द्वारा किसानों को जागरूकता अभियान द्वारा जागरूक किया जा रहा है कि सभी किसान भाई कम से कम रासायनिक खाद्य का प्रयोग करें और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दें। अगर हम लोग इसी तरह रासायनिक खाद्य का उपयोग करते रहेंगे तो आने वाले समय में पूरा भूमि बंजर भूमि में तब्दील जो जायेगा।

### टाउन हॉल में लगेगा दत्तोपंत ठेंगरी रोजगार मेला सह कौशल विकास मेला

**हजारीबाग** : अवर प्रादेशिक नियोजनालय, हजारीबाग द्वारा आगामी 3 जुलाई 2026 को स्थानीय टाउन हॉल, हजारीबाग में दत्तोपंत ठेंगरी रोजगार मेला सह कौशल विकास मेला का आयोजन किया जाएगा। यह मेला सुबह 10:00 बजे पूर्वाह्न से 4:00 बजे अपराह्न तक आयोजित होगा। इस एकदिवसीय रोजगार मेला सह कौशल विकास मेले में विभिन्न निजी कंपनियों द्वारा अलग-अलग रिक्त पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया संपन्न की जाएगी। मेले के माध्यम से विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। हजारीबाग जिले के सभी इच्छुक युवक एवं युवतियां इस मेले में भाग लेकर रोजगार के अवसरों का लाभ उठा सकते हैं। जिला प्रशासन ने जिले के युवाओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस रोजगार मेला में शामिल होकर रोजगार एवं कौशल विकास के इस अवसर का लाभ उठाएं।

रोजगार मेला में भाग लेने हेतु आवश्यक बातें :

योग्य एवं इच्छुक आवेदक जो पूर्व से नियोजनालय में निबंधित नहीं हैं, वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा jharniyojan.jharkhand.gov.in?? पर ऑनलाइन निबंधन करा सकते हैं। रोजगार मेला में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को अपने साथ निम्न दस्तावेज लाना अनिवार्य होगा

सभी मूल शैक्षणिक प्रमाण पत्र एवं अंक पत्र

सभी प्रमाण पत्रों की छायाप्रति

अंचल कार्यालय द्वारा निर्गत आवासीय प्रमाण पत्र

बायोडाटा की दो प्रतियां

दो पासपोर्ट साइज फोटो

जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित हैं, उन्हें पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। यह भी स्पष्ट किया गया है कि उपलब्ध रिक्तियां निजी क्षेत्र से संबंधित हैं, इसलिए चयन प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं रहेगा। साथ ही अभ्यर्थियों को किसी प्रकार का मार्ग व्यय देय नहीं होगा। जिला प्रशासन ने युवाओं से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाते हुए निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर रोजगार प्राप्ति की दिशा में पहल करें। इस दौरान आरसेटी, जेएसएलपीएस एवं जिला कौशल कार्यालय द्वारा मुख्यमंत्री सारथी योजना अंतर्गत विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों का पंजीकरण का कार्य भी किया जाएगा।

# प्रथम तिमाही में नगर निगम को मिला 6.09 करोड़ राजस्व

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**




**हजारीबाग** : वित्तीय वर्ष 2026-27 की प्रथम तिमाही (अप्रैल से जून) में हजारीबाग नगर निगम को विभिन्न वार्डों से कुल 6 करोड़ 9 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। इस अवधि में निगम क्षेत्र में 649 नए हाउसहोल्ड का पंजीकरण भी किया गया है। नगर निगम क्षेत्र में सूचीबद्ध लगभग 42 हजार हाउसहोल्ड से प्रतिवर्ष करीब 18 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त होता है, जो शहर के विकास और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हजारीबाग नगर निगम द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार राजस्व संग्रहण के मामले में वार्ड संख्या 12 सबसे आगे रहा। इस वार्ड से प्रतिवर्ष लगभग 1 करोड़ 2 लाख 2 हजार रुपये का राजस्व प्राप्त होता है, जबकि चालू वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में ही यहां से लगभग 38 लाख रुपये की वसूली की गई है। राजस्व संग्रहण में वार्ड संख्या 5 दूसरे स्थान पर रहा, जहां वार्षिक राजस्व 94 लाख 98 हजार रुपये निर्धारित है और अप्रैल से जून के बीच करीब 38 लाख रुपये जमा हुए हैं। वहीं वार्ड संख्या 13 तीसरे स्थान पर रहा, जहां से प्रतिवर्ष लगभग 92 लाख 20 हजार रुपये राजस्व प्राप्त होता है तथा प्रथम तिमाही में करीब 34 लाख रुपये का संग्रह किया गया है। इसके अलावा वार्ड संख्या 6 से 35 लाख रुपये, वार्ड संख्या 8 से 25.50 लाख रुपये तथा वार्ड संख्या 7 से 20.58 लाख रुपये राजस्व के रूप में प्राप्त हुआ है। दूसरी ओर, वार्ड संख्या 1 राजस्व संग्रहण के मामले में सबसे पीछे रहा। इस वार्ड की वार्षिक देय राशि 20 लाख 32 हजार रुपये है, लेकिन पहली तिमाही में यहां से केवल 6.39 लाख रुपये ही जमा हो सके हैं। नगर निगम प्रशासन ने समय पर होल्डिंग टैक्स एवं अन्य करों का भुगतान करने वाले नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया है। निगम अधिकारियों का कहना है कि नागरिकों द्वारा जमा किए गए कर की राशि से ही शहर में सड़क निर्माण, नाली व्यवस्था, स्वच्छता अभियान, पेयजल आपूर्ति, स्ट्रीट लाइट की स्थापना एवं रखरखाव सहित अन्य आवश्यक सेवाओं का संचालन किया जाता है। हजारीबाग नगर निगम ने बताया कि शहर के समग्र विकास, स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने, पेयजल आपूर्ति में सुधार, प्रकाश व्यवस्था को बेहतर बनाने तथा आधारभूत संरचना के विस्तार के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे समय पर करों का भुगतान करें, ताकि शहर के विकास की गति और तेज हो सके तथा सभी वार्डों में बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

### विस्थापितों के सम्मान में 07 जुलाई को मनाया जायेगा 'बलिदान दिवस'

**विष्णुगढ़** : दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) के स्थापना दिवस आगामी 07 जुलाई को इस वर्ष भी 'बलिदान दिवस' के रूप में मनाने की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। दामोदर घाटी विस्थापित एवं स्थानीय समन्वय समिति की ओर से आयोजन को ऐतिहासिक और व्यापक स्वरूप देने के उद्देश्य से गुरुवार को एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई है। यह बैठक गोविंदपुर मार्ग स्थित हॉस्पिटल चौक, विष्णुगढ़ में हीरामन महतो के आवास पर दोपहर 12 बजे आयोजित होगी, जिसमें कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा पर विचार-विमर्श कर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। समिति के महासचिव उत्पल चक्रवर्ती ने डीवीसी की सभी परियोजनाओं से जुड़े विस्थापित संगठनों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, बुद्धिजीवियों एवं विस्थापित परिवारों से अधिक से अधिक संख्या में बैठक में शामिल होने की अपील की है।

### विशेश्वर प्रसाद स्वर्णकार बने हजारीबाग जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव

**विष्णुगढ़** : कांग्रेस संगठन में विष्णुगढ़ को महत्वपूर्ण प्रतिनिधित्व मिला है। पार्टी के प्रति लंबे समय से समर्पित सेवा, सक्रिय संगठनात्मक भूमिका और जनसरोकारों के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता को देखते हुए विशेश्वर प्रसाद स्वर्णकार को हजारीबाग जिला कांग्रेस कमेटी का सचिव नियुक्त किया गया है। उनका मनोनयन झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अनुमोदन के बाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जय प्रकाश भाई पटेल ने किया। जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में आयोजित कार्यक्रम में मनोनयन पत्र सौंपते हुए जिला अध्यक्ष जय प्रकाश भाई पटेल ने विशेश्वर प्रसाद स्वर्णकार को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वे पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों के अनुरूप पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे तथा जिले में संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने नवनियुक्त जिला सचिव से संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने तथा जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठकों में नियमित रूप से उपस्थित रहने की अपेक्षा भी व्यक्त की।

### देवकी महतो हजारीबाग कांग्रेस कमेटी के महासचिव बने

**चरही** : चरही हजारीबाग जिला कांग्रेस कमेटी महासचिव देवकी महतो को बनाए जाने पर कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने हजारीबाग के लिए कांग्रेस कमेटी के महासचिव देवकी महतो नियुक्त किया गया। कांग्रेस जिला अध्यक्ष जयप्रकाश भाई पटेल ने बधाई व शुभकामना देते हुए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि देवकी महतो के कांग्रेस के प्रति कार्य में निष्ठा और ईमानदारी को देखकर कांग्रेस जिला महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई, जिससे कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। इस मौके पर शिव कुमार बिरसा टुडू, सुखराम टुडू, नागेश्वर महतो, चौलेश्वर महतो, भानु प्रताप सिंह, अभिजीत सिंह, डॉक्टर महेश प्रसाद,रवि जी प्रसाद प्रमोद सिंह तपेसवर रबीदास, अनवर हुसैन, मुंतज़िर अंसारी जावेद अली अजहरुद्दीन अंसारी, शिवलाल मांझी, बिटू चौहान, सुषमा कुमारी रेखा देवी कलावती देवी सहित कई लोगों ने विशेष बधाई दी।

## कोनार में सेल्फी पॉइंट का हुआ उद्घाटन, पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**




**विष्णुगढ़** : कोनार डैम की विकास यात्रा को आगे बढ़ाते हुए दामोदर घाटी निगम के परियोजना प्रधान राणा रणजीत सिंह ने बुधवार को सेल्फी पॉइंट का विधिवत पूजा अर्चना कर उद्घाटन किया। यह सेल्फी पॉइंट सैलानियों को आकर्षित करेगा। पहले से यहां बोटिंग का लुत्फ उठाने के साथ साथ जलीय क्रीड़ा के तमाम इंतजाम हैं। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए परियोजना प्रधान ने कहा कि इस सेल्फी पॉइंट के निर्माण से क्षेत्र में पर्यटन को काफी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि डीवीसी कोनार का यह हृदय स्थल होगा और इसकी अपनी एक विशेष पहचान होगी। यह केवल एक सेल्फी पॉइंट नहीं, बल्कि क्षेत्र की प्रगति का भी परिचायक है। उदघाटन के तुरंत बाद ही स्थानीय ग्रामीणों और वहां से गुजरने वाले राहगीरों में सेल्फी लेने और तस्वीरें खिंचवाने को लेकर जबरदस्त उत्साह देखा गया। कुछ ही देर में इस आकर्षक स्थल पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इस मौके पर डीवीसी के अधिकारियों सहित शिक्षा जगत से जुड़े कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इनमें डीवीसी के वरीय प्रबंधक (विद्युत) विशाल यादव, प्रबंधक (सिविल) गोपाल महतो, दीपक कुमार, रवि रंजन, सहायक प्रबंधक सलीम अख्तर, वरीय चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. बीएन मंडल, प्रबंधक (विद्युत) चंदन कुमार, गौतम कुमार, सीएसआर प्रभारी सुनील कुमार, चंद्रशेखर प्रसाद एवं राउत सोरेन, उच्च विद्यालय के प्राचार्य बीके महतो, मिडिल स्कूल के प्रधानाध्यापक राजेश्वर कुमार रजक व अन्य शामिल हैं।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मातृ भारती का गठन

**हजारीबाग** : सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में विद्या भारती योजनानुसार मातृ भारती का गठन किया गया। उपस्थित अतिथियों द्वारा भारतमाता की समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विद्यालय के प्राचार्य शर्मेंद्र कुमार साहु द्वारा विद्या भारती योजना में मातृ भारती की प्रासंगिकता को विस्तार पूर्वक बताया गया, इन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि मातृ भारती के द्वारा विद्यालय हर दृष्टिकोण से पुष्पित और पल्लवित हो सकता है। इसके विभिन्न गतिविधि भैया बहनों के सर्वांगीण विकास में सहायक होता है। उन्होंने मातृ भारती के गठन के उद्देश्य एवं कार्य पद्धति पर प्रकाश डाला गया। बैठक में सर्वसम्मति से मीरा द्विवेदी को मातृ भारती की अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

### झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक, कमिटी का हुआ पुनर्गठन

## दिलीप यादव अध्यक्ष व ऐनुल बने सचिव

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**इचाक** : झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ प्रखंड इकाई इचाक की बैठक मध्य विद्यालय इचाक की प्रांगण में की गई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष गंदौरी राम जबकि संचालन मो ऐनुल अंसारी ने किया। बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला कार्यकारी अध्यक्ष मनोज कुमार यादव, जिला महासचिव कुमार सत्यपाल, संगठन सचिव विष्णु कुमार एवं नवीन कुमार, उपाध्यक्ष तारकेश्वर सिंह, प्रवक्ता नरेंद्र कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष राजेश्वर राम उपस्थित हुए। पर्यवेक्षक के रूप में जिला के प्रतिनिधि सुनील कुमार सिंह मौंजुद रहे। श्री सिंह के देख रेख में प्रखण्ड कमिटी का पुनर्गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष दिलीप कुमार यादव, सचिव मो ऐनुल अंसारी, उपाध्यक्ष नरेश रजक, संजय कुमार रवि, लक्ष्मी कुमारी और आशुतोष कुमार जबकि उपसचिव अर्जुन कुमार दास, संयुक्त सचिव, बैजनाथ राम और विजय कुमार यादव, संगठन सचिव संजय कुमार यादव और मोहम्मद खालिद इकबाल, कोषाध्यक्ष लक्ष्मण कुमार, उप कोषाध्यक्ष संतोष पासवान को बनाया गया। वहीं मीडिया प्रभारी जयशंकर प्रजापति, प्रवक्ता सिकंदर कुमार मेहता, अंकेक्षक अमित कुमार और फैयाज अहमद, जिला प्रतिनिधि के रूप में दिलीप कुमार मेहता और महिला विंग प्रभारी बबीता कुमारी को बनाया गया है। संगठन को मार्गदर्शन के लिए संरक्षक के रूप में गंदौरी राम और संयोजक के रूप में प्रमोद कुमार को चुना गया। इसके अलावा 14 लोगों को कार्यकारिणी का सदस्य बनाया गया है। जिसमें अजय कुमार मेहता, वासुदेव कश्यप, रितेश शर्मा, संजय कुमार शर्मा, प्रमोद कुमार दास, किशोर कुमार मेहता, विकास कुमार, विवेक कुमार, प्रदीप कुमार, पंकज गुप्ता, कामेश्वर दास, उमेश कुमार, प्रहलाद कुमार गुप्ता, रिकेश कुमार और रामप्रवेश राम शामिल हैं। कमिटी गठन के पश्चात सेवानिवृत शिक्षकों को सम्मानित किया गया। जिसमे गंदौरी राम, चौधरी पासवान, रोहितास नायक, रेणु कुमारी, सरिता कुमारी एव उमा पांडेय शामिल हैं। कुमार सत्यपाल एवं उपस्थित अतिथियों ने कहा कि संगठन की मजबूती आवश्यक है।

## दो गाय चोरी मामले में दो युवकों पर गम्भीर आरोप कार्रवाई की मांग तेज; पुलिस की भूमिका पर उठे सवाल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**कटकमसांडी** : कटकमसांडी प्रखंड के खुटरा गांव में दो गाय चोरी का मामला अब तूल पकड़ने लगा है। पीड़ित ग्रामीण तौसीफ रजा ने पेलावल ओपी में लिखित आवेदन देकर गांव के ही शेख अली और राजा मलिक पर दो गाय चोरी करने, विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने तथा वाहन को नुकसान पहुंचाने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित ने मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई और चोरी गई गायों की बरामदगी की मांग की है। आवेदन के अनुसार, 24 मार्च 2026 की रात करीब 11 बजे उनके घर से एक सफेद और एक काले रंग की गाय चोरी हो गई। पीड़ित का दावा है कि घर से बाहर निकलने पर उन्होंने दोनों आरोपितों को गाय लेकर भागते देखा। रोकने का प्रयास करने पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई। साथ ही उनकी टाटा सूमो की पेट्रोल टंकी में चीनी डालकर वाहन को क्षतिग्रस्त करने का भी आरोप लगाया गया है। पीड़ित ने अपने आवेदन में यह भी उल्लेख किया है कि दोनों नामजद आरोपित पूर्व में भी पशु चोरी सहित अन्य मामलों में संलिप्त रहे हैं। उन्होंने गिरिडीह थाना कांड संख्या 74/26 का हवाला देते हुए दावा किया कि एक अन्य बैल-गाय चोरी मामले में भी राजा मलिक को नामजद आरोपी बनाया गया था। इस पूरे मामले पर खुटरा पंचायत के उपमुखिया तहसीर खान ने चिंता जताते हुए कहा कि क्षेत्र में लगातार गो-तस्करी और पशु चोरी की घटनाएं सामने आ रही हैं।

## आरोग्यम अस्पताल का 10वां वर्षगांठ समारोह व डॉक्टर डे धूमधाम से सम्पन्न

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**हजारीबाग** : शहर के प्रतिष्ठित आरोग्यम अस्पताल में स्थापना दिवस (फाउंडेशन डे), डॉक्टर डे एवं 10वीं वर्षगांठ समारोह का आयोजन भव्य एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। वर्ष 2016 में स्थापित आरोग्यम अस्पताल ने सेवा के 10 सफल वर्ष पूर्ण कर अपने 11वें वर्ष में प्रवेश किया। इस ऐतिहासिक अवसर पर अस्पताल परिसर उत्सव के रंग में रंगा नजर आया। चिकित्सकों, कर्मचारियों, अतिथियों एवं अस्पताल परिवार की गरिमामयी उपस्थिति में केक काटकर स्थापना दिवस एवं डॉक्टर डे का उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अस्पताल के निदेशक हर्ष अजमेरा, प्रशासक जया सिंह, मेडिकल डायरेक्टर डॉ. रजत चक्रवर्ती, लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. बी.एन. प्रसाद तथा न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. राहुल कुमार एवं नर्सिंग कॉलेज की निर्देशिका प्रीति जैन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। समारोह के दौरान अस्पताल से जुड़े सभी चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ, तकनीकी एवं गैर-तकनीकी कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट योगदान, समर्पण एवं सेवा भावना के लिए प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। डॉक्टर डे के अवसर पर सभी चिकित्सकों के चिकित्सा क्षेत्र में दिए गए अमूल्य योगदान की सराहना करते हुए उनका विशेष सम्मान किया गया। कार्यक्रम में अस्पताल की दस वर्षों की उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। बताया गया कि बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के उद्देश्य से 30 मई 2025 को अस्पताल की दूसरी शाखा का शुभारंभ किया गया, जिससे अधिक से अधिक लोगों को आधुनिक एवं सुलभ चिकित्सा सुविधाओं का लाभ मिल रहा है। समारोह का आकर्षण रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम रही जहां संगीत, नृत्य एवं मनमोहक प्रस्तुतियों ने पूरे माहौल को उत्सवमय बना दिया। कलाकारों की शानदार प्रस्तुतियों पर सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा। वहीं एक विशेष सांस्कृतिक प्रस्तुति के माध्यम से चिकित्सकों के समर्पण, सेवा भावना और मानवता के प्रति उनके योगदान को प्रभावशाली ढंग से मंचित किया गया, जिसकी सभी ने मुक्तकंठ से सराहना की। इस अवसर पर कई मरीजों एवं उनके परिजनों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि आरोग्यम अस्पताल ने उन्हें केवल बेहतर उपचार ही नहीं, बल्कि नया जीवन और नया विश्वास भी दिया है।

## पांच साल से बकाया मजदूरी को लेकर पाण्डेयबारा प्लांट में विवाद गहराया

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**चौपारण** : पाण्डेयबारा पंचायत में संचालित जीडी केबल प्लांट (जो राज केसरी के स्थान पर संचालित हो रहा है) में मजदूरों के लंबित भुगतान को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। प्लांट में कार्यरत कर्मियों ने आरोप लगाया है कि पिछले पांच वर्षों से उनका बकाया भुगतान नहीं किया गया है। वहीं, कुछ वाहनों को प्लांट से हटाने के लिए दबाव बनाये जाने की भी शिकायत सामने आई है। मजदूरों की समस्या को लेकर पाण्डेयबारा के समाजसेवी जीतू यादव ने पहल करते हुए प्लांट प्रबंधन के खिलाफ आवाज उठाई। उन्होंने प्लांट के अधिकृत प्रतिनिधि मुकुंद गाड़ोरिया से बातचीत कर मजदूरों का बकाया भुगतान जल्द से जल्द करने की मांग की। जीतू यादव ने कहा कि मजदूरों ने वर्षों तक ईमानदारी से काम किया है। उनकी मेहनत की कमाई रोकना उचित नहीं है। मजदूरों के साथ किसी भी तरह का अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कंपनियां अपना काम निकाल रही हैं, लेकिन मजदूरों की परेशानियों को नजरअंदाज किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बातचीत के दौरान प्लांट प्रतिनिधि की ओर से पहले 15 दिन और फिर एक महीने के अंदर भुगतान करने की बात कही गई, लेकिन बाद में अलग-अलग कारण बताकर मामले को टालने का प्रयास किया गया। इससे नाराज समाजसेवी जीतू यादव ने प्रबंधन को 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। जीतू यादव ने चेतावनी दी कि यदि तय समय के अंदर मजदूरों का बकाया भुगतान नहीं किया गया तो प्लांट का गेट जाम कर आंदोलन किया जायेगा।

## भूली में कांग्रेस ने एसआईआर अभियान की समीक्षा की, बूथों का किया निरीक्षण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**धनबाद** : विशेष गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण (एस आई आर-2026) अभियान के तहत बुधवार को धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी ने भूली नगर क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर अभियान की प्रगति का जायजा लिया। जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस के शहरी क्षेत्र प्रभारी शकील अख्तर, नगर प्रभारी कालीचरण यादव तथा लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष सुखेर भगत ने बूथों का दौरा कर बीएलओ एवं बीएलए-2 के साथ बैठक की। इस दौरान एन्यूमरेशन फॉर्म भरने के कार्य की समीक्षा की गई और घर-घर चल रहे अभियान का निरीक्षण किया गया।कार्यक्रम की शुरूआत नगर कांग्रेस अध्यक्ष गंगा वाल्मीकि के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने बीएलए-2 कार्यकताओं को पहचान-पत्र भी वितरित किए। नेताओं ने मौलाना आजाद हाई स्कूल सहित भूली ए, बी एवं डी ब्लॉक, आजाद नगर, श्याम नगर और भूली बस्ती के बूथ संख्या 1 से 39 तक निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम सूची में शामिल होना जरूरी है। शकील अख्तर ने मतदाता सूची की शुद्धता को लोकतंत्र की आधारशिला बताते हुए कार्यकर्ताओं से पूरी निष्ठा के साथ अभियान में जुटने का आह्वान किया। कालीचरण यादव ने कहा कि कोई भी पात्र मतदाता छूटे नहीं और किसी अपात्र व्यक्ति का नाम सूची में शामिल न हो। कार्यक्रम में नौशाद आलम, शिवली फरीदी, अरुण कुमार मंडल, अजय चौधरी, अजमेरी खातून, राजकुमार प्रसाद, बीएलओ प्रेमलता कुमारी, पुष्पा देवी, नीलम शर्मा, राखी शर्मा, मीरा देवी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं बीएलए-2 उपस्थित थे।

### जागरूकता कार्यक्रम के तहत सीआईएसएफ ने कोनार सबस्टेशन में दी अग्नि सुरक्षा व मॉक ड्रिल की ट्रेनिंग

**विष्णुगढ़** : राष्ट्रीय विद्युत सुरक्षा सप्ताह (26 जून से 02 जुलाई) के मौके पर बुधवार को कोनार सबस्टेशन परिसर में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की बोकारो थर्मल शाखा के अग्नि दमन दस्ता द्वारा आग लगने के कारण एवं बचाव विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सह मॉक ड्रिल कार्यक्रम चलाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उप महाप्रबंधक सह परियोजना प्रधान राणा रंजीत सिंह ने किया। इस मौके पर उन्होंने विद्युत प्रतिष्ठानों में सुरक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कर्मचारियों को हमेशा सतर्क रहने की अपील की।

### हजारीबाग जिला कांग्रेस कमिटी के नवनियुक्त पदाधिकारियो की घोषणा की

## नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**हजारीबाग** : जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक की अध्यक्षता पूर्व मंत्री सह जिला अध्यक्ष जय प्रकाश भाई पटेल ने की। बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश महासचिव सह जिला के प्रभारी राजीव रंजन प्रसाद द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रदेश सचिव सह सदर विधानसभा के प्रभारी मुन्ना पासवान प्रदेश सचिव रेणु कुशवाहा, वरिष्ठ कांग्रेसी दिगम्बर प्रसाद मेहता नगर अध्यक्ष परवेज अहमद उपस्थित थे। नवनियुक्त पदाधिकारियों में शारदा रंजन दुबे को वरीय उपाध्यक्ष बनाया गया है वंही निसार खान, निजामुद्दीन अंसारी, मकसुद आलम, सलीम रजा, लखराज सिंह, सुखदेव प्रसाद यादव, बाबर अंसारी को उपाध्यक्ष बनाया गया है इधर सुनिल अग्रवाल को कोषाध्यक्ष का पद दिया गया है तो संजय कुमार सिंह, असगर अली, संजय कुमार यादव, दिलीप कुमार रवि, विजय कुमार सिंह, कैलाश पति देव, संतोष रजवार, सेवालाल महतो, जय प्रकाश यादव, योद्धी प्रसाद यादव, तारकेश्वर महतो, प्रोफेसर ब्रजकिशोर मेहता, मनीलाल चौधरी, गोपाल पाण्डेय, चितरंजन कुमार गुप्ता, अब्बास अंसारी, दीपक कुमार गप्ता, रघु जायसवाल, कृष्णदेव प्रसाद सिंह, अनिल कुमार राम, रवि शंकर अकेला, राकेश कुमार सिंह, अनिल कुमार राय, मनोज प्रसाद मेहता, जावेद मल्लिक, निरंजन नायक, देवकी महतो का महासचिव बनाया गया है। आगे नरायाण महतो, विशेश्वर स्वर्णकार, वासुदेव, शिबू सोनी, इन्द्रेव सिंह, अजय राणा, कुमारी बाखला, पंचम पासवान, सुनिल साह, जमीरउद्दीन, मनोज पासवान, मौलाना हेलाल अख्तर, बैजू गहलोत, मुकेश सिन्हा, केदार यादव, अभिजीत सिंह, नमिता कुमारी, विजय प्रसाद, कृष्णा प्रसाद कुशवाहा, देवेन्द्र राम, देव चव्हाण, सोनी मेहता, हेमराज प्रसाद, विरेन्द्र पाण्डेय, दाउद अली, भैया असीम कुमार, अभिषेक सिंह, रेवाली पासवान को सचिव पद दिया गया है वहीं मनोज नारायण भगत तथा मोजिम अंसारी को प्रवक्ता पद की जिम्मेवारी दी गई है।

# सांसद ने जारी की अपने दो वर्षों की रिपोर्ट कार्ड, गिनायीं उपलब्धियां

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**हजारीबाग** : बीते 4 जून 2024 को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता ने हजारीबाग लोकसभा चुनाव में एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल को अपना प्रचंड जनादेश देकर उन्हें अपना सांसद चुना। मनीष जायसवाल को कुल 6,54,613 वोट प्राप्त हुए और अपने प्रतिद्वंदी प्रत्याशी से कुल 2,76,686 वोट से चुनाव जीतकर सांसद बने। सांसद बनते ही हर मोर्चे पर मनीष जायसवाल आवाम से सीधे जुड़े और जन सरोकार की बातें सड़क से लेकर देश के सर्वोच्च सदन तक मुखरता से रखा। क्षेत्र के विकास को लेकर हमेशा सजग और जंजारों के लिए सदैव खड़ा रहने वाले सांसद मनीष जायसवाल ने अपने बीते विधायक कार्यकाल के तर्ज. पर सांसद कार्यकाल की दो वर्षों की वार्षिक उपलब्धि को लेकर बुधवार को हजारीबाग के डाक बंगला अवस्थित होटल पैराडाइज रिसॉर्ट सभागार में एक प्रेस-कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अपने दो सालों के रिपोर्ट कार्ड को मीडिया के माध्यम से जनता के समक्ष प्रस्तुत किया। इस दौरान उन्होंने रिपोर्ट पुस्तिका का विमोचन भी किया। इस प्रेस वार्ता की शुरूआत हजारीबाग के भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने करते हुए कहा कि सांसद मनीष जायसवाल जननेता है और जनहित में उनका प्रयास देश के सर्वोच्च सदन संसद से लेकर हजारीबाग लोक सभा क्षेत्र की सड़कों तक सराहनीय है। ज्ञात हो कि साल 2026 में आने वाले 24 जून को उनके संसद में बतौर सांसद शपथ लिए दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण हो गया। दो साल का कार्यकाल पूर्ण होने पर सांसद मनीष जायसवाल ने अपना रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत किया। जिसमें उन्होंने अपने बीते दो वर्षों में संसद में अपनी 96% उपस्थिति बताई। जो स्टेट एवरेज में 86% और नेशनल एवरेज में 85% है। उन्होंने संसद भवन के विभिन्न सत्रों में कुल 211 सवाल उठाए। जो स्टेट एवरेज में 126 और नेशनल एवरेज में 103 है। उन्होंने जनहित और राष्ट्रहित के मामलों में डिबेट में कुल 31 डिबेट में भाग लिया जिसमें स्टेट एवरेज 23.8% और नेशनल एवरेज 20.4% है।

### जोड़ापोखर थाना में एएसआई महावीर यादव को भावभीनी विदाई

**जोड़ापोखर (धनबाद)** : जोड़ापोखर थाना परिसर में बुधवार को सहायक अवर निरीक्षक (एएसआई) महावीर यादव के सम्मान में भावभीनी विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर थाना के अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों ने उनके लंबे, अनुशासित और सराहनीय सेवाकाल को याद करते हुए उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी। समारोह के दौरान उपस्थित अधिकारियों और जवानों ने एएसआई महावीर यादव को फूल-माला पहनाकर सम्मानित किया। स्मृति चिह्न के रूप में उन्हें एक सूटकेस तथा पवित्र ग्रंथ 'श्रीमद्भगवद्गीता' भेंट की गई। वक्ताओं ने कहा कि महावीर यादव ने अपने कार्यकाल में कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी और अनुशासन का परिचय देते हुए पुलिस विभाग की गरिमा को बढ़ाया।

## सदर अस्पताल के ब्लड बैंक परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन, 27 यूनिट रक्त का हुआ संग्रहण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : जिला प्रशासन, हजारीबाग द्वारा 1 जुलाई को सदर अस्पताल के ब्लड बैंक परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वैच्छिक रक्तदान किया। शिविर के दौरान कुल 27 यूनिट रक्त का संग्रहण किया गया। रक्तदान शिविर का उद्देश्य सदर अस्पताल में रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना तथा आमजन को रक्तदान के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर रक्तदाताओं को उनके सामाजिक योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सदर अस्पताल में रक्त की निरंतर उपलब्धता बनाए रखने के उद्देश्य से प्रत्येक माह इस प्रकार के रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। प्रशासन ने सभी नागरिकों से आगे भी ऐसे आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा रक्तदान के लिए दूसरों को प्रेरित करने की अपील की। इसके अतिरिक्त शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं सदर अस्पताल प्रबंधन के चिकित्सक रेड क्रॉस सोसाइटी की ओर से तनवीर सिंह तथा यूथ विंग, हजारीबाग की ओर से रितेश खंडेलवाल सहित विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों ने शिविर के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर 65 होम्योपैथिक चिकित्सक सम्मानित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर धनबाद होमियोपैथिक डॉक्टर्स एसोसिएशन की ओर से बुधवार को होटल रेडिसन में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए बड़ी संख्या में होम्योपैथिक चिकित्सकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद उन्होंने होम्योपैथी चिकित्सा क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 65 चिकित्सकों को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया। अपने संबोधन में एसएसपी प्रभात कुमार ने कहा कि डॉक्टर समाज के लिए भगवान का दूसरा रूप हैं। किसी भी व्यक्ति के जीवन में बीमारी, दुर्घटना या अन्य संकट की घड़ी में चिकित्सक ही सबसे पहले उसकी जान बचाने के लिए आगे आते हैं। उन्होंने कहा कि चिकित्सा केवल एक पेशा नहीं, बल्कि मानवता की सबसे



बड़ी सेवा है। डॉक्टर दिन-रात, हर परिस्थिति में मरीजों की सेवा के लिए समर्पित रहते हैं और कई बार अपने परिवार से दूर रहकर भी लोगों की जिंदगी बचाने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि आधुनिक चिकित्सा विज्ञान के दौर में भी होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति अपनी अलग पहचान बनाए हुए है। होम्योपैथिक चिकित्सक पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ इस चिकित्सा प्रणाली को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने चिकित्सकों से गरीब, जरूरतमंद एवं असहाय लोगों की सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान करते हुए विश्वास जताया कि भविष्य में भी उनका योगदान समाज को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण रहेगा। कार्यक्रम में धनबाद होमियोपैथिक डॉक्टर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने चिकित्सकों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि होम्योपैथी के प्रति लोगों का विश्वास लगातार बढ़ रहा है और संगठन चिकित्सकों के हितों के साथ-साथ जनस्वास्थ्य के क्षेत्र में भी सक्रिय भूमिका निभाता रहेगा।

## डॉक्टर्स डे पर तिलाटांड़ क्षेत्रीय चिकित्सालय में चिकित्सकों का सम्मान

**बाघमारा (धनबाद) :** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर बुधवार को क्षेत्रीय चिकित्सालय तिलाटांड़ में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। महान चिकित्सक एवं भारत रत्न डॉ. बिधान चंद्र रॉय की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में कतरास क्षेत्र-4 के चिकित्सकों को स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आशा कुमारी, उप चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अमरेश कुमार, डॉ. रितेश कुमार पांडेय, वरीय चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रीतम कुमार तथा डॉ. मोहर राय को चिकित्सालय के कर्मचारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान उपस्थित कर्मचारियों ने चिकित्सकों की सेवा भावना, समर्पण और मरीजों के प्रति उनकी कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की। चिकित्सकों ने भी मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने, मानवीय संवेदनाओं के साथ उपचार करने तथा अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करने का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि मरीजों की सेवा ही चिकित्सकों का सर्वोच्च धर्म है और इसी भावना के साथ वे आगे भी कार्य करते रहेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में दीपक कुमार, शैलेंद्र, राजीव, विवेक हजारी, राजेश साव सहित चिकित्सालय के अन्य कर्मचारियों की सक्रिय भूमिका रही। समारोह सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।



## दिव्यांग बच्चों के लिए लगा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर



**धनबाद :** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर बुधवार को जगजीवन नगर स्थित नारायणी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित विशेष दिव्यांग विद्यालय 'पहला कदम' में दिव्यांग बच्चों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि डॉ. विनीता अग्रवाल ने बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया। साथ ही अभिभावकों को बच्चों के संतुलित पोषण, स्वच्छता, नियमित स्वास्थ्य जांच और विशेष देखभाल से संबंधित महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। विद्यालय की ओर से डॉ. विनीता अग्रवाल को चिकित्सा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि चिकित्सक समाज के सच्चे सेवक हैं, जो लोगों को स्वस्थ जीवन प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यालय की सचिव अनीता अग्रवाल ने कहा कि दिव्यांग बच्चों का बेहतर स्वास्थ्य संस्थान की सर्वोच्च प्राथमिकता है। राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर आयोजित यह शिविर डॉक्टरों के प्रति सम्मान व्यक्त करने के साथ-साथ बच्चों और उनके अभिभावकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का भी प्रयास है। उन्होंने बताया कि भविष्य में भी समय-समय पर ऐसे निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए जाएंगे, ताकि दिव्यांग बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें और वे स्वस्थ एवं आत्मनिर्भर जीवन की ओर आगे बढ़ सकें।

# झरिया में ट्रांसफार्मर व पेयजल योजना का शुभारम्भ, हजारों लोगों को मिलेगी राहत

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झरिया (धनबाद) :** झरिया विधानसभा क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में विधायक रागिनी सिंह ने बुधवार को कई विकास योजनाओं का शुभारंभ किया। उन्होंने झरिया चार नंबर बस स्टैंड के समीप हेटलीबांध क्षेत्र में नए विद्युत ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। साथ ही कोईरीबांध, बर्फक ल और चंडी मंदिर क्षेत्र में नए पेयजल कनेक्शन कार्य की भी शुरुआत की। हेटलीबांध के लोग लंबे समय से लो वोल्टेज और अनियमित बिजली आपूर्ति की समस्या से जूझ रहे थे। नए ट्रांसफार्मर के चालू होने से क्षेत्र की बिजली व्यवस्था में सुधार होगा



और उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली मिल सकेगी। स्थानीय लोगों ने इसे वर्षों पुरानी समस्या के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। वहीं कोईरीबांध, बर्फक ल और चंडी मंदिर क्षेत्र में लंबे समय से बनी पेयजल समस्या को दूर करने के लिए नई जलापूर्ति योजना शुरू की गई। योजना पूरी होने के बाद एक हजार से अधिक लोगों को नियमित और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होगा, जिससे क्षेत्र के हजारों परिवारों को राहत मिलेगी। इस अवसर पर विधायक रागिनी सिंह ने कहा कि झरिया की जनता को बिजली, पेयजल और अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के प्रत्येक मोहल्ले तक विकास कार्य पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और आगे भी जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जायेगी।

कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी, भाजपा कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों ने इन योजनाओं का स्वागत करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र की बिजली और पेयजल व्यवस्था में व्यापक सुधार होगा।

## धनबाद सदर अस्पताल के एमएनसीयू ने नवजात को दी नयी जिंदगी

**धनबाद :** धनबाद सदर अस्पताल के मदर न्यूबॉर्न केयर यूनिट (एमएनसीयू) ने गंभीर संक्रमण (सीवियर नियोनेटल सेप्सिस) से जूझ रहे एक नवजात को नया जीवन देकर सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था पर भरोसा और मजबूत किया है। देवघर निवासी अन्नु कुमारी और किशोर कुमार साव के नवजात की हालत बिगड़ने पर स्थानीय अस्पताल ने जवाब दे दिया था, जिसके बाद परिजन 22 जून की रात उसे लेकर धनबाद सदर अस्पताल पहुंचे। एमएनसीयू में जांच के दौरान नवजात के रक्त में गंभीर संक्रमण की पुष्टि हुई। चिकित्सकों ने तत्काल गहन चिकित्सा और एंटीबायोटिक उपचार शुरू किया। करीब एक सप्ताह के इलाज के बाद बच्चे की स्थिति में लगातार सुधार हुआ और अब वह लगभग पूरी तरह स्वस्थ होने की ओर है। चिकित्सकों के अनुसार बीमारी करीब 90 प्रतिशत तक नियंत्रित हो चुकी है तथा तीन-चार दिनों में बच्चे को अस्पताल से छुट्टी दिये जाने की संभावना है। बच्चे की मां अन्नु कुमारी ने भावुक होकर कहा कि एमएनसीयू के डॉक्टर और नर्स उनके लिए भगवान के समान हैं।

# अवैध देशी शराब बिक्री से त्रस्त महिला ने पुलिस से लगायी गुहार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बाघमारा (धनबाद) :** महुदा थाना क्षेत्र के पांडेडीह चिंगड़ा गांव में अवैध देशी शराब की बिक्री से परेशान एक महिला ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। गांव की निवासी पार्वती देवी ने बुधवार को महुदा थाना प्रभारी को लिखित आवेदन सौंपकर घर के समीप अवैध शराब बिक्री बंद कराने की गुहार लगाई। आवेदन में पार्वती देवी ने आरोप लगाया है कि उनके घर के बगल में रहने वाला एक व्यक्ति कथित रूप से अवैध देशी शराब का कारोबार करता है। इसके कारण सुबह से रात करीब 10 बजे तक शराब पीने वालों का जमावड़ा लगा रहता है। उन्होंने कहा कि नशे में धुत लोग गाली-गलौज और अभद्र व्यवहार करते हैं, जिससे आसपास का माहौल खराब हो गया है। महिला के अनुसार, इस स्थिति से गांव की महिलाओं, बच्चों और परिवार के अन्य सदस्यों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि राशन लाने तथा अन्य दैनिक कार्यों के लिए घर से बाहर निकलने में भी भय बना रहता है।

## दुष्कर्म मामले में दोषी को 10 साल की सजा, तोपचांची कांड में अदालत का फैसला

**धनबाद :** धनबाद की व्यवहार न्यायालय ने वर्ष 2018 के चर्चित तोपचांची थाना कांड संख्या 23/18 में अहम फैसला सुनाते हुए अभियुक्त चुन्नीलाल ठाकुर को दुष्कर्म का दोषी करार दिया। अदालत ने भारतीय दंड संहिता की धारा 376 के तहत दोष सिद्ध होने पर 10 वर्ष के कठोर कारावास तथा 10 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई। जुमार्ना अदा नहीं करने की स्थिति में अभियुक्त को नियमानुसार अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अदालत ने अभियुक्त को धारा 452 के तहत भी दोषी मानते हुए 5 वर्ष के कारावास और 10 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई। न्यायालय के इस फैसले को महिला अपराधों के मामलों में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मामले की जांच सहायक अवर निरीक्षक राघवेंद्र प्रसाद ने की थी। वहीं, न्यायालय में अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक (एपीपी) राजीव

## गोविन्दपुर की बिवरेजेस कम्पनी में आधी रात छापेमारी, शराब स्टॉक का किया गया सत्यापन

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के निर्देश पर बुधवार देर रात जिला प्रशासन और उत्पाद विभाग की संयुक्त टीम ने गोविन्दपुर के देवली स्थित मेसर्स ब्लैक ब्रियू बिवरेजेस प्राइवेट लिमिटेड में औचक निरीक्षण किया। रात करीब 1.30 बजे पहुंची टीम ने कंपनी परिसर में प्रवेश कर विदेशी एवं देशी शराब के स्टॉक का भौतिक सत्यापन किया। जांच के दौरान कंपनी प्रबंधक की मौजूदगी में विदेशी शराब के गोदाम में ओल्ड हैबिट प्रीमियम व्हिस्की, बॉटम्स अप व्हिस्की तथा ओल्ड हैबिट रम की विभिन्न क्षमता वाली कुल हजारों पेटियों की गिनती की गई। वहीं देशी शराब गोदाम में धनबाद नंबर-01 और झारखंड नंबर-01 ब्रांड की विभिन्न क्षमता वाली पेटियों का भी सत्यापन किया गया। उपायुक्त ने बताया कि जांच के दौरान कोई भी अवैध शराब या अनियमित स्टॉक नहीं मिला। गोदाम एवं फैक्ट्री में उपलब्ध सभी ब्रांडों का मिलान कंपनी के अभिलेखों से किया गया, जो सही पाया गया।

# जर्जर भवन से हटेगा कतरास बाजार उप डाकघर, नये भवन की तलाश शुरू



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बाघमारा (धनबाद) :** कतरास बाजार स्थित उप डाकघर जल्द ही नये भवन में स्थानांतरित किया जायेगा। मौजूदा भवन की अत्यंत जर्जर और खतरनाक स्थिति को देखते हुए डाक विभाग ने सुरक्षित स्थान की तलाश शुरू कर दी है। विभाग का कहना है कि कर्मचारियों और उपभोक्ताओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। जानकारी के अनुसार, वार्ड संख्या-1 की पार्षद डॉ. मधुमाला ने 06 जून 2026 को वरिष्ठ डाक अधीक्षक, धनबाद को पत्र भेजकर उप डाकघर भवन की जर्जर स्थिति की ओर ध्यान आकर्षित किया था। शिकायत के बाद विभागीय जांच करायी गयी, जिसमें भवन को उपयोग के लिए असुरक्षित पाया गया। जांच रिपोर्ट के अनुसार भवन का पिछला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है। बरसात के दौरान छत से लगातार पानी टपकने के कारण सरकारी कार्य प्रभावित हो रहे हैं। कर्मचारी जान जोखिम में डालकर काम करने को मजबूर हैं और किसी भी समय बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ डाक अधीक्षक, धनबाद ने डाक निरीक्षक को निर्देश दिया है कि कतरास बाजार उप डाकघर के लिए शीघ्र सुरक्षित एवं उपयुक्त किराए या किराया-मुक्त भवन की तलाश की जाए। नए भवन में स्थानांतरण के बाद डाक सेवाओं का संचालन सुचारु रूप से किया जाएगा तथा कर्मचारियों और आम नागरिकों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जायेगा।

## सीबीएसई ने प्रमोद कुमार को धनबाद का उप नगर समन्वयक बनाया

**धनबाद :** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने बड्स गार्डेन स्कूल, दलूडीह (राजगंज) के प्राचार्य प्रमोद कुमार को धनबाद क्षेत्र का उप नगर समन्वयक (डिप्टी सिटी कोऑर्डिनेटर) नियुक्त किया है। इस संबंध में सीबीएसई के क्षेत्रीय कार्यालय, रांची के क्षेत्रीय अधिकारी रामवीर ने 29 जून 2026 को नियुक्ति पत्र जारी किया। प्रमोद कुमार वर्तमान में सहोदया कॉम्प्लेक्स, धनबाद चैप्टर के वाइस चेयरमैन हैं। वे पिछले 16 वर्षों से बड्स गार्डेन स्कूल के प्राचार्य के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। सीबीएसई ने उनकी प्रशासनिक दक्षता, लंबे अनुभव और बोर्ड के कार्यों के प्रति प्रतिबद्धता को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी है। उप नगर समन्वयक के रूप में वे नगर समन्वयक के साथ मिलकर सीबीएसई की बोर्ड परीक्षाओं एवं अन्य गतिविधियों का निष्पक्ष, पारदर्शी और सुचारू संचालन सुनिश्चित करेंगे। साथ ही बोर्ड के दिशा-निर्देशों का प्रभावी अनुपालन कराने की भी जिम्मेदारी निभाएंगे।

# साइबर गैंग के नौ अंतरराज्यीय अपराधी गिरफ्तार, 12 मोबाइल व 17 एटीएम कार्ड समेत 50 हजार बरामद



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** धनबाद पुलिस ने साइबर अपराध के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल करते हुए सरायढेला थाना क्षेत्र स्थित होटल न्यू हरि-इन में छापेमारी कर अंतरराज्यीय साइबर गिरोह के नौ सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 12 एंड्रॉयड मोबाइल फोन, 17 सिम कार्ड, 17 एटीएम कार्ड, चार यूपीआई क्यूआर कोड, चेकबुक, पासबुक तथा 50 हजार रुपये नकद बरामद किए गए हैं। मामले की जानकारी बुधवार को आयोजित प्रेस वार्ता में पुलिस अधिकारियों ने दी। पुलिस के अनुसार, गिरोह विभिन्न लोगों के नाम पर खोले गए म्यूल बैंक खातों का उपयोग साइबर ठगी और ऑनलाइन गेमिंग के जरिए प्राप्त अवैध धनराशि के लेन-देन के लिए करता था। वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस उपाधीक्षक (सीसीआर) के मार्गदर्शन में साइबर थाना की विशेष टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर होटल के कमरा संख्या 103 और 108 में छापेमारी कर सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में धनबाद, बिहार, ओडिशा और गोड्डा के रहने वाले युवक शामिल हैं। सभी के विरुद्ध साइबर थाना कांड संख्या 36/26, दिनांक 30 जून 2026 के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि गिरोह ऑनलाइन गेमिंग एप संचालकों को म्यूल बैंक खाते उपलब्ध कराता था, जिनके माध्यम से साइबर ठगी की रकम का हस्तांतरण किया जाता था। पुलिस को आशंका है कि इस नेटवर्क के जरिए भारतीय मुद्रा विदेशों तक भेजी जा रही थी, जिससे देश की अर्थव्यवस्था पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। पुलिस ने बताया कि गिरोह का मुख्य सरगना और अन्य सहयोगी अभी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है। जब्त मोबाइल फोन, बैंक खातों और अन्य डिजिटल दस्तावेजों की फॉरेंसिक जांच कर पूरे नेटवर्क का पता लगाया जा रहा है।

## तालाब में नहाने गयी महिला पर चाकू से हमला करनेवाला आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल



**बाघमारा (धनबाद) :** महुदा थाना क्षेत्र के राधानगर गांव में महिला पर चाकू से जानलेवा हमला करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को महुदा पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। आरोपी की गिरफ्तारी बुधवार को उस समय हुई, जब वह अपने भाई के अंतिम संस्कार में शामिल होने गांव आया था। पुलिस पहले से उसकी तलाश में जुटी थी और सूचना मिलते ही उसे दबोच लिया। जानकारी के अनुसार, 24 मई की दोपहर राधानगर निवासी शंकर दास की पत्नी गीता देवी गांव के तालाब में स्नान करने गई थीं। आरोप है कि उसी दौरान गांव के भीम सिंह (45) ने उनके साथ गलत हरकत की। विरोध करने पर आरोपी ने चाकू से हमला कर दिया, जिससे महिला के हाथ और गर्दन पर गंभीर चोटें आईं। घायल अवस्था में किसी तरह वह वहां से भागीं और परिजनों को घटना की जानकारी दी। घटना के बाद परिजन महिला को लेकर महुदा थाना पहुंचे, जहां आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई। उपचार के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की, लेकिन आरोपी फरार हो गया था। महुदा थाना पुलिस ने बताया कि कांड संख्या 31/2026 में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 126(2), 74, 118(2), 109 सहित अन्य प्रासंगिक धाराओं के तहत मामला दर्ज है। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी को बुधवार को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि मामले में आगे की जांच जारी है।

# एनसीडब्ल्यूए-12 लागू करने और लेबर कोड वापस लेने की मांग, जेसीएमयू ने मनाया मांग दिवस

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** बीसीसीएल कुसुंडा क्षेत्र संख्या-6 की न्यू गोधर कुसुंडा कोलियरी में बुधवार को झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन (जेसीएमयू) की ओर से ₹मांग दिवस₹ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम केंद्रीय ट्रेड यूनियन (सीटू) के राष्ट्रव्यापी आह्वान और जेसीएमयू के केंद्रीय महासचिव फागू बेसरा के निर्देश पर आयोजित हुआ। इसमें बड़ी संख्या में मजदूरों, यूनियन पदाधिकारियों और सदस्यों ने भाग लेकर अपनी विभिन्न मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया। मजदूरों ने यूनियन के झंडे-बैनर के साथ प्रदर्शन करते हुए 12वें राष्ट्रीय कोयला वेतन समझौते (एनसीडब्ल्यूए-12) को शीघ्र लागू करने तथा चारों नए श्रम संहिताओं (लेबर कोड) को वापस



लेने की मांग उठाई। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि कोयला मजदूरों के हितों, सम्मानजनक वेतन और श्रमिक अधिकारों की रक्षा के लिए लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण आंदोलन आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने मजदूरों से संगठित रहकर अपने अधिकारों की लड़ाई को और मजबूत बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जेसीएमयू कुसुंडा क्षेत्र के सचिव अजय रवानी और अध्यक्ष अभिषेक कुमार की प्रमुख भूमिका रही। इस अवसर पर न्यू गोधर कुसुंडा कोलियरी सचिव राजेश राम, जोन सदस्य महादेव हांसदा, किशोर मुर्मू, धर्मेंद्र साव, नंदलाल, मुन्ना पासवान, बिरजू भुइयां, पाचू गोपाल बाउरी, कमलेश नोनिया, अवधेश कुमार, पप्पी खान, टिक्की कुमार सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे। वहीं पीबी एरिया के एरिया सचिव मिथुन यादव, क्षेत्र अध्यक्ष अश्विनी कुमार, शमसाद अंसारी और जितेंद्र पासवान ने भी कार्यक्रम में भाग लेकर मजदूरों की मांगों का समर्थन किया। कार्यक्रम का समापन 'मजदूर एकता जिंदाबाद', 'झंडा बुलंद रहे हमारा' और 'झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन जिंदाबाद' के नारों के साथ हुआ।

## लॉ कॉलेज पहुंचा न्याय रथ, विधि छात्रों को कानूनी अधिकारों व योजनाओं की दी जानकारी



**धनबाद :** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) के जन-जागरूकता अभियान के तहत संचालित 'जस्टिस रूट' (न्याय रथ) बुधवार को लॉ कॉलेज, धनबाद पहुंचा। इस दौरान विधि के छात्र-छात्राओं को संविधान प्रदत्त कानूनी अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता, लोक अदालत, मध्यस्थता, महिला एवं बाल संरक्षण कानूनों तथा विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सह और न्यायाधीश मयंक तुषार टोपनो ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाना राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण का मुख्य उद्देश्य है। इसके लिए न्याय रथ के माध्यम से गांव-गांव और शिक्षण संस्थानों में लोगों को उनके अधिकारों एवं कानूनी प्रक्रियाओं के प्रति जागरूक किया जा रहा है। छात्रों को बताया गया कि आर्थिक रूप से कमजोर, महिलाओं, बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों तथा दिव्यांगजनों को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने की व्यवस्था है। कार्यक्रम के दौरान न्याय रथ में प्रदर्शित ऑडियो-वीडियो सामग्री, पोस्टर एवं सूचना पुस्तिकाओं के माध्यम से विभिन्न कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। छात्रों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कानून से जुड़े कई सवाल पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने विस्तार से जवाब दिया। वक्ताओं ने विधि के छात्रों से अपील की कि वे भविष्य में समाज में कानूनी जागरूकता फैलाने में सक्रिय भूमिका निभाएं और जरूरतमंद लोगों को न्याय दिलाने में सहयोग करें।

## टाटा सिजुआ ग्रुप ने लगाया अग्नि सुरक्षा जागरूकता शिविर

# ग्रामीणों को दिये गये बचाव के गुर

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बाघमारा (धनबाद) :** आगजनी की घटनाओं से बचाव एवं आपातकालीन परिस्थितियों में सही तरीके से प्रतिक्रिया देने के उद्देश्य से टाटा सिजुआ ग्रुप के सुरक्षा विभाग एवं फायर फाइटर टीम की ओर से बुधवार को टिस्को मलकेरा प्राथमिक विद्यालय परिसर में अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण सह जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों एवं छात्र-छात्राओं को आग से बचाव के व्यावहारिक उपायों की जानकारी दी गई। फायर फाइटर नितिन यादव एवं अमित यादव ने बताया कि आग लगने की स्थिति में घबराने के बजाय तुरंत सतर्कता बरतनी चाहिए। उन्होंने आग का तापमान कम करने के लिए पानी का उपयोग, आग पर गीली बोरी या कंबल डालकर ऑक्सीजन का संपर्क रोकने तथा आसपास रखे ज्वलनशील पदार्थों को हटा कर आग को फैलने से रोकने के उपाय विस्तार से समझाए। साथ ही फायर एक्सटिंग्विशर के सही और समय पर उपयोग का प्रशिक्षण भी दिया गया। शिविर के दौरान एलपीजी गैस सिलेंडर से जुड़ी सुरक्षा संबंधी जानकारी



प्रायोगिक प्रदर्शन के माध्यम से दी गई। प्रशिक्षकों ने घरेलू गैस रिसाव, सिलेंडर में आग लगने और ऐसी स्थिति में अपनाई जाने वाली सावधानियों के बारे में लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम में करीब 200 छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर टाटा सिजुआ ग्रुप के सिक्यूरिटी मैनेजर रिंकू गुप्ता सहित विद्यालय के शिक्षक, सुरक्षा विभाग के कर्मी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। शिविर के अंत में लोगों से अग्नि सुरक्षा के प्रति हमेशा सतर्क रहने और सीखी गई जानकारियों को अपने परिवार एवं समाज तक पहुंचाने की अपील की गई।

# कम वर्षा के बीच किसानों तक पहुंचेगी वैज्ञानिक खेती की जानकारी, डिजिटल 'बिरसा कृषि रथ' रवाना

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** जिले में कम वर्षा और बदलते मौसम की चुनौती के बीच किसानों को वैज्ञानिक खेती की जानकारी उपलब्ध कराने तथा कृषि योजनाओं का लाभ गांव-गांव तक पहुंचाने के उद्देश्य से बुधवार को समाहरणालय परिसर से डिजिटल 'बिरसा कृषि रथ' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उप विकास आयुक्त (डीडीसी) सन्नी राज ने रथ को रवाना करते हुए कहा कि अगले 15 दिनों तक यह रथ जिले के सभी प्रखंडों की प्रत्येक पंचायत में भ्रमण कर किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक, मौसम आधारित खेती और सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देगा। डीडीसी सन्नी राज ने कहा कि इस वर्ष सुपर अल-नीनो के प्रभाव के कारण सामान्य से कम वर्षा



होने की संभावना है। ऐसे में किसानों के लिए सही फसल का चयन और कृषि वैज्ञानिकों की सलाह पहले से अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। उन्होंने कहा कि बिरसा कृषि रथ के साथ कृषि वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों की टीम गांव-गांव जाकर किसानों को मिट्टी की जांच, जैविक खेती, फसल विविधीकरण, जल संरक्षण, आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग तथा उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी देगी। साथ ही किसानों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान कर उन्हें आवश्यक तकनीकी परामर्श भी उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि रथ के माध्यम से बिरसा हरित ग्राम योजना सहित राज्य सरकार की विभिन्न कृषि एवं कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। इसके अलावा मुख्यमंत्री और कृषि मंत्री का किसानों के नाम संदेश भी प्रसारित होगा, ताकि किसान बदलते मौसम के प्रति सजग रहकर समय पर उचित निर्णय ले सकें और सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठा सकें। डीडीसी ने कहा कि डिजिटल बिरसा कृषि रथ किसानों और कृषि विभाग के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है। उन्नत कृषि पद्धतियों को अपना कर किसान उत्पादन बढ़ाने के साथ अपनी आय में भी वृद्धि कर सकते हैं। अभियान का उद्देश्य जिले के अंतिम छोर तक बसे प्रत्येक किसान तक वैज्ञानिक कृषि की जानकारी पहुंचाना है। रथ रवाना करने के अवसर पर जिला कृषि पदाधिकारी अभिषेक मिश्रा, कृषि विज्ञान केन्द्र के वरीय वैज्ञानिक डॉ. अनिल कुमार, जिला उद्यान पदाधिकारी जनार्दन शर्मा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह, उप परियोजना निदेशक मोतीलाल तथा सहायक तकनीकी प्रबंधक संतोष कुमार सहित कृषि विभाग के कई अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## स्कूल परिसरों में शिफ्ट होंगे आंगनवाड़ी केन्द्र, डीडीसी ने अफसरों को दिये जरूरी निर्देश

**धनबाद :** जिले के आंगनवाड़ी केंद्रों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने और बुनियादी सुविधाओं से सुसज्जित करने की दिशा में प्रशासन ने पहल तेज कर दी है। बुधवार को उप विकास आयुक्त (डीडीसी) सन्नी राज ने समीक्षा बैठक कर सरकारी विद्यालयों के निकट अथवा उनके परिसरों में आंगनवाड़ी केंद्रों के स्थानांतरण की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभागों को इस कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में डीडीसी ने सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। जिन केंद्रों में अब तक बिजली कनेक्शन उपलब्ध नहीं है, वहां तत्काल कनेक्शन लेने की प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया गया। साथ ही प्रत्येक केंद्र में स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। डीडीसी सन्नी राज ने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्र बच्चों के सर्वांगीण विकास की पहली कड़ी हैं। ऐसे में बिजली और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से



समयबद्ध तरीके से सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी करने और नियमित निगरानी रखने को कहा। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा, जेबीवीएनएल के कार्यकारी विद्युत अभियंता शिवेंद्र कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी स्नेह कश्यप सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में आंगनवाड़ी केंद्रों को विद्यालय परिसरों से जोड़ने की योजना को बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा और पोषण व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया गया।

## एक झलक

### सिन्दरी के लिए जल्द आएगी आवास नीति, एफसीआईएल सीएमडी ने दिया भरोसा

**सिन्दरी (धनबाद) :** सिन्दरी के वर्षों पुराने आवास विवाद के समाधान की दिशा में अहम पहल हुई है। एफसीआईएल प्रबंधन ने सिंदरी के लिए शीघ्र आवास नीति घोषित करने का भरोसा दिया है। यह जानकारी एफसीआईएल के सीएमडी सह केंद्रीय उर्वरक मंत्रालय के उप सचिव कुंतल सेन शर्मा ने दिल्ली में सिंदरी बचाओ सामूहिक मोर्चा के सदस्य अरविंद पाठक को दी। अरविंद पाठक सांसद ढुल्लू महतो के सहयोग से सीएमडी से उनके कार्यालय में मिले और मोर्चा की ओर से तैयार ज्ञापन सौंपा। मोर्चा के संयोजक एवं सेवानिवृत्त डीएसपी रविंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि ज्ञापन में विस्थापन से पूर्व पारदर्शी आवास नीति लागू करने की मांग की गई है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2002 में सिंदरी खाद कारखाना बंद होने के बाद केंद्र सरकार ने लीज पर आवास आवंटन का निर्देश दिया था, लेकिन लंबे समय तक इसका लाभ नहीं मिल सका। वर्ष 2024 में एमनेस्टी स्कीम के तहत लीज की सुविधा शुरू हुई, पर इसकी शर्तें आम लोगों की पहुंच से बाहर रहीं। मोर्चा ने डोमगढ़, मनोहरटांड़ और एसएल-2 क्षेत्र के निवासियों को विस्थापन से पहले वैकल्पिक पुनर्वास उपलब्ध कराने, लीज प्रक्रिया की समीक्षा, वर्षों से रह रहे लोगों के लिए स्थायी आवास की व्यवस्था तथा खाली भूमि पर पुनर्वास कॉलोनियां विकसित करने की मांग की है। रविंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि सिंदरी के आवास का मुद्दा अब दिल्ली तक पहुंच चुका है और मोर्चा इस लड़ाई को निर्णायक मुकाम तक पहुंचाने के लिए संघर्ष जारी रखेगा।

### एलआईसी सिन्दरी शाखा में एआईईईएस का 76वां स्थापना दिवस मना

**सिंदरी (धनबाद) :** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की सिंदरी शाखा में बुधवार को आल इंडिया इंश्योरेंस एम्पलाइज एसोसिएशन (एआईईईए) का 76वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शाखा अध्यक्ष प्रदीप कुमार मरांडी द्वारा संगठन का ध्वजारोहण कर की गई। इस अवसर पर कर्मचारियों ने संगठन की एकजुटता और कर्मचारी हितों की रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। शाखा सचिव अर्जुन तिवारी ने एआईईईए की स्थापना, उसके 76 वर्षों के संघर्ष, उपलब्धियों तथा बीमा कर्मचारियों के अधिकारों और सामाजिक सुरक्षा के लिए किए गए कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संगठन ने हमेशा कर्मचारियों के हितों की रक्षा के साथ-साथ सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा सेवाओं को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कार्यक्रम के अंत में उपाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया। समारोह में श्वेता कुमारी, श्वेता सिंह, संजू कुमारी, पारसनाथ पांडेय, श्यामा पद महतो, प्रदीप सरकार, ताराचंद सहित सहित शाखा के कर्मचारी और संगठन के सदस्य मौजूद रहे।

### नुनुडीह में न्यू साई सेवा सदन हॉस्पिटल का शुभारम्भ, 24 घंटे मिलेगी स्वास्थ्य सेवा

**पाथरडीह (धनबाद):** झरिया-सिंदरी मुख्य मार्ग स्थित नुनुडीह मोड़ के गोपाल मेंशन में बुधवार को न्यू साई सेवा सदन हॉस्पिटल का विधिवत शुभारंभ किया गया। अस्पताल का उद्घाटन धनबाद के पूर्व मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी (पूर्व सीएमओ) डॉ. बी.बी. पाठक ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र में आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता से स्थानीय लोगों को बेहतर इलाज का लाभ मिलेगा। अस्पताल के संचालक मनोज कुमार वर्णवाल ने बताया कि यहां मरीजों के लिए 24 घंटे चिकित्सा सेवा उपलब्ध रहेगी। अनुभवी चिकित्सकों की देखरेख में विभिन्न रोगों का उपचार किया जाएगा। अस्पताल में डिजिटल एक्स-रे, ईसीजी, पैथोलॉजी जांच सहित अन्य आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे लोगों को इलाज के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। शुभारंभ समारोह में डॉ. एस.ए. खान, डॉ. अशोक शर्मा, डॉ. दीपक गोराई, डॉ. डी.के. वर्णवाल, डॉ. पी.के. सिंह, संजीत सिंह समेत कई चिकित्सक, गणमान्य नागरिक एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे। उद्घाटन के अवसर पर अस्पताल प्रबंधन ने बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने का संकल्प दोहराया।

### पुटकी थाना के औचक निरीक्षण में लम्बित मामलों के शीघ्र निष्पादन पर जोर

**धनबाद :** वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) एस. मोहम्मद याकूब ने बुधवार को पुटकी थाना का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान थाना प्रभारी वकार हुसैन सहित सभी पुलिस पदाधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान ग्रामीण एसपी ने थाना की कार्यप्रणाली, कानून-व्यवस्था और लंबित कांडों की समीक्षा करते हुए अनुसंधान में तेजी लाने तथा अपराध नियंत्रण को लेकर आवश्यक निर्देश दिये।

## सम्पादकीय.....

## भारत के सामने नयी सुरक्षा चुनौती

**भारत** और बांग्लादेश के संबंध दक्षिण एशिया की सबसे महत्वपूर्ण द्विपक्षीय साझेदारियों में गिने जाते रहे हैं। वर्ष 1971 में बांग्लादेश के स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में उदय में भारत की निर्णायक भूमिका रही थी। दोनों देशों ने दशकों तक सुरक्षा, व्यापार, जल बंटवारे, सीमा प्रबंधन और सांस्कृतिक संबंधों के क्षेत्र में उल्लेखनीय सहयोग किया। किंतु पिछले कुछ समय से बांग्लादेश की आंतरिक राजनीति, उसकी सैन्य सोच और विदेश नीति में दिखाई दे रहे बदलावों ने नई चिंताओं को जन्म दिया है। विशेष रूप से बांग्लादेशी सेना की धार्मिक प्रतीकों और इस्लामी पहचान को अधिक प्रमुखता देने की खबरों ने भारत सहित पूरे क्षेत्र का ध्यान आकर्षित किया है। हाल के घटनाक्रमों के अनुसार बांग्लादेशी सेना की कुछ नई बटालियनों का नाम इस्लामी इतिहास के शुरुआती खलीफाओं के नाम पर रखा गया है और सेना के पारंपरिक राष्ट्रवादी नारों के स्थान पर धार्मिक नारों के महत्व दिए जाने की चर्चा भी सामने आई है। यदि यह प्रवृत्ति आगे बढ़ती है तो यह केवल सैन्य परंपरा का परिवर्तन नहीं होगा, बल्कि बांग्लादेश की बदलती वैचारिक दिशा का संकेत भी माना जाएगा। किसी भी सेना का चरित्र केवल उसके हथियारों से नहीं, बल्कि उसके मूल्यों, प्रतीकों और प्रशिक्षण से भी निर्धारित होता है। शेख हसीना सरकार के पतन के बाद बांग्लादेश की राजनीति में इस्लामी संगठनों और धार्मिक समूहों का प्रभाव बढ़ने की चर्चा लगातार हो रही है। लंबे समय तक अवामी लीग ने धर्मनिरपेक्ष राष्ट्रवाद और 'जय बांग्ला' की भावना को राष्ट्रीय पहचान का आधार बनाया था। अब यदि सेना के भीतर धार्मिक पहचान को अधिक महत्व दिया जा रहा है तो यह उस वैचारिक परिवर्तन का हिस्सा माना जा सकता है जो देश की राजनीति और समाज में भी दिखाई दे रहा है। बांग्लादेश की इस बदलती सोच के पीछे अनेक कारण हो सकते हैं। पहला कारण घरेलू राजनीति है। किसी भी देश की सरकार और सत्ता प्रतिष्ठान अपने समर्थक सामाजिक वर्गों को संतुष्ट करने के लिए कई बार सांस्कृतिक और धार्मिक प्रतीकों का उपयोग करते हैं। यदि इस्लामी संगठनों का प्रभाव बढ़ता है तो सेना सहित अन्य संस्थाओं पर भी उसका प्रभाव दिखाई देना स्वाभाविक माना जाता है। दूसरा कारण क्षेत्रीय शक्ति संतुलन है। बांग्लादेश आज चीन और पाकिस्तान के साथ अपने रक्षा संबंधों को मजबूत करने की दिशा में भी आगे बढ़ रहा है। रक्षा उपकरणों की खरीद, सैन्य प्रशिक्षण और संयुक्त अभ्यास इसी रणनीति का हिस्सा माने जाते हैं। इससे वह अपने रक्षा विकल्पों को व्यापक बनाना चाहता है ताकि किसी एक देश पर अत्यधिक निर्भरता न रहे। तीसरा कारण भारत के साथ कुछ पुराने और नए विवाद भी हैं। सीमा पर अवैध घुसपैठ, सीमा सुरक्षा, जल बंटवारा, व्यापारिक असंतुलन तथा राजनीतिक बयानबाजी जैसे मुद्दों ने समय-समय पर दोनों देशों के संबंधों को प्रभावित किया है। बांग्लादेश के कुछ राजनीतिक और धार्मिक समूह भारत विरोधी भावनाओं को घरेलू राजनीति में समर्थन जुटाने के लिए भी इस्तेमाल करते रहे हैं। हालांकि यह कहना उचित नहीं होगा कि पूरा बांग्लादेश या उसकी पूरी जनता भारत विरोधी है। वहां बड़ी संख्या में ऐसे नागरिक, बुद्धिजीवी और व्यापारी भी हैं जो भारत के साथ अच्छे संबंधों को अपने देश के हित में मानते हैं। भारत के दृष्टिकोण से सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न पूर्वोत्तर राज्यों की सुरक्षा का है। यदि भारत-बांग्लादेश सीमा के निकट सैन्य गतिविधियां बढ़ती हैं या सीमा क्षेत्रों में तनाव का वातावरण बनता है तो उसका सीधा प्रभाव असम, त्रिपुरा, मेघालय, मिजोरम और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों पर पड़ सकता है।

# आस्था की चौखट पर असुरक्षा

विशेष | डॉ. प्रियंका सौरभ



> मंदिरों में चोरी को सामान्य संपत्ति-अपराध की श्रेणी में रखकर उसकी गंभीरता को कम नहीं आंका जा सकता। किसी दुकान, मकान या कार्यालय में चोरी केवल आर्थिक क्षति पहुंचाती है, लेकिन मंदिर में चोरी विश्वास की जड़ों को भी कमजोर करती है। श्रद्धालु अपनी कमाई का एक हिस्सा ईश्वर के प्रति कृतज्ञता, सेवा और समाजहित की भावना से दान करते हैं। वे यह विश्वास रखते हैं कि उनका अर्पण धर्मार्थ कार्यों, सामाजिक सेवा और मंदिर व्यवस्था में उपयोग होगा। जब वही धन चोरी हो जाता है, तो केवल दानपेटी खाली नहीं होती, बल्कि श्रद्धालु के मन में भी संदेह और पीड़ा जन्म लेती है। यही कारण है कि मंदिरों में चोरी की घटनाएं समाज में सामान्य अपराधों की तुलना में कहीं अधिक भावनात्मक प्रतिक्रिया उत्पन्न करती हैं।

**भारत** की सांस्कृतिक पहचान केवल उसके इतिहास, भाषाओं और परंपराओं से ही नहीं बनती, बल्कि उन आस्था-स्थलों से भी निर्मित होती है जिन्होंने सदियों से समाज को नैतिकता, सहअस्तित्व और सामुदायिक एकता का संदेश दिया है। मंदिर केवल पूजा-अर्चना के स्थान नहीं हैं; वे विश्वास, संस्कृति, लोकजीवन और सामाजिक सहभागिता के जीवंत केंद्र हैं। यहां लोग केवल ईश्वर के दर्शन करने नहीं आते, बल्कि अपने सुख-दुख साझा करने, मन की शांति पाने और जीवन के संघर्षों में आशा का संबल प्राप्त करने आते हैं। यही कारण है कि जब किसी मंदिर में चोरी होती है, तो उसका प्रभाव केवल आर्थिक नुकसान तक सीमित नहीं रहता। यह करोड़ों लोगों की आस्था, सामाजिक विश्वास और सांस्कृतिक चेतना पर सीधा आघात होता है। बीते कुछ वर्षों में देश के विभिन्न हिस्सों से मंदिरों में दानपेटियां तोड़ने, चुराने, बहुमूल्य आभूषण गायब करने, प्राचीन मूर्तियों की तस्करी करने और धार्मिक सामग्री की चोरी जैसी घटनाएं लगातार सामने आती रही हैं। कई मामलों में अपराधियों ने आधुनिक तकनीक का उपयोग किया, जबकि कई घटनाओं में अंदरूनी मिलीभगत की आशंका भी सामने आई। यह स्थिति केवल कानून-व्यवस्था का प्रश्न नहीं है, बल्कि इस बात का संकेत भी है कि समाज के नैतिक मूल्यों और धार्मिक संस्थाओं की सुरक्षा व्यवस्था में कहीं न कहीं गंभीर कमी रह गई है। जिस स्थान को लोग सबसे सुरक्षित और पवित्र मानते हैं, यदि वही अपराधियों के लिए आसान लक्ष्य बनने लगे, तो यह पूरे समाज के लिए चिंता का विषय है। मंदिरों में चोरी को सामान्य संपत्ति-अपराध की श्रेणी में रखकर उसकी गंभीरता को कम नहीं आंका जा सकता। किसी दुकान, मकान या कार्यालय में चोरी केवल आर्थिक क्षति पहुंचाती है, लेकिन मंदिर में चोरी विश्वास की जड़ों को भी कमजोर करती है। श्रद्धालु अपनी कमाई का एक हिस्सा ईश्वर के प्रति कृतज्ञता, सेवा और समाजहित की भावना से दान करते हैं। वे यह विश्वास रखते हैं कि उनका अर्पण धर्मार्थ कार्यों, सामाजिक सेवा और मंदिर व्यवस्था में उपयोग होगा। जब वही धन चोरी हो जाता है, तो केवल दानपेटी खाली नहीं होती, बल्कि श्रद्धालु के मन में भी संदेह और पीड़ा जन्म लेती है। यही कारण है कि मंदिरों में चोरी की घटनाएं समाज में सामान्य अपराधों की तुलना में कहीं अधिक भावनात्मक प्रतिक्रिया उत्पन्न करती हैं। ऐसी घटनाओं के पीछे कई कारण हैं। सबसे बड़ा कारण नकद दान की परंपरा है। आज भी देश के अधिकांश मंदिरों में बड़ी मात्रा में नकद चढ़ावा आता है। अनेक छोटे और मध्यम मंदिरों में दान की गणना, सुरक्षित भंडारण और बैंक में जमा करने की वैज्ञानिक व्यवस्था नहीं होती। कई बार दानपेटियां लंबे समय तक नहीं खोली जातीं, जिससे उनमें बड़ी मात्रा में नकदी जमा हो जाती है। यह स्थिति अपराधियों के लिए आकर्षण का केंद्र बन जाती है। जहां सुरक्षा व्यवस्था कमजोर हो और बड़ी मात्रा में नकद धन उपलब्ध हो, वहां अपराध की संभावना स्वाभाविक रूप से बढ़ जाती है।

दूसरा महत्वपूर्ण कारण सुरक्षा व्यवस्था की अपर्याप्तता है। महानगरों के कुछ प्रसिद्ध मंदिरों को छोड़ दिया जाए तो अधिकांश धार्मिक स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे, आधुनिक अलार्म सिस्टम, रात्रि सुरक्षा, प्रशिक्षित सुरक्षा कर्मी और डिजिटल निगरानी जैसी व्यवस्थाएं या तो उपलब्ध नहीं हैं या केवल औपचारिक रूप से स्थापित हैं। कई कैमरे खराब पड़े रहते हैं, रिकॉर्डिंग का बैकअप सुरक्षित नहीं होता और नियमित निगरानी भी नहीं की जाती। अपराधी इन कमियों का अध्ययन कर योजनाबद्ध तरीके से वारदात को अंजाम देते हैं। प्रबंधन संबंधी कमजोरियां भी ऐसी घटनाओं को बढ़ावा देती हैं। अनेक मंदिरों का संचालन पारंपरिक ढंग से होता है, जहां वित्तीय जवाबदेही और प्रशासनिक पारदर्शिता के स्पष्ट मानक नहीं बने हैं। दान की गणना, लेखा-जोखा, व्यय और भंडारण की प्रक्रिया कई बार व्यवस्थित नहीं होती। जहां जवाबदेही कमजोर होती है, वहां गड़बड़ी और भ्रष्टाचार की संभावना बढ़ जाती है। कुछ मामलों में चोरी बाहरी अपराधियों द्वारा नहीं, बल्कि अंदरूनी मिलीभगत से भी की जाती है। यह स्थिति अधिक चिंताजनक इसलिए है क्योंकि इससे संस्था के भीतर का विश्वास भी टूटता है। सामाजिक और आर्थिक परिस्थितियां भी इस समस्या से जुड़ी हुई हैं। बेरोजगारी, नशे की लत, कर्ज का बोझ, त्वरित धन कमाने की मानसिकता और नैतिक मूल्यों का ह्रास कुछ लोगों को अपराध की ओर धकेलता है। हालांकि इन कारणों के आधार पर किसी भी अपराध का औचित्य सिद्ध नहीं किया जा सकता। मंदिरों में चोरी केवल आर्थिक मजबूरी का परिणाम नहीं होती; अनेक मामलों में यह संगठित अपराध, मूर्ति तस्करी और पेशेवर गिरोहों की सुनियोजित गतिविधि होती है। विशेष रूप से प्राचीन मूर्तियों और दुर्लभ धार्मिक कलाकृतियों की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अवैध मांग भी ऐसे अपराधों को बढ़ावा देती है। मंदिर में चोरी का सबसे गहरा प्रभाव श्रद्धालुओं की भावनाओं पर पड़ता है। जब कोई व्यक्ति अपने परिवार की खुशहाली, बच्चों के भविष्य, स्वास्थ्य या किसी मनोकामना की पूर्ति के लिए श्रद्धापूर्वक दान करता है, तो वह केवल धन नहीं देता, बल्कि अपना विश्वास भी समर्पित करता है। यदि वही विश्वास असुरक्षित महसूस करने लगे तो समाज में धार्मिक संस्थाओं के प्रति संदेह बढ़ने लगता है।

# भारतीयता की मिसाल पेश करती सद्भावपूर्ण कारगुजारियां

गौरतलब | निर्मल रानी



> **भारतीय** जनता पार्टी शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के मध्य तो जैसे नफरती एजेंडे पर तेजी से अमल करने की प्रतिस्पर्धा लगी हुई है। उत्तर प्रदेश, आसाम, राजस्थान, मध्यप्रदेश, बंगाल जैसे राज्यों में कौन मुख्यमंत्री कितनी मस्जिदें गिराता है कितनी दरगाहों व मदरसों पर बुलडोजर चलता है,कितने मुसलमानों के घर जमींदोज करता है, इसे लेकर इनमें गोया होड़ लगी हुई है।

**दुनिया** में भारत की पहचान अनेकता में एकता रखने वाले देश के रूप में बनी हुई है। विविधता ही हमारे देश की एक ऐसी सबसे बड़ी विशेषता है जो पूरे विश्व को भारत की ओर आकर्षित करती है। कश्मीर से कन्याकुमारी तक हमारा देश विविधताओं से भरा हुआ है। अनेक तरह की भाषाएं,अलग अलग रंग, अलग खानपान, विभिन्न प्रकार की पोशाकें,अनेक किस्म के धर्म,जातियां,रीति रिवाज,मान्यताएं तथा विश्वास आदि हमारे देश को एक रंग बिरंगे खुशबूदार गुलदस्ते के रूप में दुनिया के सामने पेश करते हैं। परन्तु पिछले एक दशक में एक ऐसी साम्प्रदायिकतावादी विचारधारा ने सत्ता पर नियंत्रण हासिल कर लिया है जिसे शायद हमारे देश की यह विविधता व सर्वधर्म समभाव रास नहीं आता। यह विचारधारा पूरे देश को एक ही रंग में रंगना चाहती है। और अपने इस मकसद को पूरा करने के लिये यह शक्तियां पूरे देश में सांप्रदायिकता व जातिवाद का जहर घोलने के प्रयास हो रहे हैं। दुःख की बात तो यह है कि इन दुष्प्रयासों में लगे लोग इंसानियत को भी भूल चुके हैं। भारतीय जनता पार्टी शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के मध्य तो जैसे नफरती एजेंडे पर तेजी से अमल करने की प्रतिस्पर्धा लगी हुई है। उत्तर प्रदेश, आसाम, राजस्थान, मध्यप्रदेश, बंगाल जैसे राज्यों में कौन मुख्यमंत्री कितनी मस्जिदें गिराता है कितनी दरगाहों व मदरसों पर बुलडोजर चलता है,कितने मुसलमानों के घर जमींदोज करता है, इसे लेकर इनमें गोया होड़ लगी हुई है। सैकड़ों मस्जिदों व मदरसों को धराशायी करने वाले राज्य उत्तर प्रदेश में ही अभी पिछले ही दिनों संभल के नखासा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम-कसेरुआ में स्थित ऐतिहासिक 'मुस्तफा कादरी मस्जिद' को प्रशासन द्वारा दुर्भावनापूर्ण तरीके से बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया। जबकि बताया जा रहा है कि यह मस्जिद उत्तर प्रदेश सरकार के सरकारी गजट में बाकायदा वक़्फ़ जायदाद के तौर पर दर्ज है। सवाल यह उठता है कि जो इबादतगाह राज्य सरकार के आधिकारिक रिकॉर्ड्स में दर्ज हो, उसे रातों-रात एक सोची-समझी साजिश के तहत 'अवैध' कैसे घोषित किया जा सकता है? इस तरह की कार्रवाई सीधे तौर पर मस्जिद को ध्वस्त करने की एक गहरी राजनीतिक साजिश का हिस्सा है। साफ है कि भाजपा सरकार मुसलमानों को निशाना बनाते हुये दमनकारी, पक्षपातपूर्ण और अलोकतांत्रिक तरीके से अपनी 'बुलडोजर नीति' लागू कर रही है।

## आज का इतिहास

- अलाउद्दीन खिलजी ने सिवाणा पर जब 02 जुलाई, 1306 में आक्रमण किया, तब यह दुर्ग कान्हड़देव के भतीजे चौहान सरदार शीतलदेव के अधिकार में था।
- ब्रिटेन के थॉमस सेवरी ने 1698 में पहले व्यवसायिक स्टीम इंजन का पेटेंट हासिल किया।
- बंगाल के अंतिम नवाब सिराज उद्दौला की उनकी शरण में रह रहे एक व्यक्ति मोहम्मद बेग ने 1757 में निर्ममतापूर्ण हत्या की।
- अमेरिका के वोरमोंट शहर में 1777 को दास प्रथा की समाप्ति हुई।
- मैसूर के सुल्तान हैदर अली और अंग्रेज सेना में पोर्टो नोवो (अब परांगीपेट्टई) का युद्ध 1781 में हुआ।
- कलकत्ता उच्च न्यायालय का उद्घाटन 1862 में हुआ।
- इतालवी वैज्ञानिक मार्कोनी ने लंदन में रेडियो का पैटेंट 1897 में कराया।
- भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण की स्थापना 1916 में हुई।
- ब्रिटिश सरकार ने सुभाषचन्द्र बोस को 02 जुलाई, 1940 ई। को विद्रोह भड़काने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया।
- पहला वॉलमार्ट स्टोर कारोबार के लिए रोजर 1962 को अर्कंसास में खोला गया।
- फ्रांस ने 1966 में मुरूरोआ, प्रशांत महासागर में परमाणु परीक्षण किया।
- प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और पाकिस्तान के राष्ट्रपति जुल्फिकार अली भुट्टो ने 1972 में शिमला समझौते पर हस्ताक्षर किये।
- वियतनाम गणराज्य का अंत 1976 में हुआ।
- साम्यवादी उत्तरी वियतनाम ने 1976 में समाजवादी वियतनाम गणराज्य के साथ जुड़ने की घोषणा की।
- स्वदेश निर्मित परमाणु बिजली केन्द्र की पहली इकाई ने 1983 में मद्रास के निकट कलपक्कम में काम करना शुरू किया।
- आंद्रेई ग्रोमिको सोवियत संघ के राष्ट्रपति 1985 में निर्वाचित हुए।
- सउदी अरब में 1990 को मक्का से मीना की ओर जाने वाली सुरंग में भगदड़ मचने से 1,426 हज यात्रियों की मौत हो गयी थी।
- फास्ट एंड फ्यूरियस सीरीज की पहली फिल्म 2001 में रिलीज हुई थी।

## किसने क्या कहा



डॉक्टरों की कड़ी मेहनत, संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता भारत की स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

हमारा सबसे बड़ा मकसद स्वदेशी तरीकों का इस्तेमाल करके युद्ध जीतना होगा

**जनरल धीरज सेठ**
आर्मी चीफ






## सुविचार

जिसके पास उम्मीद है, वह हार कर भी नहीं हारता।
**अज्ञात**

मैं हर कदम पर हारा हूं, मगर जन्मा केवल जीत के लिए हूं।
**एमर्सन**

## हर जीव में व्याप्त नारायण

**वैदिक** साहित्य से हम जानते हैं कि परम-पुरुष नारायण प्रत्येक जीव के बाहर तथा भीतर निवास करने वाले है। वे भौतिक तथा आध्यात्मिक दोनों जगतों में विद्यमान हैं। यद्यपि वे बहुत दूर हैं, फिर भी हमारे निकट हैं-आसीनो दूरं व्रजति शयानो याति सर्वतरू हम भौतिक इन्द्रियों से न तो उन्हें देख पाते हैं, न समझ पाते हैं अतएव वैदिक भाषा में कहा गया है कि उन्हें समझने में हमारा भौतिक मन तथा इन्द्रियां असमर्थ हैं। किन्तु जिसने, भक्ति में कृष्णभावनामृत का अभ्यास करते हुए, अपने मन-इन्द्रियों को शुद्ध कर लिया है, वह उन्हें निरन्तर देख सकता है। ब्रघ्संहिता के अनुसार परमेर के लिए जिस भक्त में प्रेम उपज चुका है, वह निरन्तर उनके दर्शन कर सकता है। और भगवद्गीता में कहा गया है कि उन्हें केवल भक्ति द्वारा देखा-समझा जा सकता है। भगवान सबके हृदय में परमात्मा रूप में स्थित हैं। तो क्या इसका अर्थ यह हुआ कि वे बंटे हुए हैं? नहीं। वास्तव में वे एक हैं। जैसे सूर्य मध्याह्न समय अपने स्थान पर रहता है, लेकिन यदि कोई पांच हजार मील की दूरी पर घूमे और पूछे कि सूर्य कहां है, तो सभी कहेंगे कि वह उसके सिर पर चमक रहा है। इस उदाहरण का अर्थ है कि यद्यपि भगवान अविभाजित हैं, लेकिन इस प्रकार स्थित हैं मानो विभाजित होंवैदिक साहित्य में यह भी कहा गया है कि अपनी सर्वशक्तिमत्ता द्वारा एक विष्णु सर्वत्र विद्यमान हैं।

# जहां नाक बन्द होती है, वहीं स्वच्छ भारत के दावे खुल जाते हैं



**प्रो. आरके जैन**

**स्वच्छता** किसी राष्ट्र का श्रृंगार नहीं, उसका चरित्र है। किसी देश की असली पहचान संसद, मेट्रो या एक्सप्रेस-वे नहीं, बल्कि वह सार्वजनिक शौचालय है जहाँ सामान्य नागरिक बिना भय, घृणा या नाक सिकोड़े प्रवेश कर सके। पिछले एक दशक में स्वच्छ भारत मिशन जनांदोलन और विकास का प्रतीक बना, लेकिन बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों, बाजारों, पार्कों और राजमार्गों के अधिकांश सरकारी शौचालय इस दावे की सबसे कड़वी सच्चाई हैं। वहाँ प्रवेश करते ही पहले नाक, फिर आँखें बंद करनी पड़ती हैं। यह केवल दुर्गंध नहीं, बल्कि उस व्यवस्था की विफलता है जिसने शौचालय बनाना उपलब्धि माना, पर उन्हें स्वच्छ रखना जिम्मेदारी नहीं समझा। स्वच्छ भारत अभियान की असली परीक्षा सार्वजनिक शौचालयों में होती है, और सबसे बड़ी विफलता भी वहीं दिखाई देती है।

यह कहना अन्याय होगा कि स्वच्छ भारत मिशन ने कुछ नहीं किया। इसकी उपलब्धियाँ उल्लेखनीय हैं। 2014 में ग्रामीण भारत में शौचालय कवरेज लगभग 39 प्रतिशत था, जो अब सरकारी आंकड़ों के अनुसार 95 प्रतिशत से अधिक हो गया है। 12 करोड़ से अधिक घरेलू शौचालय बने, 6 लाख से अधिक गाँव और हजारों शहर ओडीएफ घोषित हुए। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, बेहतर स्वच्छता से डायरिया से होने वाली मौतें घटीं और लाखों परिवारों का स्वास्थ्य व्यय कम हुआ। यह निश्चित ही बड़ी उपलब्धि है। लेकिन क्या स्वच्छता घर की चौखट पर ही समाप्त हो जाती है? क्या घर से बाहर निकलते ही नागरिक की गरिमा अप्रासंगिक हो जाती है? घरों में शौचालय बनाकर आधी लड़ाई जीती गई, मगर सार्वजनिक शौचालयों की बदहाली ने इस सफलता पर प्रश्नचिह्न लगा दिया।

यही वह विरोधाभास है जो स्वच्छ भारत मिशन की चमक फीकी कर देता है। जनाग्रह और अन्य संस्थाओं के सर्वे बताते हैं कि बड़े शहरों के अधिकांश सार्वजनिक शौचालय भी पानी, नियमित सफाई, पर्याप्त रोशनी और सुरक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। कई महीनों से बंद पड़े हैं, कई जर्जर हो चुके हैं और अनेक ठेकेदारों की लापरवाही व प्रशासनिक उदासीनता के कारण उपयोग योग्य नहीं बचे। रेलवे स्टेशन, बस अड्डों और राष्ट्रीय राजमार्गों के शौचालय यात्रियों की मजबूरी हैं, सुविधा नहीं। यह संसाधनों की कमी नहीं, बल्कि उस सरकारी सोच का परिणाम है जो शौचालय के उद्घाटन को उपलब्धि मानती है, रखरखाव को नहीं। शौचालय बनते हैं, फीते कटते हैं, तस्वीरें खिंचती हैं, रिपोर्टें बनती हैं और फिर वे धीरे-धीरे गंदगी के हवाले कर दिए जाते हैं।

सार्वजनिक शौचालयों की बदहाली की सबसे बड़ी कीमत महिलाएँ, बच्चे, बुजुर्ग और दिव्यांग चुकाते हैं। महिलाएँ प्यास से नहीं, उपयोग योग्य शौचालयों के अभाव में घंटों पानी पीने से बचती हैं। लंबी यात्राएँ उनके लिए सुविधा नहीं, चिंता बन जाती हैं। गंदे शौचालय डायरिया, टाइफाइड, हेपेटाइटिस-ए सहित अनेक संक्रामक रोगों के केंद्र हैं। विद्यालयों में शौचालयों की कमी और बदहाली के कारण कई लाख लड़कियाँ पढ़ाई बीच में छोड़ देती हैं। हालिया रिपोर्टों के अनुसार देश में लगभग 98,500 सरकारी स्कूलों में लड़कियों के लिए कार्यरत शौचालय नहीं हैं। यह केवल शिक्षा नहीं, महिला सम्मान और सामाजिक न्याय का भी प्रश्न है।

## राशिफल

| | |
|---|---|
| **मेष** निकटस्थ व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। | **तुला** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। |
| **वृष** अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। | **वृश्चिक** संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। |
| **मिथुन** अपने काम को प्राथमिकता से करें। बुरी संगति से बचें। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। | **धनु** शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। |
| **कर्क** दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। | **मकर** मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। नौकरी क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। |
| **सिंह** चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। | **कुंभ** महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। |
| **कन्या** निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। संतोषजनक सफलता मिलेगी। मेहमानों का आगमन होगा। | **मीन** प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित विघ्न पैदा होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा । |

# यशस्वी प्रधानमंत्री के विश्वसनीय सलाहकार अमित शाह

गौरतलब | सुरेश पचौरी



> **हमारी** पहली औपचारिक मुलाकात से पहले ही उन्हें मेरे सार्वजनिक जीवन, कांग्रेस संगठन में मेरी भूमिका, संसदीय अनुभव और राजनीतिक यात्रा की विस्तृत जानकारी ले रखी थी। मुझे स्पष्ट हो गया कि वे किसी व्यक्ति से मिलने से पहले उसकी पूरी जानकारी करते हैं। यह उनकी कार्यशैली की सबसे बड़ी विशेषताओं में से एक है— तैयारी, तथ्य, अध्ययन और सूक्ष्म विश्लेषण।

**भारतीय** राजनीति में कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं जिनका मूल्यांकन केवल उनके पदों से नहीं, बल्कि उनके निर्णयों, संगठन निर्माण की क्षमता से किया जाता है। मेरे सार्वजनिक जीवन के छह दशकों में मुझे अनेक प्रधानमंत्रियों, केंद्रीय मंत्रियों, मुख्यमंत्रियों और विभिन्न दलों के शीर्ष नेताओं के साथ निकटता से काम करने का अवसर मिला है। जब मैंने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की, तदोपरांत पहली बार दिल्ली स्थित अमित शाह जी के निवास पर मुझे मिलने का अवसर मिला। यह मेरे लिए अत्यंत सुखद और आश्चर्यजनक अनुभव था। हमारी पहली औपचारिक मुलाकात से पहले ही उन्हें मेरे सार्वजनिक जीवन, कांग्रेस संगठन में मेरी भूमिका, संसदीय अनुभव और राजनीतिक यात्रा की विस्तृत जानकारी ले रखी थी। मुझे स्पष्ट हो गया कि वे किसी व्यक्ति से मिलने से पहले उसकी पूरी जानकारी करते हैं। यह उनकी कार्यशैली की सबसे बड़ी विशेषताओं में से एक है— तैयारी, तथ्य, अध्ययन और सूक्ष्म विश्लेषण।

मेरे लंबे राजनीतिक जीवन में मैंने अनेक कुशल प्रशासकों और रणनीतिकारों को देखा है, लेकिन अमित शाह जैसा लौहपुरुष गृह मंत्री और राजनीतिक रणनीतिकार बिरले ही होते हैं। वे केवल घटनाओं पर प्रतिक्रिया नहीं देते, बल्कि उनकी दिशा और संभावनाओं आँकलन कर संगठन और सरकार—दोनों को उसी अनुरूप तैयार करते हैं।

सन 2014 का लोकसभा चुनाव भारतीय राजनीति का निर्णायक मोड़ था। उस समय वर्तमान यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के सामने परिवर्तन, विकास और नए विश्वास का चेहरा थे, लेकिन उस जनसमर्थन को बूथ स्तर तक संगठित कर ऐतिहासिक जनादेश में परिवर्तित करने वाले प्रमुख रणनीतिकार अमित शाह थे। उत्तर प्रदेश में उनके मार्गदर्शन में भाजपा ने अभूतपूर्व सफलता प्राप्त की और उसी विजय ने केंद्र में पूर्ण बहुमत की सरकार का मार्ग प्रशस्त किया। इसके बाद 2017 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में मिली ऐतिहासिक सफलता ने यह सिद्ध कर दिया कि यह केवल चुनावी लहर नहीं थी, बल्कि सुदृढ़ संगठन, सूक्ष्म प्रबंधन और देवतुल्य कार्यकर्ता-आधारित राजनीति का परिणाम था। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में श्री अमित शाह ने भारतीय जनता पार्टी को केवल एक राजनीतिक दल नहीं रहने दिया, बल्कि उसे विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक राजनीतिक संगठन बनाने में निर्णायक भूमिका निभाई। बूथ सशक्तिकरण, सदस्यता अभियान, पन्ना प्रमुख जैसी अवधारणाओं को प्रभावी ढंग से लागू कर उन्होंने संगठन को गांव-गांव तक पहुँचाया। आज भाजपा का देश के लगभग प्रत्येक राज्य में संगठनात्मक आधार दिखाई देता है और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन निरंतर विस्तार की दिशा में आगे बढ़ा है। अमित शाह की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे केवल चुनाव जीतने की रणनीति नहीं बनाते, बल्कि भारत के राजनीतिक भूगोल को बदलने की दीर्घकालिक योजना पर काम करते हैं।


स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर्स, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं **एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड**, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : **JHAHIN2009/32423**, **प्रबंध सम्पादक :** नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड) :** विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651–3501612, 8825197097, 9431343365, 8863906660
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## अब पंचायतों में बनेंगे ड्राइविंग लाइसेंस, जिलेभर में शुरू हुआ विशेष शिविर

# 25 सितम्बर 2026 तक चलेगा अभियान

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**लातेहार :** ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए जिला मुख्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। परिवहन विभाग के निर्देश पर जिला परिवहन कार्यालय ने पंचायत एवं प्रखंड स्तर पर विशेष शिविर लगाने का निर्णय लिया है। इसके लिए पूरे जिले का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। यह अभियान 1 जुलाई से शुरू होकर 25 सितंबर 2026 तक चरणबद्ध तरीके से जिले के सभी प्रखंडों में चलेगा। जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा जारी कार्यालय आदेश के अनुसार, परिवहन विभाग, झारखंड के निर्देश पर पंचायतवार क्लस्टर बनाकर नव सिखिया चालक अनुज्ञप्ति (लर्निंग लाइसेंस) तथा चालक अनुज्ञप्ति



(ड्राइविंग लाइसेंस) निर्गत करने के लिए विशेष शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों में आवेदन, दस्तावेजों की जांच तथा अन्य आवश्यक प्रक्रिया पूरी की जाएगी, जिससे ग्रामीणों को अपने क्षेत्र में ही लाइसेंस संबंधी सुविधा मिल सके। शिविरों में केवल लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया ही नहीं होगी, बल्कि सड़क सुरक्षा को लेकर भी लोगों को जागरूक किया जाएगा। सड़क दुर्घटनाओं में मृतकों और घायलों के लिए संचालित हिट एंड रन योजना तथा दुर्घटना के समय घायलों की मदद करने वाले लोगों को कानूनी संरक्षण और प्रोत्साहन देने वाली गुड सेमेरिटन योजना की भी विस्तृत जानकारी दी जायेगी। अधिकारियों का मानना है कि लाइसेंस वितरण के साथ सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने से दुर्घटनाओं में कमी लाने में मदद मिलेगी।

## महुआडांड़ में 06 जुलाई से लगेगा ड्राइविंग लाइसेंस कैम्प
## युवाओं और महिलाओं से बढ़-चढ़ कर भाग लेने की अपील



**महुआडांड़ (लातेहार) :** महुआडांड़ अनुमंडल में 6 जुलाई से लर्निंग लाइसेंस (एलएल) और ड्राइविंग लाइसेंस (डीएल) बनाने के लिए विशेष कैंप शुरू होगा। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (डीएसपी) पूजा कुमारी ने युवाओं और महिलाओं से इस अभियान में अधिक से अधिक भाग लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि ड्राइविंग लाइसेंस केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि जिम्मेदार और नियमों का पालन करने वाले नागरिक होने का प्रमाण है डीएसपी ने कहा कि सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और युवाओं को कानूनी पहचान देने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। उन्होंने लोगों से हेलमेट पहनने, यातायात नियमों का पालन करने और सुरक्षित वाहन चलाने की अपील की महिलाओं से कहा कि आत्मनिर्भर नारी ही परिवार और समाज को आगे बढ़ाती है। आज शिक्षा, रोजगार और दैनिक जीवन में वाहन चलाने का महत्व बढ़ गया है। ऐसे में महिलाओं के लिए ड्राइविंग लाइसेंस स्वाभिमान और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि कैंप में महिलाओं की सुविधा के लिए विशेष सहायता केंद्र की व्यवस्था भी रहेगी। जिला परिवहन पदाधिकारी के निर्देश पर पंचायत स्तर पर कैंप आयोजित किए जाएंगे। 6 जुलाई को चटकपुर पंचायत सचिवालय, 7 जुलाई को महुआडांड़ पंचायत सचिवालय और 14 जुलाई को नेतरहाट पंचायत सचिवालय में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। कैंप में शामिल होने के लिए आधार कार्ड, दो रंगीन फोटो, जन्म प्रमाण के लिए 10वीं की अंकतालिका तथा निर्धारित सरकारी शुल्क साथ लाना होगा। डीएसपी पूजा कुमारी ने कहा कि उनका लक्ष्य महुआडांड़ के अधिक से अधिक युवाओं और महिलाओं को प्रशिक्षित एवं लाइसेंसधारी बनाना है।

## चतरा जिला उप विकास आयुक्त अमरेन्द्र कुमार को भावभीनी विदाई



**चतरा :** चतरा जिला परिषद कार्यालय परिसर में जिला उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार के सम्मान में भावभीना विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी ने की, जबकि उपाध्यक्ष बृजकिशोर तिवारी उर्फ बिरजू तिवारी सहित सभी जिला परिषद सदस्य, कार्यपालक अभियंता, जिला परिषद कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। समारोह के दौरान वक्ताओं ने अमरेंद्र कुमार के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने प्रशासनिक दायित्वों का ईमानदारी, पारदर्शिता और समर्पण के साथ निर्वहन किया। उनके नेतृत्व में जिले में कई विकासात्मक योजनाओं को गति मिली तथा जनहित के कार्यों को प्राथमिकता दी गई। इस अवसर पर अध्यक्ष ममता कुमारी, उपाध्यक्ष बृजकिशोर तिवारी उर्फ बिरजू तिवारी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने उन्हें पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य और सफल प्रशासनिक जीवन की शुभकामनाएं दीं।

## एक झलक

### घरेलू विवाद में पति ने पत्नी को पीट-पीट कर मार डाला, पति फरार

**चतरा :** कुंदा थाना क्षेत्र के सिकिदाग पंचायत के हरदियाटांड़ टोला में एक पति ने घरेलू विवाद में अपनी पत्नी की पीट-पीट कर हत्या कर दिया। मृतका कैली देवी (27) पति मंशू बैगा थी। पत्नी की हत्या करने के बाद पति फरार हो गया। टोला के ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस पदाधिकारी दल बल के साथ वहां पहुंच कर शव को कब्जे में कर सदर अस्पताल चतरा लाया। जहां पोस्टमार्टम के बाद परिजनो को सौंप दिया गया। टोला के लोगो ने बताया कि सोमवार की शाम मंशू बैगा हरिकीर्तन कर घर लौटा। इस दौरान पति-पत्नी में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इसके बाद पति गुस्से में आकर डंडे से बेरहमी से पीट-पीट कर मार डाला। टोला के सभी बैगा-बिरहोर घटना के बाद फरार हो गये. इस संबंध में थाना प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। आवेदन मिलते ही कार्रवाई की जायेगी। पति को गिरफ्तार कर जेल भेजा जायेगा।

### दिल्ली सड़क हादसे में हंटरगंज के युवक की मौत

**चतरा :** जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र के नावाडीह गांव निवासी मोहम्मद नसूर टेलर के 30 वर्षीय पुत्र मो. एकसाम की दिल्ली में हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में मौत हो गई। इस हृदयविदारक घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गयी है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और घर में मातम पसरा हुआ है। जानकारी के अनुसार, मो. एकसाम पिछले कई वर्षों से दिल्ली में रहकर टेलरिंग का काम करते थे और अपने परिवार के इकलौते कमाऊ सदस्य थे। दो दिन पहले वह अपने कमरे से काम के लिए निकले थे, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटे। इसके बाद परिजनों ने लगातार दो दिनों तक उनकी तलाश की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिला इसी बीच दिल्ली पुलिस ने मो. एकसाम के आधार कार्ड पर दर्ज पते के आधार पर हंटरगंज थाना को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद परिजन दिल्ली के मुनिरका थाना पहुंचे, जहां उन्होंने शव की पहचान की। पुलिस ने पोस्टमार्टम और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद मंगलवार को शव परिजनों को सौंप दिया। परिजन एंबुलेंस से शव लेकर हंटरगंज के लिए रवाना हो चुके हैं। शव के बुधवार सुबह नावाडीह गांव पहुंचने की सम्भावना है, जहां उन्हें सुपुर्द-ए-खाक किया जायेगा।

### ट्रेन की चपेट में आने से छात्रा की मौत, गांव में पसरा मातम

**पलामू :** जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र में बुधवार को एक दर्दनाक रेल हादसे में एक छात्रा की मौत हो गयी। हुसैनाबाद के जपला रेलवे स्टेशन से लगभग आधा किलोमीटर दूर बक्शी हाई स्कूल के समीप रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान छात्रा तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आ गयी। टक्कर इतनी भीषण थी कि उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। मृतका की पहचान देवरी ओपी क्षेत्र के सोनपुरवा गांव निवासी सतेंद्र की पुत्री बबीता कुमारी के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग घटनास्थल पर जुट गए और तत्काल पुलिस को जानकारी दी।

## 04 जुलाई को श्री बंशीधर नगर में होगी प्रेस कॉन्फ्रेंस
## दीपक प्रताप देव ने युवाओं से की शामिल होने की अपील



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**भवनाथपुर :** झामुमो युवा नेता दीपक प्रताप देव ने भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के भवनाथपुर प्रखंड के सभी युवा साथियों एवं समर्पित कार्यकर्ताओं से 4 जुलाई (शनिवार) को आयोजित होने वाली प्रेस कॉन्फ्रेंस में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह किया है। यह प्रेस कॉन्फ्रेंस दोपहर 1:00 बजे श्री बंशीधर नगर के भोजपुरगढ़ में आयोजित की जाएगी। दीपक प्रताप देव ने कहा कि युवाओं और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने सभी से समय पर पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील करते हुए कहा कि एकजुटता से ही संघर्ष, विकास और जनहित के संकल्प को मजबूती मिलेगी। उन्होंने बताया कि प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान संगठन से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों, क्षेत्र के विकास, जनसमस्याओं तथा आगामी रणनीति पर चर्चा की जाएगी। यह कार्यक्रम कार्यकर्ताओं के लिए अपने विचार साझा करने का भी महत्वपूर्ण अवसर होगा। दीपक प्रताप देव ने भवनाथपुर प्रखंड के सभी युवा साथियों एवं समर्पित कार्यकर्ताओं का हार्दिक स्वागत और अभिनंदन करते हुए अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। उन्होंने विश्वास जताया कि कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति से संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी।

## ज़िले के हर गांव तक पहुंचेगी चलंत लोक अदालत
# कानूनी अधिकारों के प्रति किया जायेगा जागरूक

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**लातेहार :** ग्रामीणों तक न्याय और कानूनी सहायता पहुंचाने की दिशा में जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डीएलएसए) लातेहार ने बुधवार को जस्टिस ऑन व्हील्स (चलंत लोक अदालत) वाहन की शुरूआत की। व्यवहार न्यायालय परिसर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डीएलएसए अध्यक्ष शेष नाथ सिंह ने वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर श्री सिंह ने कहा कि न्याय पाना हर नागरिक का संवैधानिक अधिकार है, लेकिन जागरूकता के अभाव में ग्रामीण क्षेत्रों के कई लोग अपने अधिकारों से वंचित रह जाते हैं। उन्होंने कहा कि चलंत लोक अदालत वाहन इस दूरी को कम करने का काम करेगा। यह वाहन पूरे जुलाई माह जिले के सभी प्रखंडों, पंचायतों और सुदूरवर्ती गांवों का



दौरा करेगा। उन्होंने बताया कि अभियान का उद्देश्य ग्रामीणों को उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी देना, सरकारी कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराना और विधिक जागरूकता बढ़ाना है। वाहन में विधिक स्वयंसेवकों और कानूनी विशेषज्ञों की टीम रहेगी, जो लोगों की समस्याएं सुनेगी और जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से उनके समाधान का प्रयास करेगी। छोटे-छोटे विवादों का आपसी समझौते से निपटारा कराने की भी पहल की जायेगी। डीएलएसए के अनुसार, इस पहल से दूर-दराज के गांवों में रहने वाले लोगों को न्यायिक सेवाओं तक पहुंच आसान होगी और उन्हें समय पर कानूनी सलाह भी मिल सकेगी। कार्यक्रम में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम दिनेश कुमार मिश्रा, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय सुनील दत्त द्विवेदी, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश (प्रोबेशनरी) दीपक कुमार, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी विक्रम आनंद, डीएलएसए सचिव शिवम चौरसिया, बार एसोसिएशन के सचिव संजय कुमार, अधिवक्तागण, पीएलवी तथा न्यायालयकर्मी मौजूद रहे।

## प्री-मानसून एक्वा वीक की शुरुआत, नन्हे बच्चों ने जल क्रीड़ा के साथ सीखे तैराकी के शुरुआती गुर

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**लातेहार :** सरस्वती विद्या मंदिर, धर्मपुर में बुधवार को प्री-मानसून एक्वा वीक का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के पहले दिन विद्यालय की शिशु वाटिका के नर्सरी कक्षा के बच्चों ने मिनी स्विमिंग पूल में जल क्रीड़ा का आनंद लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी ने किया। इस अवसर पर शिशु वाटिका प्रमुख गीता कुमारी ने बताया कि एक्वा वीक का उद्देश्य बच्चों को खेल-खेल में पानी से परिचित कराना, उनमें आत्मविश्वास बढ़ाना तथा तैराकी की प्रारंभिक जानकारी देना है। उन्होंने कहा कि इस तरह की गतिविधियां बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में भी सहायक होती हैं। नर्सरी कक्षा की



मातृ आचार्य शिल्पा कुमारी एवं सहयोगी मातृ आचार्य मनीष कुमारी की देखरेख में बच्चों ने पानी में उछल-कूद की और पूरे उत्साह के साथ विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। इस दौरान उन्हें तैराकी की शुरूआती प्रक्रियाओं का अनुभव भी कराया गया, ताकि वे पानी के प्रति सहज महसूस कर सकें। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को जलीय संसार के बारे में सरल और रोचक तरीके से जानकारी दी गई। उन्हें यह भी बताया गया कि कौन-सी वस्तुएं पानी में तैरती हैं और कौन-सी डूब जाती हैं।

## सड़क सुरक्षा को लेकर हंटरगंज पुलिस की अभिनव पहल
## राष्ट्रीय राजमार्ग-99 पर बनाये गये वैज्ञानिक स्पीड ब्रेकर



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**चतरा :** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और आम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में हंटरगंज थाना पुलिस ने एक सराहनीय एवं दूरदर्शी पहल की है। जिला प्रशासन के दिशा-निर्देशों तथा सड़क सुरक्षा अभियान को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से थाना प्रभारी प्रभात कुमार के नेतृत्व में राष्ट्रीय राजमार्ग-99 (एनएच-99) पर वैज्ञानिक मानकों के अनुरूप कई महत्वपूर्ण स्थानों पर स्पीड ब्रेकर का निर्माण कराया गया है। इस पहल का उद्देश्य तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण स्थापित कर संभावित सड़क दुर्घटनाओं को रोकना और राहगीरों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग-99 पर कई ऐसे स्थान चिन्हित किए गए थे, जहां तेज गति से गुजरने वाले वाहनों के कारण अक्सर दुर्घटना की आशंका बनी रहती थी। इसे देखते हुए बैंक, बाजार, विद्यालय, भीड़भाड़ वाले क्षेत्र तथा दुर्घटना संभावित स्थलों का सर्वेक्षण कर वैज्ञानिक दृष्टिकोण से स्पीड ब्रेकर स्थापित किए गए हैं, ताकि वाहन चालक इन स्थानों पर स्वतः अपनी गति कम करें और दुर्घटनाओं की संभावना न्यूनतम हो सके। थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में सबसे बड़ा कारण अनियंत्रित गति है। यदि संवेदनशील क्षेत्रों में वाहनों की रफ्तार नियंत्रित रहे तो अनेक दुर्घटनाओं को होने से पहले ही रोका जा सकता है। इसी सोच के तहत यह पहल की गयी है, जिससे विद्यार्थियों, बुजुर्गों, महिलाओं, व्यापारियों तथा आम राहगीरों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

## जनचौपाल में एसडीपीओ ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

**लातेहार :** पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देश पर सदर थाना क्षेत्र के नेवाड़ी पंचायत भवन में जनचौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) लातेहार ने की। जनचौपाल में नेवाड़ी, मुरुप, डीही, सासंग, तुबेद और पतरातू गांव के बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। इस दौरान ग्रामीणों ने अपने-अपने गांवों से जुड़ी समस्याओं और स्थानीय मुद्दों को पुलिस अधिकारियों के समक्ष रखा। अधिकारियों ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और सम्बन्धित मामलों में आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिया। साथ ही लोगों से पुलिस के साथ समन्वय बना कर क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गयी। जनचौपाल के दौरान ग्रामीणों को सामाजिक कुरीतियों और अपराधों के प्रति जागरूक भी किया गया। अधिकारियों ने डायन प्रथा जैसी अमानवीय कुप्रथा के दुष्परिणाम बताते हुए इसके खिलाफ खुलकर आवाज उठाने की अपील की। बाल विवाह और बाल मजदूरी को कानूनन अपराध बताते हुए बच्चों की शिक्षा और सुरक्षित भविष्य पर जोर दिया गया।

## एसआईआर 2026 के तहत फॉर्म वितरण व डिजिटाइजेशन कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : उपायुक्त

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**मेदिनीनगर :** गहन विशेष पुनरीक्षण के तहत मतदाता सूची अद्यतन कार्यों की समीक्षा करते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्री दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने स्पष्ट कहा कि इन्यूमरेशन (गणना) फॉर्म के वितरण एवं डिजिटाइजेशन कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि निर्धारित समयसीमा के अनुरूप कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं मिलने पर संबंधित बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। बुधवार को उपायुक्त श्री शेखावत ने अपने कार्यालय कक्ष से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से SIR-2026 के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में हुसैनाबाद, विश्रामपुर एवं डालटनगंज विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचक निबंधन



पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े, जबकि पांकी एवं छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं जिला जनसंपर्क पदाधिकारी उपायुक्त कार्यालय कक्ष से बैठक में शामिल हुए। समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने एक-एक कर सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों से इन्यूमरेशन फॉर्म वितरण एवं डिजिटाइजेशन की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने पाया कि फॉर्म वितरण तथा डिजिटाइजेशन दोनों कार्यों की प्रगति अपेक्षा के अनुरूप नहीं है। इस पर उन्होंने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि एक दिन की प्रगति भी चिंताजनक है और इस महत्वपूर्ण निर्वाचन कार्य में इतनी धीमी गति किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। उपायुक्त ने कहा कि 30 जून से बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर इन्यूमरेशन फॉर्म वितरण का कार्य प्रारंभ किया गया है।

## विभावि के सीनेट व सिंडिकेट सदस्यों ने राज्यपाल से की मुलाकात

- नियमित बैठक, चतरा कॉलेज की जमीन, शिक्षकों की नियुक्ति व छात्रसंघ चुनाव समेत कई मांगों का सौंपा ज्ञापन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**चतरा :** विनोबा भावे विश्वविद्यालय (विभावि), हजारीबाग के सीनेट सदस्य राजेश कुमार, डॉ. संजय कुमार प्रभाकर, सिंडिकेट सदस्य डॉ। ललिता राणा ने राज्यपाल सह कुलाधिपति से मुलाकात कर विभिन्न शैक्षणिक एवं प्रशासनिक मांगों से सम्बन्धित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में विश्वविद्यालय के सीनेट एवं सिंडिकेट की नियमित बैठक सुनिश्चित करने, चतरा कॉलेज की जमीन की लीज का नवीकरण कराने, कॉलेज की जमीन को कॉलेज अथवा राज्यपाल के नाम निबंधित कराने तथा जिला प्रशासन द्वारा अधिग्रहित भूमि को कॉलेज के नाम हस्तांतरित करने की मांग की गई। इसके अलावा रामगढ़ महिला कॉलेज को उसके स्वयं के भवन में स्थानांतरित कर नियमित संचालन सुनिश्चित करने, नीड बेस्ड शिक्षकों एवं कर्मियों की शीघ्र नियुक्ति तथा छात्रसंघ चुनाव कराने की भी मांग उठायी गयी। सीनेट सदस्य राजेश कुमार ने बताया कि राज्यपाल ने सभी मांगों पर सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया है।

## नहर बेड पर अतिक्रमण से किसानों में आक्रोश
# कार्रवाई नहीं होने पर विभाग पर उठे सवाल

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**डंडई (गढ़वा) :** प्रखंड मुख्यालय स्थित डंडई में यदुवंशी पेट्रोल पंप के समीप नहर बेड की अतिक्रमित भूमि को अब तक अतिक्रमण मुक्त नहीं कराए जाने से स्थानीय किसानों में भारी आक्रोश है। किसानों का आरोप है कि विभागीय अधिकारियों को लगभग एक माह पूर्व दूरभाष के माध्यम से मामले की जानकारी दी गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। किसानों का कहना है कि बरसात शुरू होने के साथ उनकी चिंताएं बढ़ गई हैं। धान रोपनी का समय नजदीक है और नहर बेड पर बने मकान के कारण खेतों तक हल-बैल और कृषि उपकरण ले जाने में भारी परेशानी हो रही है। उनका कहना है कि यदि समय रहते अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो खेती-



किसानी प्रभावित होगी। किसान सुमंत लाल, राजू मेहता, अखिलेश साह, रामस्वरूप मेहता समेत अन्य ग्रामीणों ने बताया कि नहर बेड पर अतिक्रमण होने से वर्षों से उपयोग में आने वाला रास्ता बाधित हो गया है। नहर में पानी का बहाव शुरू होने पर उन्हें मजबूरन पानी में उतरकर दूसरी ओर जाना पड़ता है, जिससे दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। किसानों ने आरोप लगाया कि विभागीय अधिकारियों की उदासीनता से ऐसा प्रतीत होता है कि उनकी मिलीभगत से ही नहर की सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर मकान का निर्माण कराया गया है। उनका कहना है कि शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं होना कई सवाल खड़े करता है। गौरतलब है कि इससे पहले इस मामले में विभाग के कार्यपालक अभियंता नवीन महली ने नहर बेड को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए सहायक अभियंता को निर्देश देने की बात कही थी। हालांकि, अब तक मौके पर कोई कार्रवाई नहीं होने से किसानों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। वहीं, इस संबंध में पूछे जाने पर गढ़वा के एसडीओ कुमार मयंक भूषण ने कहा कि विभागीय स्तर पर कार्रवाई क्यों नहीं हुई, यह संबंधित विभाग का विषय है। उन्होंने कहा कि यदि किसान उनके समक्ष लिखित शिकायत प्रस्तुत करते हैं तो प्राथमिकता के आधार पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

## राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस पर राजहार सीएचसी में रक्तदान शिविर, छह यूनिट रक्त संग्रह



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**लातेहार :** राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस के अवसर पर बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी), राजहार में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ. राजमोहन खलखो, पूर्व सिविल सर्जन डॉ. एसपी शर्मा और डॉ. सुरेंद्र कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कार्यक्रम में चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों ने रक्तदान कर समाज को मानव सेवा का संदेश दिया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. राजमोहन खलखो ने कहा कि चिकित्सक केवल बीमारियों का इलाज ही नहीं करते, बल्कि समाज को स्वस्थ और सुरक्षित बनाने में भी अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि सेवा, समर्पण और मानवता की भावना ही चिकित्सा पेशे की सबसे बड़ी पहचान है। रक्तदान को मानवता की सबसे बड़ी सेवाओं में से एक बताते हुए उन्होंने कहा कि एक यूनिट रक्त कई मरीजों का जीवन बचाने में सहायक हो सकता है। उन्होंने लोगों से नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान करने की अपील की। डॉ. सुरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि रक्तदान से समाज में सेवा और सहयोग की भावना मजबूत होती है। इससे जरूरतमंद मरीजों को समय पर जीवनरक्षक रक्त उपलब्ध कराया जा सकता है। वहीं, पूर्व सिविल सर्जन डॉ. एसपी शर्मा ने कहा कि सभी स्वस्थ नागरिकों को समय-समय पर स्वैच्छिक रक्तदान करना चाहिए, ताकि रक्त की आवश्यकता होने पर किसी मरीज को परेशानी का सामना न करना पड़े।

## किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक व सरकारी योजनाओं से जोड़ने को लेकर 15 दिवसीय डिजिटल जागरूकता अभियान का शुभारम्भ
# किसानों तक कृषि सम्बन्धित योजनाओं की जानकारी पहुंचाना उद्देश्य

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू के किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, वैज्ञानिक खेती एवं कृषि विभाग की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने बुधवार को समाहरणालय परिसर से तीन डिजिटल कृषि जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। यह 15 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान जिले के सभी प्रखंडों एवं ग्राम पंचायतों में संचालित किया जाएगा। अभियान के तहत जागरूकता रथ पूर्व निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार पंचायतों का भ्रमण



करेंगे तथा ऑडियो-वीडियो एवं डिजिटल माध्यमों के जरिए किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, उन्नत बीजों, फसल विविधीकरण, जल संरक्षण, कृषि यंत्रीकरण, जैविक एवं प्राकृतिक खेती सहित विभिन्न कृषि गतिविधियों की जानकारी देंगे। इस अवसर पर उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य किसानों तक कृषि एवं इससे संबंधित विभागों की योजनाओं की जानकारी सरल और प्रभावी तरीके से पहुंचाना है, ताकि अधिक से अधिक किसान सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर अपनी आय में वृद्धि कर सकें। उन्होंने किसानों से अपील की कि जब जागरूकता रथ उनके पंचायत क्षेत्र में पहुंचे तो वे सक्रिय रूप से इसमें भाग लें तथा कृषि विशेषज्ञों एवं विभागीय अधिकारियों से संवाद कर उपलब्ध सुविधाओं और योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें। अभियान के दौरान प्रत्येक पंचायत में किसान संगोष्ठी का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें कृषि विशेषज्ञ एवं विभागीय अधिकारी किसानों को आधुनिक खेती की तकनीकों, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, पशुपालन, डेयरी विकास, मत्स्य पालन तथा अन्य आयवर्धक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी देंगे। साथ ही विभिन्न सरकारी योजनाओं की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया एवं तकनीकी सहायता से संबंधित जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी। इस अवसर पर जिला कृषि पदाधिकारी दीपक वर्मा,जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी सहित कृषि एवं संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## अधूरे द्वारी रेलवे स्टेशन पर कोल साइडिंग शुरू करने की तैयारी, सुरक्षा पर उठे सवाल

**चतरा :** शिवपुर-कठौतिया न्यू बीजी रेल लाइन पर बन रहे द्वारी रेलवे स्टेशन का निर्माण कार्य अब तक पूरा नहीं हुआ है। मुख्य भवन समेत कई अन्य निर्माण कार्य अधूरे हैं। इसके बावजूद यहां एनटीपीसी के कोयला परिवहन के लिए कोल साइडिंग शुरू करने की तैयारी की जा रही है। कुछ दिन पहले पर्याप्त तैयारी के बिना साइडिंग क्षेत्र में दो हाइवा कोयला गिरा दिया गया था। जिसके बाद विवाद बढ़ा और दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई। रेलवे स्टेशन परिसर में दो प्रशासनिक भवनों का निर्माण जारी है। दोनों भवनों की ढलाई पूरी हो चुकी है लेकिन एक भवन में प्लास्टर का काम बाकी है। जबकि दूसरे में प्लास्टर पूरा होने के बावजूद रंग-रोगन, दरवाजे और खिड़कियां लगनी बाकी हैं। वहीं, कोयला डंपिंग के लिए हार्ड सरफेस (हार्ड स्टैंड) का निर्माण भी नहीं हुआ है। पहली ही बारिश में परिसर में जलजमाव की स्थिति बन गई। ऐसे में अधूरी आधारभूत सुविधाओं के बीच कोल साइडिंग का संचालन शुरू करना सुरक्षा और प्रबंधन की दृष्टि से गंभीर चिंता का विषय माना जा रहा है। द्वारी बाजार में रेलवे साइडिंग के संचालक को लेकर दो पक्षों में हुई झड़प के मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। प्रथम पक्ष के उमेश गोप और द्वितीय पक्ष के विकास कुमार यादव के बयान पर गिद्धौर थाना में मामला दर्ज कर लिया गया है। हालांकि अब तक किसी की भी गिरफ्तारी नहीं हुई है।

## उद्यान, कृषि व सहकारिता विभाग के क्रियान्वयन को लेकर उप विकास आयुक्त ने की विस्तृत समीक्षा

# किसानों को जोड़ने पर जोर



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमलाः** उप विकास आयुक्त अनिमेष रंजन की अध्यक्षता में उद्यान, कृषि एवं सहकारिता विभाग की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्लस्टर आधारित उद्यान विकास, ह्वन डिस्ट्रिक्ट वन क्रॉपह्व योजना के तहत पपीता की खेती, मधुमक्खी पालन, कृषि निर्यात, विपणन और पोस्ट-हार्वेस्ट इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे विषयों पर चर्चा हुई। उप विकास आयुक्त ने निर्देश दिया कि सभी योजनाओं को क्लस्टर मॉडल पर लागू किया जाए, जिससे अधिक किसानों को एक साथ लाभ मिल सके और उत्पादन एवं विपणन व्यवस्था मजबूत हो। उन्होंने कहा कि लगभग 10-10 हेक्टेयर के क्लस्टर विकसित कर पपीता, सब्जी और अन्य फसलों की खेती को बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने जेएसएलपीएस के सहयोग से ग्राम सभाओं के माध्यम से इच्छुक किसानों का चयन करने और समय पर आवेदन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही अनुसूचित जाति, जनजाति, लघु एवं सीमांत किसानों और महिला स्वयं सहायता समूहों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया गया। बैठक में मधुमक्खी पालन, मशरूम उत्पादन, ड्रैगन फ्रूट, अमरूद, एवोकाडो जैसी उच्च मूल्य वाली फसलों को बढ़ावा देने और ड्रिप इरिगेशन जैसी तकनीक अपनाने पर भी चर्चा हुई। अधिकारियों को आपसी समन्वय से योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिये गये।

## रोटरी क्लब कोडरमा के नये सत्र की शुरुआत

# रक्तदान शिविर में 20 यूनिट रक्त संग्रहित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरीतिलैया :** रोटरी क्लब कोडरमा के सत्र 2026-27 का शुभारंभ बुधवार को डॉक्टर डे, चार्टर्ड अकाउंटेंट डे एवं रक्तदान शिविर के साथ हुआ। इस अवसर पर नवीन आर्य ने अध्यक्ष और मोहक सुल्तानिया ने सचिव के रूप में पदभार ग्रहण किया। रोटरी क्लब कोडरमा एवं इनर व्हील क्लब के संयुक्त तत्वावधान में रेड क्रॉस सोसाइटी के सहयोग से आयोजित रक्तदान शिविर में 20 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. संगीता प्रसाद एवं असिस्टेंट गवर्नर अमित कुमार ने किया। अध्यक्ष नवीन आर्य ने कहा कि रोटरी क्लब नए सत्र में समाज सेवा के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण कार्य करेगा। मुख्य अतिथि डॉ. संगीता प्रसाद एवं असिस्टेंट गवर्नर अमित कुमार ने रक्तदान को मानवता की सबसे बड़ी सेवा बताते हुए लोगों से नियमित रक्तदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि डॉक्टर और चार्टर्ड अकाउंटेंट समाज के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। इस अवसर पर डॉ. संगीता प्रसाद, डॉ. संतोष कुमार, डॉ. अलंकर्ता मंडल, डॉ. सागरमणि सेठ, डॉ. नम्रता सेठ तथा चार्टर्ड अकाउंटेंट सुधीर कुमार एवं प्रदीप हिसारिया को सम्मानित किया गया। सचिव मोहक सुल्तानिया ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि रोटरी क्लब भविष्य में भी रक्तदान एवं अन्य जनसेवा के कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा। कार्यक्रम में रोटरी एवं इनर व्हील क्लब के पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे।

## 10वीं की छात्रा ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**गुमला :** भरनो प्रखंड मुख्यालय स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय (केजीबीवी) के छात्रावास में बुधवार की अहले सुबह एक दर्दनाक घटना सामने आयी। विद्यालय की 10वीं कक्षा की छात्रा प्रियंका कुमारी ने छात्रावास के तीसरे तल स्थित अपने कमरे में दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद विद्यालय परिसर में अफरा-तफरी मच गयी। सूचना मिलने पर भरनो थाना पुलिस, शिक्षा विभाग एवं प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी। विद्यालय की वार्डन दिव्या टोप्पो ने बताया कि प्रतिदिन की तरह बुधवार सुबह छात्रावास की सभी छात्राएं पीटी (शारीरिक प्रशिक्षण) के लिए मैदान में गई थीं।

## धूमधाम से मनाया गया सिखों के छठे गुरु हरगोबिंद साहिब का प्रकाश पर्व, सजा विशेष दीवान

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरीतिलैया :** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में सिखों के छठे गुरु, साहिब श्री गुरु हरगोबिंद जी का प्रकाश पर्व (जयंती) श्रद्धा और बेहद धूमधाम के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर शाम 8:00 बजे से विशेष दीवान (धार्मिक सभा) सजाया गया, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। विशेष दीवान में मुख्य रूप से पधारे ज्ञानी राजा सिंह ने अपनी मधुर आवाज में गुरुबाणी और शबद-कीर्तन का गायन कर उपस्थित संगत को निहाल किया। पूरा गुरुद्वारा साहब वाहेगुरु के जयकारों से गुंजायमान रहा।

### ऐतिहासिक महत्व और मिस्सी रोटी का लंगर

**मौके** पर उपस्थित प्रबुद्ध संगत ने गुरु महाराज के जीवन इतिहास पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि गुरु हरगोबिंद साहिब जी का जन्म सिखों के पहले मुख्य ग्रंथि बाबा बुड्ढा जी के आशीर्वाद से हुआ था। उनके पिता सिखों के पांचवें गुरु श्री अर्जुन देव जी और माता माता गंगा देवी जी थीं।

### मान्यता और परम्परा

**पौराणिक** प्रसंग के अनुसार, माता गंगा जी ने बाबा बुड्ढा जी को मिस्सी रोटी, लस्सी और प्याज का लंगर (भोजन) छकाया था। इसी ऐतिहासिक घटना और परंपरा को याद करते हुए आज के दिन विशेष रूप से मिस्सी रोटी, लस्सी और प्याज का लंगर लगाया जाता है।

## मां की डांट से नाराज होकर लापता हुआ किशोर, एक साल बाद भी सुराग नहीं



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा :** चतरा जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र के बहेरी गांव से एक बेहद भावुक और चिंताजनक मामला सामने आया है। महज पढ़ाई को लेकर मां की डांट से नाराज होकर घर से निकला 15 वर्षीय किशोर पिछले एक वर्ष से लापता है। बेटे की तलाश में माता-पिता ने हर संभव कोशिश की, लेकिन आज तक उसका कोई सुराग नहीं मिल सका। अब थक-हारकर परिवार ने पुलिस से बेटे को खोज निकालने की गुहार लगाई है।जानकारी के अनुसार, बहेरी गांव निवासी राजदेव यादव का 15 वर्षीय पुत्र विकास कुमार 15 जुलाई 2025 को अचानक घर से लापता हो गया था। परिजनों के मुताबिक, विकास का पढ़ाई में मन नहीं लगता था। इसी बात को लेकर मां उसे अक्सर पढ़ने के लिए समझाती और कभी-कभी डांट भी देती थी। बताया जाता है कि उसी दिन मां की डांट से आहत होकर वह घर छोड़कर चला गया और फिर वापस नहीं लौटा। परिजनों ने रिश्तेदारों, परिचितों और संभावित ठिकानों पर उसकी काफी तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। इस बीच एक रिश्तेदार ने सूचना दी कि विकास को गया में एक दुकान पर काम करते देखा गया था। सूचना मिलते ही पिता वहां पहुंचे, लेकिन तब तक दुकान बंद हो चुकी थी और किशोर का कोई पता नहीं चल सका।विकास के पिता राजदेव यादव दिल्ली में मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। बेटे की तलाश में उन्होंने काम छोड़कर लगातार प्रयास किए, लेकिन हर कोशिश नाकाम रही। अंततः मंगलवार को माता-पिता हंटरगंज थाना पहुंचे और बेटे की बरामदगी के लिए आवेदन देकर पुलिस से मदद की गुहार लगायी। हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात ने बताया कि परिजनों के आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस किशोर की तलाश में जुट गई है।

## काली यादव के समर्थन में भाजपा का आक्रोश प्रदर्शन, निष्पक्ष जांच की उठी मांग



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा :** भारतीय जनता पार्टी, चतरा जिला के जिला प्रवक्ता काली यादव के समर्थन में बुधवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय में विशाल आक्रोश प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा के जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोगता ने किया। भाजपा कार्यकर्ता केसरी चौक से जुलूस की शक्ल में नारेबाजी करते हुए जिला समाहरणालय स्थित उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि वर्ष 2024 के विधानसभा चुनाव के दौरान राजद प्रत्याशी रश्मि प्रकाश के पति मुकेश भोगता द्वारा राजनीतिक दुर्भावना से काली यादव के विरुद्ध एससी/एसटी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कराया गया था। पार्टी का कहना है कि हाल के दिनों में इसी मामले में पुलिस ने काली यादव को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया, जिसका भाजपा कड़ा विरोध करती है। सभा को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोगता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कानून और संविधान का सम्मान करती है, लेकिन राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से दर्ज किए गए कथित झूठे मुकदमों को किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने मामले की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच कर न्याय दिलाने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हुई तो भाजपा लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन को और व्यापक करेगी। इसी क्रम में सिमरिया विधायक कुमार उज्ज्वल दास ने भी मंच से तीखा हमला बोलते हुए राजद नेताओं के खिलाफ जोरदार नारे लगाए। उन्होंने 'सत्यानंद भोक्ता मुदार्बाद' और 'सत्यनंद भोक्ता होश में आओ' के नारे बुलंद किए। विधायक ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं को डराने-धमकाने की कोशिश किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि सत्यानंद भोक्ता राजद पार्टी होश में रहें और भाजपा कार्यकताओं को डराने-धमकाने का काम तुरंत बंद करें। उन्होंने कहा कि जो भी भाजपा कार्यकताओं से टकराने की कोशिश करेगा, वह चूर-चूर हो जाएगा। उनके इस बयान के बाद मौके पर मौजूद कार्यकर्ताओं में भारी जोश देखा गया और पूरे परिसर में भाजपा समर्थकों ने जोरदार नारेबाजी की।

**हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग**
municipality_08@rediffmail.com

पत्रांक III/लो०नि०शा० / 11 / 2026 / 2705 दिनांक 25.06.2026

**निविदा रद्द सूचना**

हजारीबाग नगर निगम कार्यालय द्वारा प्रकाशित UDD/HMC/HZB/12/2026-27 जिसका PR No. 380801 हैं, ग्रुप नं० 05 में Construction of P.C.C Road from the H/o Bhagwan Prajapati to N.H.-33 Masipirhi, Hazaribag in ward no. 36 (Thirty Six) Under Municipal Corporation, Hazaribag के कार्य को अपरिहार्य कारणों से निविदा रद्द किया जाता है।

ह०/–
नगर आयुक्त
नगर निगम, हजारीबाग

PR 383661 Urban Development and Housing(26-27).D

**हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग**
municipality_08@rediffmail.com

पत्रांक III/लो०नि०शा० / 11 / 2026 / 2704
दिनांक 25.06.2026

**निविदा रद्द सूचना**

हजारीबाग नगर निगम कार्यालय द्वारा प्रकाशित UDD/HMC/HZB/08/2026-27 जिसका PR No. 380402 हैं, ग्रुप नं० 03 में Beautification of Patratu Talab Under Municipal Corporation, Hazaribag के कार्य को अपरिहार्य कारणों से निविदा रद्द किया जाता है।

ह०/–
नगर आयुक्त
नगर निगम, हजारीबाग

PR.NO.383656 Urban Development and Housing(26-27):D

**झारखण्ड सरकार श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,**
**जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेंटर खूँटी**
**रोजगार मेला–03.07.2026**

राज्य के बेरोजगार युवक/युवतियों को देश–विदेश के निजी क्षेत्रों में रोजगार के सुअवसर प्राप्त करने हेतु नियोजित करने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय खूँटी के द्वारा दिनांकः–03 जुलाई 2026, दिन शुक्रवार को पूर्वाहन् 10:00 बजे से कचहरी मैदान, खूँटी में रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। उक्त रोजगार मेला में अब तक निम्नलिखित नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है:–

| SN | Name and Address of the Employers | Name of the Post | No. Of Vacancies Male | Female | Qualification | Experience | Salary | Age (Min - Max) | PF & ESIC (Yes/No) | Accommodation & Food Services (Yes/No) | Job Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| i | ii | iii | iv | v | vi | vii | viii | ix | x | xi | xii |
| 01 | Terrier Security Services, Karnataka | Security Guard | 100 | 50 | 10th & above | Any | 17000/- 23000/- | 20-40 | Yes | NO | PAN India |
| 02 | PANIIT Alumni Reach for Jharkhand Foundation, Ranchi | Tiles Mason, Plumber, Electrical, Pipefitter | 120 | 00 | 10th & above | Any | 30000/- INR 40000 APPROX | 18-32 | No | Yes | DUBAI |
| | | Plumber Construction | 70 | 00 | 5TH & above | Any | 20000/- 24000/- | 18-32 | Yes | Yes | PAN INDIA |
| | | Electrical Vehicle Driving | 40 | 00 | 10th & above | Any | 17000/- 22000/- | 18-32 | No | Yes | |
| | | Forklift Operator | 60 | 15 | 10th & above | Any | 21000/- | 18-32 | Yes | Yes | |
| | | Assembly Line Operator & Industrial CMO (GIRLS) | 50 | 50 | 8th & above | Any | 15000/- 17000/- | 18-28 | Yes | Yes | |
| 03 | Vision India Services Pvt. Ltd., Ranchi | Production Associate | 50 | 50 | 12th, ITI, Diploma | Any | 17000/- 23000/- | 18-27 | No | Yes | Bangalore |
| | | Assembly Line Operator | 50 | 50 | 12th, ITI, Graduation | Any | 18000/- 23000/- | 18-27 | | | |
| | | Trainee | 50 | 50 | 10th,12th, ITI | Any | 17000/- 19500/- | 18-26 | | | Goa |
| 04 | M/S Ranchi Security Pvt. Ltd, Ranchi | Centre Manager | 02 | 02 | Graduation | 5 Years | 20000/- 30000/- | 18+ | Yes | Yes | Ranchi, Gumla, Khunti |
| | | MIS Executive | 05 | 05 | Graduation | 5 Years | 15000/- 17000/- | | | | |
| | | SMO/SET Trainer | 05 | 05 | Intermediate | 5 Years | 15000/- 17000/- | | | | |
| | | Housekeeping Staff | 03 | 02 | Any | 1 Years | 6000/- 8000/- | | | | |
| | | Cook | 03 | 02 | Any | 2 Years | 8000/- 13000/- | | | | |
| | | Mobilizer/Field Officer | 05 | 05 | 10th | 1 Year | 12000/- 15000/- | | | | |
| 05 | Mod mobiles/ Maruti Suzuki Authorized Service Center Khunti | Operation Service Manager | 01 | 01 | MBA + Automobile Diploma/ Graduate | 3 Years | 20000/- 25000/-- | 25-35 | Yes | No | Khunti |
| | | Service Advisor /Supervisor | 02 | 02 | ITI, Graduate, Diploma In Automobile | 3 Years | 15000/- 20000/- | | | | |
| | | Head Mechanic | 02 | 00 | ITI, Diploma In Automobile | 5 Years | 15000/- 25000/- | | | | |
| | | Helper Mechanic | 02 | 00 | 10th | Basic Knowledge | 8000/- 10000/- | 20-30 | | | |
| | | Store Keeper | 01 | 01 | Graduate | Computer Knowledge | 10000/- 15000/- | 22-35 | | | |
| | | Customer Care Executive | 01 | 01 | | Good Communication Skill | 8000/- 10000/- | 20-30 | | | |
| | | Car Wash Staff | 01 | 00 | 10th | Basic Experience | 8000/- 10000/- | 20-35 | | | |
| | | Cleaning Staff | 01 | 01 | 10th | Office Cleaning Experience | 6000/- 10000/- | 20-35 | | | |
| | | Accountant | 01 | 01 | B.COM | 2-3 Years | 18000/- 20000/- | 20-35 | | | |
| 06 | Shiv ford Group, Pune | Assembly Line Operator | 50 | 50 | 12th, ITI, Diploma, Graduate | Fresher | 21500/- | 18-35 | Yes | Yes | Pune |
| | | Assembly Line operator Quality Dept | 50 | 50 | | | 24000/- | | | | |
| | | Machine Operator | 50 | 50 | | | 22000/- | | | | |
| 07 | LIC, Khunti | Bima Sakhi | 00 | 50 | 10th & above | Fresher | 7000/-p/m +Commission | 18-65 | No | No | Home Town |
| | | LIC Advisor | 20 | 20 | | | | | | | |
| 08 | L & T Construction, West Bengal | Civil | 50 | 00 | 8th -12th | Fresher | 16400/- | 18-35 | No | Yes | Odisa, Chhattisgarh, Maharashtra |
| | | Welder | 25 | 00 | ITI | | | | | | |
| | | Fitter | 25 | 00 | | | | | | | |
| | | Electrician | 10 | 00 | | | | | | | |
| 09 | Premsons Bajaj, Ranchi | Sales Executive | 05 | 00 | 12th & Graduate | Fresher | 12000/- | 18-35 | No | No | Khunti, Ranchi etc. |
| | | Technician | 05 | 00 | ITI | | 12000/- | | | | |
| | | Team Leader | 02 | 00 | Graduate | 1 Year | 18000/- | | | | |
| | | Branch Manager | 01 | 00 | Graduate | 2 Years | 30000/- | | | | |
| 10 | Walkaroo International Pvt. Ltd. Coimbatore | Helper | 50 | 00 | Any | Fresher | 12800/- 14780/- | 18-35 | Yes | Yes | Pan India |
| 11 | Namra Finance, Khunti | Field Officer | 06 | 04 | 10th & above | Learning License and Driving License is mandatory | 12000/- 13000/- | 19-32 | No | Applicable as per employment type | Khunti, Torpa, Bero, Bundu |
| 12 | MRF Ltd, Gujarat | Apprenticeship trainee | 100 | 00 | 10th, 12th, ITI, Diploma | Fresher | 17500/- | 18-28 | No | Yes | Ponda, Goa |
| 13 | First Security and outsourcing company, Ranchi | Security Guard | 50 | 20 | 10th & above | Fresher | 9000/- 11000/- | 18-35 | No | Yes | Khunti, Ranchi |
| | | Security Supervisor | 10 | 10 | 12th & above | 1-2 Years | 10000/- 15000/- | 21-40 | | | |
| | | Security Officer | 10 | 10 | Graduate | 2-3 Years | 13000/- 16000/- | 25-45 | | | |
| | | Housekeeping | 10 | 10 | 8th & above | Any | 8000/- 9000/- | 21-40 | | | |
| | | Housekeeping Supervisor | 05 | 05 | 12th, Graduate | 2-3 Years | 10000/- 15000/- | 21-40 | | | |
| 14 | LMS Corporate services Pvt Ltd, Bangalore | Operator | 50 | 50 | 10th, 12th, ITI, Diploma | Fresher | 19000/- | 18-30 | Yes | No | Hosur |
| | | Trainee | 50 | 50 | 10th, 12th, ITI, Diploma | Fresher | 19000/- | 18-30 | Yes | No | |
| 15 | Seva Sahyog Security & Facility Management Pvt. Ltd. Jamshedpur | Security Guard | 50 | 10 | 10th & above | Fresher | 10000/- 19000/- | 18-45 | Yes | Yes | Jharkhand, West Bengal, Orissa |
| | | Security Supervisor | 07 | 00 | Graduation | 1 Year | 15000/- 25000/- | 22-45 | | | |
| 16 | Blinkit Ltd, Ranchi | Picker | 50 | 10 | 8th & above | Fresher | 14000/- 22000/- | 18-35 | Yes | Yes | Gurgaon, Mumbai, Bangalore, Noida |
| | | Packer | 50 | 10 | | | | | | | |
| | | Scanner | 50 | 10 | | | | | | | |
| | | Billing | 20 | 10 | | | | | | | |
| 17 | Utkarsh Small Finance Bank, Ranchi | Trainee Credit Officer | 50 | 00 | 12th & above | DL Mandatory | 16000/- | 18-32 | Yes | Yes | Jharkhand |
| | | Trainee Relationship Officer | 30 | 00 | Graduate | | 17000/- | | | | |
| 18 | Quantum Knits Pvt Ltd, Coimbatore | SMO | 00 | 100 | 8th & above | Fresher | 15000/- | 18-30 | Yes | Yes | Tamilnadu |
| | | Nurse | 00 | 02 | ANM | 1 Year | 20000/- | 18-40 | | | |
| | | Warden | 00 | 02 | 12th & above | 1 Year | 22000/- | 25-40 | | | |
| | | Training Floor In charge | 02 | 00 | Diploma in Textile | 1 Year | 25000/- | 20-35 | | | |
| | | Helper | 25 | 00 | Any | Fresher | 19255/- | 20-45 | | | |
| | | State Manager | 01 | 01 | Graduate | 3 Years | 35000/- 45000/- | 25-45 | Yes | No | Jharkhand |
| | | District Coordinator | 02 | 02 | Graduate | 2 Years | 28000/- | 25-40 | | | |
| | | Block Coordinator | 05 | 05 | 12th & above | 1 Year | 18000/- | 20-40 | | | |
| 19 | FA Gifts Pvt. Ltd (Bakingo) Gurugram | Kitchen Trainee | 50 | 10 | 10th & above | Fresher | Stipend (12000/- 1500/) | 18+ | Yes (Insurance 5 Lakhs) | Yes | Bangalore, Gurugram |
| | | Comi 3/2/1 | 50 | 00 | Diploma in hotel management | 1-4 Years | Interview based | 18-28 | | | PAN India |
| 20 | GR Management Solution, Bangalore | Machine Operator/Quality Checker | 50 | 00 | 10th, ITI | Fresher | 22000/- | 18-30 | Yes | No | Bangalore |
| | | Assembly Line Operator | 50 | 00 | 12th, ITI, Graduate | | 21000/- | | | | |
| | | Mobile Assembly Operator | 00 | 50 | 10th, 12th, ITI, Graduate | | 20259/- | | | | |
| | | Ward Boy/Girl | 20 | 20 | 10th, 12th, Graduation, GDA etc. | GDA | 17000/- | | | Yes | Chennai |
| 21 | Guardian Security Solution Pvt. Ltd, Saran, Bihar | Security Guard | 100 | 00 | 10th & above | Fresher | 18500/- | 18-40 | Yes | Yes | Ranchi |
| | | Security Supervisor | 50 | 00 | Graduation | | 22500/- | 21-37 | | | |
| 22 | Airtel Payment Bank, Ranchi | ADBE | 10 | 05 | 10th & above | 2 Years Exp in Field Sales | 13100/- | 21-40 | Yes | No | Khunti All Block |
| 23 | National Career Service Centre for Differently Abled Govt. Of India, Ranchi | Trainee (Vocational non-Formal) | 40 | 40 | Any | Any | Stipend 2500/- Per Month for 12 Months | 15-50 | No | No | Training at NCSC-DA, Ranchi |
| 24 | Bharat Financial Inclusion Ltd, Ranchi | Loan Officer | 50 | 00 | 12th & above | Fresher & Exp both | 14935/- 19800/- | 18-32 | Yes | No | PAN Jharkhand |
| 25 | Zomato Pvt. Ltd, Ranchi | Picker | 50 | 00 | 10th & above | Any | 20000/- | 18-35 | Yes | Yes | South India |
| | | Billing | 30 | 00 | | | | | | | |

इच्छुक आवेदक (उम्मीदवार) जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा jharniyojan.jharkhand.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त रोजगार मेला में नियोजकों के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्र, अंक प्रमाण पत्र, जाति एवं आवासीय प्रमाण पत्रों की छाया प्रति तथा बायोडाटा दो प्रतियों में दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ साक्षात्कार हेतू उपस्थित हो सकते है। जो उम्मीदवार पूर्व में निबंधित है उन्हे पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। चूंकि रिक्तियाँ निजि क्षेत्र से संबंधित है, अतएव चयन की प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं रहेगा। विभाग एवं नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहें है। रोजगार मेला में भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

PR 383644 Labour Employment and Traning(26-27)D

**जिला नियोजन पदाधिकारी खूँटी।**

## एक झलक

### जेएलकेएम पूर्व संगठन मंत्री फलिंद्र करमाली ने श्राद्धकर्म के लिए किया सहयोग



**अनगड़ा :** जेएलकेएम के पूर्व संगठन मंत्री फलींद्र करमाली के नेतृत्व में मंगलवार देर रात को खिजरी विधानसभा अंतर्गत अंनगड़ा प्रखण्ड के राजाडेरा निवासी स्वर्गीय महावीर सिंह घटवार की बीते दिनों कुछ कारण मृत्यु हो गई थी। जिसका श्राद्धकर्म के लिए सुखा राशन समाग्री का सहयोग किया गया। जेएलकेएम नेता फलिंद्र करमाली ने इस दुख की घड़ी में दुखियारी परिवार को दुख सहने की सांत्वना देते हुए सुखा राशन देकर सहयोग किया। मौके पर उपस्थित जेएलकेएम के प्रखंड कोषाध्यक्ष दीपक महतो, सह कोषाध्यक्ष कृष्णमोहन लोहरा और जेएलकेएम के साथी जनक महतो, राजकुमार महतो, शंकर महतो, पोदो सिंह, पंकज सिंह घटवार, सुरज सिंह घटवार, उपस्थित थे।

### बुढ़मू थाना परिसर में जन शिकायत कोषांग आयोजित

**बुढ़मू :** वरिय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बुधवार को बुढ़मू थाना परिसर में जन शिकायत कोषांग आयोजित की गई। जिसमें ग्रामीणों ने अपनी शिकायतों को थाना प्रभारी नवीन शर्मा के समक्ष रखा, जिसकी त्वरित मिष्पादन किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी नवीन शर्मा ने कहा कि इस प्रकार का आयोजन समय समय पर वरिय पुलिस अधिकारियो के निर्देश पर हमलोग करेंगे, जिसकी जानकारी पूर्व में न्यूज व सोशल मिडिया आदि माध्यमो से दी जाएंगी। ग्रामीण थाना परिसर में आकर शिकायत दर्ज करवा सकते है तथा फोन या व्हाट्सप्प 9431706190 के माध्यम से शिकायत दर्ज करा सकते है। साथ ही थाना परिसर में शिकायत पेटीका में आवेदन डालकर शिकायत दर्ज कराया जा सकता है।

### बिरसा अस्पताल में और एक महीने जारी रहेगी नि:शुल्क चिकित्सा सेवा

**खूंटी :** खूंटी–रांची मुख्य मार्ग पर जियारप्पा स्थित बिरसा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस एंड रिसर्च (बिमसार) में मरीजों के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाओं की अवधि एक माह और बढ़ा दी गई है। अस्पताल प्रबंधन ने घोषणा की है कि 01 जुलाई से 31 जुलाई तक अस्पताल में सभी प्रकार की ओपीडी, जांच, उपचार और ऑपरेशन की सुविधाएं पूरी तरह नि:शुल्क उपलब्ध रहेंगी। डॉक्टर्स डे पर अस्पताल में बुधवार को आयोजित प्रेस वार्ता में अस्पताल के निदेशक अशोक कुमार भगत और उपनिदेशक डॉ नागेश्वर मांझी ने बताया कि पिछले एक महीने में बिमसार ने जनसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने कहा कि 01 जून से 30 जून के बीच अस्पताल में 21,344 मरीजों की नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच की गई, जबकि 80,251 नि:शुल्क पैथोलॉजी जांच कराई गई। इन जांचों पर अस्पताल की ओर से लगभग 18 लाख रुपये खर्च किए गए। उन्होंने बताया कि जून महीने में 207 मरीजों का नि:शुल्क अल्ट्रासाउंड और 345 मरीजों का एक्स–रे किया गया। इसके अलावा 195 मरीजों को 11.75 लाख रुपये मूल्य की दवाएं पूरी तरह नि:शुल्क उपलब्ध कराई गईं।

# चुट्टूपालू घाटी में ब्रेक फेल ट्रेलर ने नौ वाहनों को मारी टक्कर

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़-रांची राष्ट्रीय राजमार्ग-33 स्थित चुट्टूपालू घाटी में बुधवार को एक बार फिर भीषण सड़क हादसा हो गया। रांची से रामगढ़ की ओर आ रहा एक अनियंत्रित ट्रेलर घाटी में ब्रेक फेल होने के बाद बेकाबू हो गया और उसने एक के बाद एक नौ वाहनों को टक्कर मार दी। हादसे में कई लोग घायल हो गए, जबकि सभी वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। राहत की बात यह रही कि दुर्घटना में किसी की जान नहीं गई। घटना की सूचना मिलते ही मुख्यालय पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) अकरम राजा और रामगढ़ थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडे



पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू करवाया गया। घायलों को सुरक्षित बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। डीएसपी अकरम राजा ने बताया कि रेलवे का पहिया (चक्का) लादकर रांची से रामगढ़ की ओर जा रहा ट्रेलर (एनएल-01-एडी-7009) चुट्टूपालू घाटी में पहुंचते ही ब्रेक फेल होने के कारण अनियंत्रित हो गया। इसके बाद ट्रेलर ने अपने सामने चल रहे वाहनों को टक्कर मारना शुरू कर दिया। हादसे में एक यात्री बस (जेएच-02-बीक्यू-9799), पांच कारें (जेएच-01-बीएक्स-8969, जेएच-01-जीपी-2723, जेएच-01-एफएफ-3943, जेएच-24-एम-9939 और जेएच-01-ईएम-1348), दो मोटरसाइकिलें (जेएच-10-सीसी-2105 और जेएच-01-ईजी-4792) तथा एक कंटेनर (जीजे-01-एचटी-2374) क्षतिग्रस्त हो गए। दुर्घटना में बस की महिला यात्रियों सहित कारों और मोटरसाइकिलों पर सवार कई लोग घायल हुए। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद रामगढ़ सदर अस्पताल तथा शहर के निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस के अनुसार अधिकांश घायलों की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। हादसे के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया। दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटाने और सड़क को सामान्य करने में पुलिस एवं प्रशासन को काफी मशक्कत करनी पड़ी। लगभग पांच घंटे तक चुट्टूपालू घाटी में लंबा जाम लगा रहा, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। बाद में क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाकर यातायात को धीरे-धीरे सामान्य कराया गया।

## स्वतंत्रता सेनानी अब्दुल कयूम अंसारी को मिले 'भारत रत्न', जल्द गठित हो मदरसा बोर्ड : मोमिन कॉन्फ्रेंस



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** झारखंड प्रदेश मोमिन कॉन्फ्रेंस की प्रदेश स्तरीय बैठक बुधवार को रांची स्थित अंजुमन प्लाजा में प्रदेश अध्यक्ष आबिद अली की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में अल्पसंख्यकों के अधिकार, शिक्षा, सुरक्षा, राजनीतिक भागीदारी एवं रोजगार से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करते हुए सर्वसम्मति से 11 सूत्रीय प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक में महान स्वतंत्रता सेनानी स्व. अब्दुल कयूम अंसारी को मरणोपरांत 'भारत रत्न' से सम्मानित करने, झारखंड में मदरसा बोर्ड का शीघ्र गठन करने तथा झारखंड विधानसभा से पारित मॉब लिंचिंग विधेयक को तत्काल लागू करने की मांग की गई। साथ ही अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थानों के लिए संविधान के अनुच्छेद 30 के अनुरूप शासी निकाय संबंधी स्पष्ट नियमावली बनाने की भी मांग उठाई गई। इसके अतिरिक्त अल्पसंख्यकों को आबादी के अनुपात में राजनीतिक प्रतिनिधित्व, युवाओं के लिए रोजगार एवं कौशल विकास, सरकारी रिक्त पदों पर शीघ्र बहाली, प्रधानमंत्री के 15 सूत्री कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन तथा एसआईआर एवं आगामी जनगणना को लेकर व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया।

## कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट्स के सहयोग से स्वच्छता पखवाड़ा-2026 के अंतर्गत आयोजित 'स्वच्छता ऑन कैनवास' चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति नई पीढ़ी को जागरूक बनाने के उद्देश्य से सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के द्वारा एवम कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट्स के सहयोग से स्वच्छता पखवाड़ा-2026 के अंतर्गत आयोजित 'स्वच्छता ऑन कैनवास' चित्रकला प्रतियोगिता ने विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को नई उड़ान दी। कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट्स, डोरंडा में आयोजित इस प्रतियोगिता में रांची के 30 प्रतिष्ठित विद्यालयों के 180 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी रंग-बिरंगी चित्रकृतियों के माध्यम से स्वच्छ भारत और हरित भारत का प्रभावी संदेश दिया। प्रतियोगिता का




आयोजन चार आयु वर्गों में किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने स्वच्छ भारत-हरित भारत, मेरा स्वप्न स्वच्छ भारत, स्वच्छता ही सेवा, स्वच्छ सड़कें-स्वस्थ जीवन तथा स्वच्छता ईश्वर के निकट है जैसे विषयों पर आकर्षक चित्र प्रस्तुत किए। बच्चों की कल्पनाशीलता और सामाजिक सरोकार से परिपूर्ण चित्रों ने स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण तथा नागरिक कर्तव्यों के प्रति उनकी सकारात्मक सोच को जीवंत रूप से प्रदर्शित किया। कार्यक्रम में सीसीएल के सीएसआर विभाग की प्रबंधक पूजा प्रसाद एवं प्रबंधक चंदन कुमार ने विद्यार्थियों की चित्रकृतियों का अवलोकन कर उनकी रचनात्मक क्षमता की सराहना की। उन्होंने कहा कि बच्चों में स्वच्छता के संस्कार विकसित करना समाज के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है और कला इसके लिए सबसे प्रभावी माध्यमों में से एक है। इस अवसर पर कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट्स के निदेशक एवं वरिष्ठ कलाकार धनंजय कुमार सहित संस्थान के सभी शिक्षक एवं प्रशिक्षक भी उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि कला समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का सशक्त माध्यम है और ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करती हैं। प्रतियोगिता के परिणाम भी घोषित किए गए। ग्रुप-ए में प्रशांत रजवार, ग्रुप-बी में विवान शौर्य, ग्रुप-सी में आर्यन मालाकार तथा ग्रुप-डी में भूमिका दत्ता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, जबकि प्रतियोगिता में शामिल सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण-पत्र एवं रंग सामग्री प्रदान कर उनका उत्साह बढ़ाया गया।

## कोराम्बे में झारखंड ग्रामीण बैंक की 462वीं शाखा बनी ग्रामीण विकास की नयी पहचान

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़) :** वर्षों से बैंकिंग सुविधा के अभाव का सामना कर रहे कोराम्बे एवं आसपास के ग्रामीणों के लिए झारखंड ग्रामीण बैंक की 462वीं शाखा का शुभारंभ एक ऐतिहासिक उपलब्धि बनकर सामने आया है। महावीर चौक, कोराम्बे में शुरू हुई यह शाखा लगभग 25 से 30 गांवों के हजारों ग्रामीणों के लिए राहत, विश्वास और विकास का नया केंद्र बन गई है। विशेष रूप से अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग बहुल क्षेत्र के लोगों को अब बैंकिंग कार्यों के लिए 10 से 15 किलोमीटर की दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी। इससे समय, धन और श्रम–तीनों की बचत होगी तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी। शाखा का उद्घाटन मुख्य अतिथि बैंक के चेयरमैन मदन मोहन बरियार ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। समारोह की गरिमा उस समय और बढ़ गई जब बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि एवं बैंक अधिकारी उपस्थित हुए। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रबंधक भोला दानी, वरिष्ठ प्रबंधक महेश कुमार लाभ, शाखा प्रबंधक विकास कुमार रंजन, कार्यालय सहायक अशोक कुमार गुप्ता एवं अरुण कुमार सिंह सहित बैंक के अन्य अधिकारी मौजूद थे। उद्घाटन समारोह के दौरान बैंक ने ग्रामीणों, किसानों, महिलाओं, युवाओं एवं अन्य लाभुकों के लिए विभिन्न बैंकिंग योजनाओं की शुरूआत करते हुए अनेक सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराया। बैंक के प्रति लोगों के उत्साह का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उद्घाटन



के अवसर पर ही 625 बचत खाते खोले गए। इसके साथ ही 8 चालू खाते, 2 किसान क्रेडिट कार्ड, 3 कृषि अवधि ऋण, 1 कृषि अवसंरचना निधि ऋण, 1 ग्रामीण अवसंरचना वित्त योजना, 1 लघु परिवहन ऋण तथा 1 आवास ऋण स्वीकृत कर लाभुकों को प्रदान किए गए। वहीं लोकेश कुमार को ट्रैक्टर ऋण का स्वीकृति-पत्र एवं चेक भी प्रदान किया गया। किसी नई ग्रामीण शाखा के लिए इतने कम समय में यह उपलब्धि अत्यंत सराहनीय मानी जा रही है और यह क्षेत्रवासियों के गहरे विश्वास को दशार्ती है। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि मदन मोहन बरियार ने कहा कि यह शाखा केवल लेन-देन का केंद्र नहीं, बल्कि ग्रामीण समृद्धि, आर्थिक आत्मनिर्भरता और सामाजिक बदलाव की मजबूत आधारशिला बनेगी। उन्होंने कहा कि कोराम्बे क्षेत्र के लोगों की वर्षों पुरानी मांग और आवश्यकता को देखते हुए इस शाखा की स्थापना की गई है। अब इस बैंक को सफल बनाना और अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ना क्षेत्रवासियों की भी साझा जिम्मेदारी है।

## रोटरी क्लब ऑफ रांची साउथ ने हरित पहल के साथ रोटरी वर्ष 2026-27 का किया शुभारम्भ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** रोटरी वर्ष 2026-27 के शुभारंभ के अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ रांची साउथ ने अपने प्रथम सेवा प्रकल्प के रूप में डिवाइन ग्रेस आश्रम, चरनबेड़ा, नामकुम में एक वृक्षारोपण अभियान आयोजित किया। इस पहल के माध्यम से क्लब ने पर्यावरण संरक्षण एवं सामुदायिक सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुनः सशक्त किया।

इस अवसर पर कुसुम, नीम, करंज, कटहल एवं सखुआ के कुल 70 पौधों का रोपण किया गया, जिससे हरित आवरण बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दिया जा सके। कार्यक्रम स्थल पर फादर अल्बिनो एवं फादर बिनॉय ऑगस्टीन ने रोटरी टीम का स्वागत किया तथा भविष्य में भी पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यों में सहयोग का आश्वासन दिया। यह रोटरी क्लब ऑफ रांची साउथ के रोटरी वर्ष 2026-27 का पहला सेवा प्रकल्प था, जो अध्यक्ष रोटेरियन राजा बागची, सचिव रोटेरियन शिवेंद्र मोहन एवं कोषाध्यक्ष रोटेरियन योगेंद्र साहू के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सुश्री अनीमा बा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके प्रयासों से क्लब को यह नया प्रोजेक्ट स्थल प्राप्त हुआ, जहाँ भविष्य में अनेक जनहित एवं सेवा परियोजनाएँ संचालित की जाएँगी।

## डॉ. प्रेरणा हाजरा और डॉ. आयुष हाजरा चल रहे हैं अपने माता-पिता की राह पर



**धनबाद :** धनबाद शहर के मशहूर चिकित्सक डॉक्टर विकास हाजरा और डॉक्टर प्रेमा हाजरा की बेटी डॉक्टर प्रेरणा हाजरा और बेटा डॉक्टर आयुष हाजरा अपने माता-पिता की राह पर चल रहे हैं। डॉक्टर दिवस के अवसर पर डॉ. प्रेरणा हाजरा ने भारत के शीर्ष सरकारी संस्थान वर्धमान महावीर मेडिकल कॉलेज और सफदरजंग अस्पताल में जूनियर रेजिडेंट बन कर, प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग को ज्वॉइन किया। डॉ. विकास हाजरा और डॉ. प्रेमा हाजरा के दोनों बच्चे डॉक्टरी के फील्ड में अपने माता और पिता का नाम ऊंचा कर रहे हैं। धनबाद में लोगों को विश्वास है कि दोनों बच्चों की शीघ्र ही अपने घर धनबाद शहर में वापसी होगी। कोयलांचल समेत पूरा झारखंड डॉक्टर विकास हाजरा और डॉक्टर प्रेमा हाजरा की कमी महसूस करता है। दोनों बच्चों में लोग इनके माता-पिता को ढूंढते हैं। उल्लेखनीय है कि हाजरा हॉस्पीटल में हुए अग्नि कांड में हाजरा दम्पति की मृत्यु हो गयी थी।

## रजरप्पा क्षेत्र में स्वच्छता पखवाड़ा–2026 का भव्य समापन
## विजेता छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रजरप्पा (रामगढ़) :** रजरप्पा क्षेत्र में स्वच्छता पखवाड़ा-2026 का सम्मान सह समापन समारोह बुधवार को उत्साह एवं गरिमापूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शम्भू कुमार सिन्हा, महाप्रबंधक (उत्खनन), रजरप्पा क्षेत्र थे। इस अवसर पर स्टाफ अधिकारी (मानव संसाधन) रामानुज प्रसाद, क्षेत्रीय प्रशिक्षण अधिकारी ओ. पी. प्रभाकर तथा क्षेत्रीय नोडल अधिकारी (सीएसआर) आशीष झा सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय नोडल अधिकारी (सीएसआर) आशीष झा ने किया। समारोह में डीएवी पब्लिक स्कूल, रजरप्पा प्रोजेक्ट, सरस्वती विद्या मंदिर, रजरप्पा प्रोजेक्ट, उत्क्रमित उच्च विद्यालय, रजरप्पा प्रोजेक्ट, एपेक्स पब्लिक स्कूल, मारंगमर्चा तथा आर.के. इंटरनेशनल स्कूल, मारंगमर्चा के छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। समापन समारोह के दौरान स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित स्वच्छता विषयक चित्रकला प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति-पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही स्वच्छता का प्रभावशाली संदेश देने वाले नुक्कड़ नाटक में उत्कृष्ट प्रस्तुति देने वाले बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण 'कबाड़ से कंचन' प्रतियोगिता रही, जिसके अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने अनुपयोगी एवं कबाड़ सामग्री से तैयार किए गए आकर्षक, उपयोगी एवं पर्यावरण-अनुकूल मॉडल प्रस्तुत किए। प्रतिभागियों की रचनात्मकता और नवाचार की सभी ने सराहना की। उत्कृष्ट मॉडल तैयार करने वाले विजेताओं को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्टाफ अधिकारी (मानव संसाधन) रामानुज प्रसाद ने कहा कि स्वच्छता पखवाड़ा-2026 के दौरान क्षेत्र के सभी विद्यालयों ने अत्यंत उत्साह एवं सक्रियता के साथ भागीदारी निभाई है।

### घर-घर बांटे जा रहे प्रगणना प्रपत्र

**खूंटी :** जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची के अद्यतन का कार्य तेजी से चल रहा है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त मो जावेद हुसैन के निर्देश पर 30 जून से 29 जुलाई 2026 तक चलने वाले घर-घर प्रगणना अभियान के अंतर्गत बूथ लेवल अधिकारी मतदाताओं के घर पहुंचकर प्रगणना प्रपत्र का वितरण कर रहे हैं।

**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कुजरा/कुडू/कैरो/महिला लोहरदगा**
**(Email Id- principalitilohardaga@gmail.com)**

**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में शैक्षणिक सत्र 2026–27–28 में नामांकन से संबंधित सूचना**

निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक– 740, दिनांक–25.06.2026 के आलोक में NCVT/SCVT से मान्यता प्राप्त लोहरदगा जिला के सभी सरकारी (LWE सहित), औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, यथा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कुजरा/कुडू/महिला/कैरो, लोहरदगा के शैक्षणिक सत्र 2026–27–28 में नामांकन के लिए योग्य आवेदकों से जो झारखण्ड राज्य के स्थायी/स्थानीय निवासी की श्रेणी में आते हैं और नीचे दिये गये शैक्षणिक योग्यता धारित करते हैं, उनसे ऑनलाईन (https://iti.jharkhand.gov.in Admission Tab) आवेदन–पत्र आमंत्रित किये जाते है।

2. न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता:–

क). वायरमैन, मेशन (बिल्डिंग कन्स्ट्रक्टर), पेन्टर (जेनरल) पलम्बर, वेल्डर, वेल्डर (GMAW & GTAW), वेल्डर (Fabrication & Fitting), सीविंग टेक्नोलॉजी, काटिंग एण्ड सीविंग, कारपेन्टर (New Name- Wood Work Technician), एवं वीबिंग टेक्नीशियन फॉर सिल्क एण्ड वुलन फैब्रिक्स व्यवसायों में नामांकन के लिए आवेदक को आठवीं (8वीं) कक्षा में उत्तीर्णता आवश्यक है।

ख) उपरोक्त कंडिका में अंकित व्यवसायों को छोड़कर शेष अन्य सभी व्यवसायों में नामांकन के लिए आवेदक को दसवी (10वीं) कक्षा में उत्तीर्णता आवश्यक है।

3. दिनांक–01.08.2026 को आवेदक की आयु न्यूनतम 14 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

4. महत्वपूर्ण तिथियाँ:–

| क्रं0सं0 | विवरणी | तिथि |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि | 02.06.2026 |
| 2 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की अन्तिम तिथि | 15.07.2026 |
| 3 | औपबंधिक मेधा सूचियों (आठवीं एवं दसवीं कक्षा) का प्रकाशन | 20.07.2026 पूर्वाहन 12:00 बजे |

5. किसी प्रकार की महत्वपूर्ण जानकारी हेतु मो0–9102207955, 9471716727, 9955931454, 8051014458 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

ह0/–
प्राचार्य
नोडल औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,कुजरा, लोहरदगा

PR 383671 Lohardaga(26-27).D

**झारखण्ड सरकार**
**राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग (जिला भू–अर्जन कार्यालय, राँची)**

**प्रारंभिक अधिसूचना**
(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)

**"सिल्ली– टीकर पथ (MDR-25) पर बारेन्दा से सतीघाट मेला स्वर्णरेखा नदी तक पथ (कुल लम्बाई–1.800 कि0मी0) के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य (भू–अर्जन, Resettlement & Rehabilitation एवं वृक्षारोपण सहित) पथ निर्माण कार्य परियोजना"**

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है मौजा–बारेण्डा, थाना–सोनाहातु, थाना सं.–18, अंचल–सोनाहातु, जिला–राँची में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना **"सिल्ली– टीकर पथ (MDR-25) पर बारेन्दा से सतीघाट मेला स्वर्णरेखा नदी तक पथ (कुल लम्बाई–1.800 कि0मी0) के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य (भू–अर्जन, Resettlement & Rehabilitation एवं वृक्षारोपण सहित) पथ निर्माण कार्य परियोजना"** हेतु अपेक्षित है, प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2(1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रुप में नियुक्त किए गए हैं। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम/मौजा–बारेण्डा, थाना–सोनाहातु, थाना सं.–18, अंचल–सोनाहातु, जिला–राँची में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश रकबा–**2.605** एकड़ भूमि मानक माप का भू–खण्ड, जिसका विस्तृत विवरणी निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है:–

**मौजा–बारेण्डा**

| क्र.सं. | खाता सं0 | सर्वे प्लॉट सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 43 | 1226 | रैयती | टांड़ तीन | 0.087 | कोलका महतो वल्द धना महतो | 1228 | 1116 | 1231 | सीवाना |
| 2 | 55 | 1318 | रैयती | टांड़ तीन | 0.138 | गुरूचरण मिस्त्री, पे0 भिखु मिस्त्री व चेतन मिस्त्री, पे0 भिखु मिस्त्री व पुरनाचन्द्र मिस्त्री, पे0 भिखु मिस्त्री | 1317 | 1232 | 1322 | 1234 |
| 3 | 78 | 1218 | रैयती | टांड़ तीन | 0.160 | जीतन कुमार वल्द भगत कमार | 1219 | 1116 | 1217 | 2875 |
| 4 | 112 | 1233 | रैयती | टांड़ तीन | 0.053 | नन्हका पुरान, पे0 रोड़ी पुरान व पाडु पुरान, पे0 रोड़ी पुरान व मान सिंह पुरान, पे0 रोड़ी पुरान | 1235 | 1232 | 1234 | 1231 |
| 5 | 316 | 1474 | रैयती | टांड़ तीन | 0.009 | वकाश्त | रास्ता | 1477 | 1473 | 1478 |
| 6 | 316 | 1473 | रैयती | टांड़ दो | 0.014 | वकाश्त | रास्ता | 1474 | 1471 | 1474 |
| 7 | 316 | 1471 | रैयती | टांड़ दो | 0.001 | वकाश्त | रास्ता | 1472 | 1471 | 1474 |
| 8 | 316 | 1455 | रैयती | टांड़ तीन | 0.097 | वकाश्त | 1454 | 1456 | 1454 | 1454 |
| 9 | 319 | 1454 | रैयती | टांड़ तीन | 1.769 | खेदन बाबु वल्द मोगल बाबु | रास्ता | रास्ता | 1503 | 1455 |
| 10 | 391 | 1225 | रैयती | टांड़ तीन | 0.126 | कन्हाई, पे0 गोवंधन व गीरीआ मिस्त्री वल्द गुलु मिस्त्री | 1232 | 1219 | 1224 | 1226 |
| 11 | 425 | 1219 | रैयती | टांड़ तीन | 0.151 | गनेश मिस्त्री, पे0 बैजनाथ मिस्त्री व नन्दुआ, पे0 मुगु मिस्त्री | 1225 | 1218 | 1221 | 1116 |
| | | | | कुल | 2.605 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11(1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एवं यथा विनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11(4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नही करेगा या ऐसा कोई अंतरण नही करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नही उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों) के अन्तर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियाँ हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

अमीन, जि0भू0अ0का0,राँची। | कानूनगो, जि0भू0अ0का0,राँची। | जि0 भू0 अ0 पदा0, राँची। | अपर समाहर्त्ता, राँची। | उपायुक्त, राँची।

PR 383708 (Land Reforms) 26-27 (D)

## जीके राठौर बने रजरप्पा क्षेत्र के नये महाप्रबंधक, राजीव सिंह ने सम्भाला मगध-संघमित्र

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रजरप्पा (रामगढ़) :** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड, रजरप्पा क्षेत्र के महाप्रबंधक राजीव सिंह का स्थानांतरण मगध-संघमित्र क्षेत्र के महाप्रबंधक के पद पर किया गया है। वहीं जी. के. राठौर ने रजरप्पा क्षेत्र के नए महाप्रबंधक के रूप में अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। इससे पहले वे गिरिडीह क्षेत्र में बतौर महाप्रबंधक अपना योगदान दे रहे थे। राजीव सिंह ने नवंबर 2025 में रजरप्पा क्षेत्र के महाप्रबंधक का कार्यभार संभाला था। अपने अपेक्षाकृत छोटे कार्यकाल में उन्होंने कुशल नेतृत्व, सौम्य एवं विनम्र व्यक्तित्व तथा कार्यकुशलता से अधिकारियों, कर्मचारियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के बीच विशेष पहचान बनाई। उनके नेतृत्व में रजरप्पा क्षेत्र ने वित्तीय वर्ष 2025-26 का उत्पादन



लक्ष्य बिना किसी दुर्घटना के सुरक्षित वातावरण में निर्धारित समय के भीतर प्राप्त किया। इसके साथ ही उन्होंने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) गतिविधियों को भी विशेष प्राथमिकता देते हुए क्षेत्र में अनेक जनकल्याणकारी कार्यों को गति प्रदान की। स्थानांतरण के अवसर पर आयोजित विदाई समारोह में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उन्हें भावभीनी विदाई देते हुए उनके योगदान की सराहना की तथा नए दायित्व के लिए शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर परियोजना पदाधिकारी (रजरप्पा परियोजना) एल. के. रॉय, स्टाफ अधिकारी (खनन) गौतम नाथ, स्टाफ अधिकारी (मा.सं.) रामानुज प्रसाद, स्टाफ अधिकारी (वि. या.) अनूप डूंगडूंग, स्टाफ अधिकारी (सेफ्टी) एस. के. चौधरी, प्रबंधक (पर्यावरण) विवेक द्विवेदी, सीएसआर अधिकारी आशीष झा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। श्रम संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी राजीव सिंह से भेंट कर उनके सफल कार्यकाल के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया तथा नए पदस्थापन के लिए शुभकामनाएँ दीं। इसी क्रम में जी. के. राठौर ने रजरप्पा क्षेत्र के नए महाप्रबंधक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों से परिचय प्राप्त किया तथा विभिन्न विभागों के कार्यों की जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी टीम भावना के साथ कार्य करते हुए रजरप्पा क्षेत्र को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने के लिए समर्पित होकर कार्य करेंगे।



# फुटबॉल वर्ल्डकप में एमबाप्पे के डबल गोल से जीता फ्रांस

फीफा वर्ल्डकप 2026

एजेंसी

**मेक्सिको सिटी** : पिछली बार की फाइनलिस्ट फ्रांस ने बुधवार के पहले मैच में स्वीडन को 3-0 से हराकर फुटबॉल वर्ल्ड कप के राउंड ऑफ 16 में जगह बना ली। साथ ही सह-मेजबान मैक्सिको ने इक्वाडोर को 2-0 से हराकर 40 साल बाद नॉकआउट राउंड का मैच जीता है। इस जीत के शहर के कई जगह सेलिब्रेशन हुए। इस दौरान 2 फैंस की दम घुटने से मौत हो गई। न्यूयॉर्क के न्यू जर्सी स्टेडियम में फ्रांस के लिए किलियन एमबाप्पे ने दो और ब्रैडली बारकोला ने एक गोल किया। मैक्सिको सिटी स्टेडियम में मैक्सिको के जूलियन क्विन्योनेस ने 22वें और राउल जिमेनेज ने 31वें मिनट में गोल किए। इंजरी टाइम के 5वें मिनट में पिएरो हिनकापिए को रेड कार्ड मिला। अब फ्रांस का सामना पैराग्वे से 5 जुलाई को होगा। जबकि, मैक्सिको 6 जुलाई को इंग्लैंड और कांगो डीआर के विजेता से खेलेगी।



मैक्सिको ने 40 साल बाद नॉकआउट मैच जीता, जश्न में 2 फैंस की मौत

### एमबाप्पे वर्ल्ड कप में नॉकआउट के टॉप गोल स्कोरर

**एमबाप्पे** ने 45वें और 74वें मिनट में गोल किए। उन्होंने इस वर्ल्ड कप में तीसरी बार डबल गोल किए हैं। टूनामेंट में उनके छह गोल हो गए हैं। उन्होंने इस एडिशन के टॉप गोल स्कोरर की लिस्ट में अर्जेंटीना के लियोनेल मेसी की बराबरी कर ली है। एमबाप्पे वर्ल्ड कप के नॉकआउट मुकाबलों में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उनके 10 गोल हो गए हैं। उन्होंने ब्राजील के दिग्गज लियोनिडास और रोनाल्डो के आठ-आठ गोल के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। एमबाप्पे ने वर्ल्ड कप करियर में 18वां गोल किया है। वे मेसी (19 गोल) के वर्ल्ड रिकॉर्ड से सिर्फ एक गोल पीछे हैं।

#### ओलिसे ने 02 गोल असिस्ट किये

**फ्रांस** ने पूरे मैच में दबदबा बनाए रखा। टीम ने स्वीडन पर 25-7 से शॉट लगाए, जिनमें पहले हाफ में 15-3 की बढ़त रही। पहले एमबाप्पे और फिर माइकल ओलिसे की साइकिल किक पोस्ट से टकराई। इसके बाद एमबाप्पे ने ओलिसे के प्रयास पर मिले मौके को गोल में बदला। 53वें मिनट में गुस्ताफ लागरबिएल्के से गेंद छिनने के बाद ऑरेलियन चुआमेनी ने ओलिसे को पास दिया। ओलिसे ने शानदार मूव बनाते हुए बारकोला को गेंद दी और उन्होंने गोल कर बढ़त 2-0 कर दी। तीसरा गोल भी ओलिसे और बारकोला की मदद से एमबाप्पे ने किया।

#### फ्रांस के कोच मां के अंतिम संस्कार के बाद टीम से जुड़े

**फ्रांस** के कोच दिदिए देशां अपनी मां के अंतिम संस्कार के बाद टीम से जुड़े। मैच के अंत में जब एमबाप्पे को बदला गया तो देशां ने झुककर उनका अभिवादन किया। फ्रांस अब तक टूर्नामेंट में 13 गोल कर चुका है और सिर्फ दो गोल खाए हैं। माइकल ओलिसे पांच गोल में असिस्ट दे चुके हैं।

#### मैक्सिको ने 40 साल बाद नॉकआउट मैच जीता

1986 में अपने घर में खेले गए वर्ल्ड कप में बुल्गारिया को हराने के बाद यह पहली बार है, जब मैक्सिको ने नॉकआउट चरण का कोई मुकाबला जीता है। इसके बाद टीम 1994, 1998, 2002, 2006, 2010, 2014 और 2018 वर्ल्ड कप में लगातार सात नॉकआउट मुकाबले हार गई थी। वहीं, 2022 कतर वर्ल्ड कप में टीम ग्रुप चरण से ही बाहर हो गई थी।

#### मैच के दौरान फिर लगा विवादित नारा

**मैच** के 5वें मिनट में जब इक्वाडोर के गोलकीपर हर्नान गालिंदेज गोल किक लेने जा रहे थे, तब मैक्सिको के फैंस ने स्पेनिश भाषा का एक अपमानजनक और समलैंगिक-विरोधी नारा लगाया। टूर्नामेंट में यह दूसरी बार है, जब यह

## एक झलक

### वैभव के लिए भी हमने रणनीति बनायी : हैरी ब्रूक

**लंदन** : इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक ने कहा है कि भारतीय टीम के खिलाफ पहले टी20 मैच में अगर वैभव सूर्यवंशी उतरते हैं तो उनसे मुकाबले के लिए हमारी टीम तैयार हैं। ब्रूक के अनुसार उन लोगों ने वैभव से निपटने की रणनीति बना ली है। अभी ये तय नहीं है कि भारतीय टीम वैभव को पहले टेस्ट में उतारती है या नहीं। वहीं मेजबान टीम के कप्तान ने साफ कर दिया है कि इंग्लैंड दोनों ही हालातों के लिए तैयार है। ब्रूक ने कहा, हमन पर प्रकार से तैयारी की है। जिससे इस बल्लेबाज पर अंकुश लगाया जा सके। दूसरी ओर अपने डेब्यू का इंतजार कर रहे वैभव ने पिछले कुछ समय में शानदार प्रदर्शन किया है जिससे उनका मनोबल बढ़ा हुआ है।

## ईशान आईसीसी टी-20 रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे



एजेंसी

**दुबई** : आईसीसी की ताजा टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में भारत के ईशान किशन नंबर एक स्थान पर पहुंच गये हैं। वहीं भारत के ही अभिषेक शर्मा दूसरे नंबर पर खिसक गये हैं। किशन की इस सफलता के पीछे उनकी लगातार शानदार फॉर्म और आक्रामक बल्लेबाजी रही है। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने इस साल की शुरूआत में 2025/26 सीजन में झारखंड को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी का खिताब जिताकर धमाकेदार वापसी की थी, जिसके बाद से उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। 2026 टी20 विश्व कप में उनका प्रदर्शन असाधारण रहा, जहां उन्होंने जमकर रन बनाये। वहीं अभिषेक का प्रदर्शन कमजोर रहा। टी20 विश्व कप 2026 में ईशान ने करीब 200 की स्ट्राइक रेट से कुल 317 रन बनाए थे, जिसमें कोलंबो में पाकिस्तान के खिलाफ उनकी मैच जिताने वाली पारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। ईशान के अभी 876 रेटिंग अंक हैं, जबकि अभिषेक 869 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर फिसल गए हैं। शीर्ष-10 बल्लेबाजों की सूची में अन्य भारतीय खिलाड़ियों में युवा तिलक वर्मा पांचवें और अनुभवी सूर्यकुमार यादव आठवें स्थान पर अपनी जगह बनाए हुए हैं।

### डूरंड कप का कार्यक्रम घोषित, पांच शहरों में भिड़ेंगी 24 टीमें

## 23 अगस्त को कोलकाता में फाइनल

एजेंसी

**कोलकाता** : डूरंड कप के 135वें संस्करण के पांच मेजबान शहरों, भाग लेने वाली सभी 24 टीमों और मैच कार्यक्रम की आधिकारिक घोषणा बुधवार को कर दी गई है। एशिया के सबसे पुराने और दुनिया के प्रतिष्ठित फुटबॉल टूर्नामेंटों में शामिल डूरंड कप का आयोजन इस वर्ष 25 जुलाई से 23 अगस्त तक किया जायेगा। इस बार प्रतियोगिता कोलकाता, रांची, इम्फाल, शिलांग और गुवाहाटी में आयोजित होगी, जबकि फाइनल मुकाबला 23 अगस्त को कोलकाता के विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन में खेला जाएगा।

#### पहली बार मेजबानी करेगा रांची

**रांची** पहली बार डूरंड कप की मेजबानी करेगा। बिरसा मुंडा स्टेडियम में 26 जुलाई से 16 अगस्त तक लीग चरण के मुकाबले और एक क्वार्टर फाइनल खेला जायेगा। यहां जमशेदपुर एफसी, स्पोर्टिंग क्लब दिल्ली, भारतीय वायुसेना फुटबॉल टीम और पहली बार भाग ले रही डिफेंडर्स एफसी (श्रीलंका) खेलेंगी।

#### सात टीमें पहली बार बनेंगी डूरंड कप का हिस्सा

**इस** संस्करण में सात नई टीमें पहली बार डूरंड कप में भाग लेंगी। इनमें श्रीलंका सशस्त्र बलों की डिफेंडर्स एफसी, मेघालय प्रीमियर लीग चैंपियन नोंगकेसेह स्पोर्ट्स, सोशल एंड कल्चरल क्लब, बागपत एफसी, समलेश्वरी स्पोर्टिंग, एफसी रेंगदाई, मुंबई एफसी और एफसी1 शामिल हैं।

#### कोलकाता रहेगा मुख्य केन्द्र

**2019 से** स्थायी मेजबान बने कोलकाता में इस बार भी टूर्नामेंट का सबसे बड़ा हिस्सा आयोजित होगा। यहां दो ग्रुप चरण, उद्घाटन मुकाबला, दो क्वार्टर फाइनल, एक सेमीफाइनल और फाइनल खेला जाएगा। मैच विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन और किशोर भारती क्रीड़ांगन में होंगे। कोलकाता चरण में रिकॉर्ड 17 बार की चैंपियन मोहुन बागान सुपर जायंट और 16 बार की विजेता ईस्ट बंगाल एफसी सबसे बड़े आकर्षण होंगे। इनके अलावा मोहम्मडन एससी, भारतीय सेना, सीआईएसएफ, साउथ यूनाइटेड एफसी, बागपत एफसी और समलेश्वरी स्पोर्टिंग भी हिस्सा लेंगी।

#### इम्फाल में फिर गूंजेगा फुटबॉल का रोमांच

**मणिपुर** की फुटबॉल परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इम्फाल लगातार एक और बार डूरंड कप की मेजबानी करेगा। खुमान लंपाक स्टेडियम में 28 जुलाई से 17 अगस्त तक मुकाबले होंगे।

## 13वीं कोडरमा जिला जूडो चैम्पियनशिप 2025-26 में आरपीवाई ग्लोबल स्कूल का शानदार प्रदर्शन

एजेंसी

**कोडरमा** : आरपीवाई ग्लोबल स्कूल ने अपनी उपलब्धियों की सूची में एक और गौरवपूर्ण अध्याय जोड़ते हुए 29 एवं 30 जून 2026 को आयोजित 13वीं कोडरमा जिला जूडो चैम्पियनशिप 2025-26 में शानदार जीत दर्ज कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन Koderma Judo Association द्वारा किया गया था। जिला स्तरीय इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में कोडरमा जिले के विभिन्न नामी विद्यालयों से लगभग 350 युवा जूडो खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिससे पूरे आयोजन में उत्साह, अनुशासन एवं प्रतिस्पर्धा का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। कई मजबूत टीमों के बीच बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए RPY Global School ने जूनियर वर्ग में चैम्पियन बनकर शानदार



सफलता हासिल की, जिससे पूरे विद्यालय परिवार को गर्व का अनुभव हुआ। विद्यालय की इस सफलता को और भी विशेष बनाया RPY Global School की छात्रा नव्या सिंह ने, जिन्हें प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन और समर्पण के लिए गर्ल्स सेक्शन में स्पेशल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इस चैम्पियनशिप में मुख्य अतिथि के रूप में Tushar Rai, जिला खेल पदाधिकारी, कोडरमा सहित कई सम्मानित अतिथियों, अधिकारियों एवं आयोजन समिति के सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

**झारखंड**

## एसबीआई की मेन ब्रांच में बुजुर्ग लाइन लगने से तबाह : रूचिर

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**मेदिनीनगर** : भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह डालटेनगंज विस के पूर्व विधायक उम्मीदवार, अधिवक्ता रुचिर कुमार तिवारी ने आज कचहरी मेंन ब्रांच जब बैंक से संबंधित काम करवाने गया तो वहां के विधि व्यवस्था देखकर चिंता व्यक्त किया वहां पर खड़े बुजुर्गों ने कहा कि लंबे देर से लाइन में लगे हुए। श्री तिवारी ने बुजुर्गों के साथ लाइन में खड़े होकर उनका दुख दर्द जाना और पाया कि सभी बैंकों में सीनियर सिटीजन की एक अलग व्यवस्था करना है जहां सीनियर सिटीजन को कुर्सी भी



उपलब्ध होनी चाहिए कोई 80 वर्ष का व्यक्ति भला लाइन में इतना देर तक खड़ा रह सकता है लेकिन यहां व्यवस्था के नाम पर कोई सुविधा नहीं है और बैंक के अधिकारी एवं सीनियर पदाधिकारी अपने काम में मस्त है। ऐसी स्थिति में बुजुर्गों एवं सीनियर की स्थिति को देखते हुए बैंक के मैनेजर अपनी संवेदना दिखाते हुए अभिलंब सीनियर सिटीजन के लिए अलग से लाइन एवं बैठने के लिए कुर्सी की व्यवस्था करें। ताकि बुजुर्गों का काम आसानी से हो सके।

## भवनाथपुर सेल परिसर में फिर चोरी, 500 केवीए ट्रांसफॉर्मर व समरसेबल पम्प पर चोरों ने किये हाथ साफ

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**भवनाथपुर** : सेल परिसर के आवासीय क्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। ताजा मामले में अंबेडकर पार्क के समीप स्थित पुराने 500 केवीए बिजली ट्रांसफॉर्मर तथा माइंस अस्पताल सह प्रशासनिक भवन में लगे समरसेबल पंप की चोरी हो गई। मामले में सेल प्रबंधन ने भवनाथपुर थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार, पिछले करीब एक वर्ष से माइंस अस्पताल भवन में ही सेल का प्रशासनिक कार्यालय संचालित हो रहा है। बीती रात चोरों ने सुरक्षा व्यवस्था को धता बताते हुए प्रशासनिक भवन में रखा समरसेबल पंप चोरी कर लिया। वहीं अंबेडकर पार्क के पास बंद पड़े पुराने बिजली घर से 500 केवीए ट्रांसफॉर्मर चोरी होने की सूचना आजसू नेता जयराम पासवान ने सेल अधिकारी बुलू दिग्गल को दी, जिसके बाद दोनों घटनाओं की लिखित सूचना स्थानीय थाना को सौंपी गई। बताया जाता है कि पहले सेल परिसर की सुरक्षा सीआईएसएफ के जवानों के जिम्मे थी, लेकिन वर्तमान में लगभग 20 होमगार्ड जवानों के भरोसे पूरे परिसर की सुरक्षा है। सीमित सुरक्षा व्यवस्था का लाभ उठाकर असामाजिक तत्व लगातार चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव ने पीएलवी के साथ की ऑनलाइन मीटिंग

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**मेदिनीनगर** : जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राकेश रंजन ने पीएलवी के साथ ऑन लाइन मीटिंग किया। इसमे पीएलवी को अपने अपने क्षेत्र के आम लोगो को कानूनी अधिकारों, लोक अदालत व सरकारी योजनाओ के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि गांवों में जाकर बाल विवाह, मानव तस्करी, नशा उन्मूलन, डायन बिसाही कुप्रथा, पीडित प्रतिकर अधिनियम, व प्राकृतिक आपदा से मिलने वाला लाभ कैसे ले के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि बरसात के समय ठनका, बिषैले जीव जंतु, सड़क दुर्धटना से आकस्मिक मृत्यु पर अंचल कार्यालय से राशि मिलता हैं कि बारे में भी लोगो को जागरूक करने का निर्देश दिया। उन्होंने पीएलवी के दैनिक कार्यों की रिपोर्ट ली और उन्हें ओर बेहतर ढंग से काम करने के लिए प्रेरित किया।



इस मौके पर एलएडीसी के चीफ अमिताभ चन्द्र सिंह ने कहा कि पीएलवी जरूरत मन्द असहाय और बुजुर्गों तक सरकारी योजनाओं का लाभ सरकारी तरीके से पहुचाने में मदद करे। इस मौके पर एल ए डी सी के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पाण्डेय ने कहा कि पीएलवी गरीब गुरबों के लिए थाना व पंचायत में नियुक्त किये गए है। उन्हें सेवा भाव से काम करने की जरूरत है। समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर उन्हें सुलभ सरल तरीके से न्याय कैसे मिले के लिए मदद करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कोई भी गरीब लाचार लोग न्याय से वंचित नहीं रहे न्याय सबको एक समान मिले। उन्होंने जेल में बंद लोगो के परिजनों से मिलकर उन्हें भी सरकारी सहायता दिलाने में मदद करने को कहा। साथ ही कहा कि छोटे मोटे विवाद को सुलह समझौता के माध्यम से निपटाने के लिए लोगो को प्रेरित करे।

### राज इंटरनेशनल स्कूल, कोडरमा में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस

# छात्रों ने किया सदर अस्पताल के डॉक्टरों का सम्मान



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**कोडरमा** : राज इंटरनेशनल स्कूल, कोडरमा में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में आयोजित विशेष प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों ने चिकित्सकों के समाज के प्रति अमूल्य योगदान को सम्मानपूर्वक याद किया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रेरणादायक भाषणों से हुई, जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य राहुल घोष ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए चिकित्सकों की सेवा, समर्पण एवं मानवता के प्रति उनके योगदान पर प्रेरणादायक विचार साझा किए। उनके उद्बोधन ने विद्यार्थियों को समाज के प्रति संवेदनशील और कर्तव्यनिष्ठ बनने की प्रेरणा दी। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा डॉक्टर एवं मरीज विषय पर आकर्षक रोल प्ले तथा फैंसी ड्रेस प्रस्तुति दी गई, जिसने सभी का मन मोह लिया। विद्यार्थियों ने अपने उत्कृष्ट अभिनय के माध्यम से स्वास्थ्य, सेवा और मानवीय संवेदनाओं का प्रभावशाली संदेश दिया। इस विशेष अवसर पर विद्यालय के शिक्षक एवं विद्यार्थियों का एक प्रतिनिधिमंडल सदर अस्पताल, कोडरमा पहुंचा। वहां उपस्थित चिकित्सकों को विद्यार्थियों ने अपने हाथों से बनाए गए शुभकामना कार्ड एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके प्रति सम्मान एवं आभार व्यक्त किया।इस दौरान विद्यालय परिवार ने डॉ. अनिल कुमार (सिविल सर्जन, कोडरमा), डॉ. रंजीत कुमार (उपाधीक्षक, सदर अस्पताल, कोडरमा) तथा डॉ. मनोज कुमार (जिला वी.बी.डी./जिला मलेरिया पदाधिकारी, कोडरमा) सहित सदर अस्पताल के अनेक अन्य चिकित्सकों को सम्मानित किया। चिकित्सकों ने विद्यार्थियों के इस स्नेहपूर्ण सम्मान के लिए विद्यालय का धन्यवाद व्यक्त किया तथा बच्चों को स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं सेवा भावना का महत्व बताया। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में चिकित्सकों के प्रति सम्मान, सेवा भावना तथा समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं।

### डॉक्टर दिवस पर लायंस क्लब ने सहिया सय्यदा खातून को किया सम्मानित, पौधा भेंट कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**गुमला** : डॉक्टर दिवस के अवसर पर लायंस क्लब द्वारा समाज एवं स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली सहिया सय्यदा खातून को पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर क्लब के सदस्यों ने कहा कि सहिया बहनें ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को बढ़ावा देने, टीकाकरण अभियान को सफल बनाने तथा जन-जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उनका समर्पण, सेवा-भाव और निस्वार्थ कार्य समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। सम्मान प्राप्त करने के बाद सहिया सय्यदा खातून ने लायंस क्लब के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें भविष्य में भी पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ समाज एवं स्वास्थ्य सेवा के कार्यों में सक्रिय रहने के लिए प्रेरित करेगा। कार्यक्रम के अंत में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण करने तथा अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आह्वान किया गया।

### मॉडर्न पब्लिक स्कूल में मनाया गया चार्टर्ड अकाउंटेंट्स सह डॉक्टर्स डे

**झुमरी तिलैया** : मॉडर्न पब्लिक स्कूल, झुमरी तिलैया में 'चार्टर्ड अकाउंटेंट्स दिवस' और 'राष्ट्रीय डॉक्टर्स दिवस' बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के कक्षा 11वीं और 12वीं (वाणिज्य संकाय) के विद्यार्थियों सहित प्ले ग्रुप के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने भी पूरे उत्साह के साथ भाग लिया।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को देश की अर्थव्यवस्था में सीए की भूमिका और समाज को स्वस्थ रखने में डॉक्टरों के योगदान से परिचित कराना था। इस दौरान वाणिज्य विभाग के शिक्षकों ने विद्यार्थियों को इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (क्ढअक) की स्थापना और सीए के नैतिक मूल्यों की जानकारी दी। वहीं, प्ले ग्रुप के छोटे बच्चों ने डॉक्टर बनकर सहपाठियों का 'इलाज' करने का अभिनय किया, जिससे उनमें सेवा की भावना जगी और उन्हें बताया गया कि डॉक्टरों को धरती पर 'दूसरा भगवान' क्यों माना जाता है। इस अवसर पर छात्रों के लिए पोस्टर मेकिंग, भाषण और प्रश्नोत्तरी (क्विज) प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गयीं। प्राचार्य जी सी वर्मा ने अपने संबोधन में कहा, चार्टर्ड अकाउंटेंट जहां देश की आर्थिक रीढ़ हैं, वहीं डॉक्टर हमारे स्वस्थ जीवन की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। टैक्स, ऑडिट से लेकर वित्तीय नीतियों तक, हर जगह सीए की विशेषज्ञता की जरूरत होती है। ये दोनों पेशे केवल कमाई का जरिया नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की बड़ी जिम्मेदारी हैं। निर्देशिका संगीता शर्मा ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा, आज के स्टार्टअप और डिजिटल इंडिया के युग में फाइनेंस की समझ और बेहतर स्वास्थ्य दोनों ही बेहद जरूरी हैं। सीए और मेडिकल दोनों ही कोर्स कठिन जरूर हैं, लेकिन इन्हें पूरा करने वाले छात्र देश के विकास का 'ब्रह्मास्त्र' बनते हैं। हमारे स्कूल का लक्ष्य देश को ईमानदार और कुशल विशेषज्ञ देना है।





### डॉक्टर्स डे पर वार्ड नम्बर 10 की पार्षद पिंकी जैन ने अपने वार्ड में सेवा दे रहे डॉक्टर को किया सम्मानित

**झुमरी तिलैया** : पिंकी जैन ने राजगढ़िया रोड में अपनी सेवा दे रहे डॉक्टर लूना मितरा डॉक्टर ओमियो विश्वास डॉक्टर अशोक विश्वास को उनके क्लीनिक में जाकर पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया इस मौके पर पिंकी जैन ने कहा कि आज डॉक्टर के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करने का दिवस है डॉक्टर भगवान का दूसरा रूप होते हैं हर मनुष्य को समय-समय पर डॉक्टर की आवश्यकता पड़ती है डॉक्टर अपने मरीज को पूरी जिम्मेवारी के साथ स्वस्थ और निरोगी बनाने का प्रयत्न करते हैं हम सभी लोगों को हमेशा डॉक्टर का सम्मान करना चाहिएआज के इस भागम भाग जीवन में कोई भी मनुष्य रोग से अछूता नहीं है डॉक्टर अपने उपचार प्रेक्टिस राय मशवीरा से उसके सेहत को स्वस्थ तंदुरुस्त बनाए रखने का कार्य करते हैं मरीज को ठीक करने के लिए अपना हंड्रेड परसेंट योगदान देते हैं आज राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस पर सभी डॉक्टर को मेरा नमन है पार्षद पिंकी जैन ने वार्ड नंबर 10 में सेवा दे रहे डॉक्टर संतोष कुमार, डॉ कश्मीरी कुमार, डॉक्टर अलंकर्ता मंडल, डॉक्टर दिवाकर यादव, डॉक्टर सागर मणि सेठ, डॉक्टर नम्रता, डॉक्टर रौनक महर्षि, डॉ अभिजीत राय, डॉ अरुण कुमार डॉक्टर हर्षित सेठ डॉ उपेंद्र भदानी, डॉक्टर मनोज भदानी डॉ संगीता प्रसाद डॉ एस शोभा कुमार के प्रति भी अपना आभार प्रकट किया।

### राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर नन्हे बच्चों ने डॉक्टर बन कर दिया सेवा का संदेश



**लातेहार** : सरस्वती विद्या मंदिर, धर्मपुर में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर विद्यालय की शिशु वाटिका के प्ले ग्रुप तथा अरुण, उदय, प्रभात और प्रथम कक्षा के लगभग तीन दर्जन बच्चों ने डॉक्टर की वेशभूषा धारण कर कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी ने किया। उन्होंने कहा कि देश के महान चिकित्सक एवं पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. बिधान चंद्र राय की जयंती पर हर वर्ष राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों को चिकित्सा सेवा के महत्व से परिचित कराना और उन्हें समाज के प्रति संवेदनशील बनाना है। शिशु वाटिका प्रमुख गीता कुमारी ने बताया कि विद्यालय की योजना के तहत बच्चों ने डॉक्टर की भूमिका निभाते हुए अपने विचार भी प्रस्तुत किए। नन्हे विद्यार्थियों ने कम शब्दों में स्वास्थ्य, सेवा और मानवता से जुड़े संदेश प्रभावी ढंग से रखे। उनकी प्रस्तुति ने उपस्थित अभिभावकों और शिक्षकों का मन मोह लिया।वेशभूषा और वक्तव्य के आधार पर प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। अरुण एवं उदय वर्ग में शताक्षी मिश्रा प्रथम, अथर्व आर्य द्वितीय तथा ऋत्विक रंजन और अथर्व राज संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। प्रभात एवं प्रथम वर्ग में दीक्षा अग्रवाल ने प्रथम, अयांश सिन्हा ने द्वितीय तथा शनवि अग्रवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### लायंस क्लब गुमला ने डॉक्टर्स डे पर चिकित्सकों का किया भव्य सम्मान



**गुमला** : लायंस क्लब गुमला द्वारा नए सत्र 2026-27 के प्रथम दिन सदर अस्पताल, गुमला के सभागार कॉन्फ्रेंस हॉल में डॉक्टर्स डे बड़े ही हर्षोल्लास एवं भव्य तरीके से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुमला के सिविल सर्जन कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष लायन पदम साबू ने की। इस अवसर पर सभी सदस्यों ने सदर अस्पताल के 15 चिकित्सकों को पौधा देकर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि सिविल सर्जन ने अपने संबोधन में कहा,लायंस क्लब गुमला द्वारा डॉक्टर्स डे पर हमें सम्मानित करना हमारे लिए गर्व की बात है। डॉक्टर और समाजसेवी संस्थाएं दोनों का उद्देश्य एक ही है - मानव सेवा। लायंस क्लब का यह सहयोग हमें और ऊर्जा देता है।क्लब अध्यक्ष लायन पदम साबू ने कहा,डॉक्टरों की सेवा का मोल आम जनता नहीं समझ पाती। डॉक्टर दिन-रात मेहनत करते हैं, अपनी नींद पूरी नहीं कर पाते, उसके बावजूद निःस्वार्थ भाव से मरीजों की सेवा करते हैं। इसलिए सभी से आग्रह है कि डॉक्टरों के प्रति सम्मान व्यक्त कीजिए और डॉक्टर की सेवा शांतिपूर्वक लीजिए। उनके साथ किसी तरह का वाद-विवाद न करें। पूर्व रीजन चेयरपर्सन लायन अशोक जायसवाल ने कहा, डॉक्टर धरती पर भगवान का रूप हैं। कोविड महामारी में आप लोगों ने अपनी जान जोखिम में डालकर हजारों जिंदगियां बचाई। लायंस क्लब गुमला सदैव चिकित्सकों एवं सदर अस्पताल के साथ खड़ा है। पर्यावरण के प्रति जागरूकता हेतु आज सभी को पौधा भेंट किया गया है। कार्यक्रम की सम्पूर्ण व्यवस्था क्लब के सचिव एमजेएफ लायन शंकर लाल जोजोदिया द्वारा की गयी थी। अपरिहार्य कारणों से वे स्वयं उपस्थित नहीं हो सके, लेकिन अपनी जवाबदेही उन्होंने बखूबी निभाई।

एक झलक

## जीएसटी राजस्व संग्रह जून में 14 फीसदी बढ़ कर 1.95 लाख करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली :** देश के वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह में बढ़ोतरी दर्ज हुई है। जून महीने सकल जीएसटी राजस्व संग्रह 13.9 फीसदी बढ़कर करीब 1.95 लाख करोड़ रुपये हो गया। पिछले महीने मई में जीएसटी राजस्व संग्रह 3.2 फीसदी बढ़कर 1.94 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा था। जीएसटी महानिदेशालय ने बुधवार को जारी आंकड़ों में बताया कि मई में 1,94,812 करोड़ रुपये (1.95 लाख करोड़) की जीएसटी वसूली हुई है। पिछले साल इसी महीने में 1,71,105 करोड़ रुपये की वसूली हुई थी। इस तरह सालाना आधार पर जीएसटी राजस्व संग्रह में 13.9 फीसदी का इजाफा हुआ है। आंकड़ों के मुताबिक घरेलू लेन-देन से सकल जीएसटी संग्रह 6.5 फीसदी बढ़कर लगभग 1.35 लाख करोड़ रुपये रहा, जबकि आयात से प्राप्त राजस्व 34.6 फीसदी बढ़कर 60,038 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। आंकड़ों के अनुसार कुल रिफंड (प्रतिदाय) जून में 29.1 फीसदी बढ़कर 32,436 करोड़ रुपये रहा। चालू वित्त वर्ष 2026-27 के दौरान जीएसटी राजस्व संग्रह में 8.4 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज हुई है। इस साल अप्रैल से लेकर जून तक की अवधि के दौरान कुल 6,31,699 करोड़ रुपये की जीएसटी वसूली हुई। एक साल पहले इसी अवधि के दौरान जीएसटी राजस्व संग्रह मद में 5,82,542 करोड़ रुपये आए थे। जीएसटी महानिदेशालय की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक रिफंड समायोजित करने के बाद शुद्ध जीएसटी राजस्व संग्रह जून महीने में 11.2 फीसदी बढ़कर 1.62 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है। देश में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) प्रणाली को लागू हुए नौ साल पूरे हो चुके हैं। जीएसटी, 1 जुलाई, 2017 से देशभर में लागू है।

## जेट फ्यूल की कीमत में कटौती, सस्ता हो सकता है हवाई सफर

**नयी दिल्ली :** सरकारी ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने आज से जेट फ्यूल यानी एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) की कीमत में प्रति लीटर पांच रुपये की कटौती कर दी है। इस कटौती के बाद राजधानी नई दिल्ली में जेट फ्यूल की कीमत 115 रुपये प्रति लीटर से घट कर 110 रुपये प्रति लीटर हो गई है। बल्क रेट की बात करें तो जेट फ्यूल की कीमत को 1.15 लाख रुपये प्रति किलोलीटर से घटा कर 1.10 लाख रुपये कर दिया गया है। कीमत में की गई इस कटौती से घरेलू एयरलाइंस को कुछ राहत मिलेगी। बताया जा रहा है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में आई गिरावट के बाद जेट फ्यूल की कीमत में कटौती करने का फैसला लिया गया है। पश्चिम एशिया में युद्ध की शुरूआत होने के बाद जेट फ्यूल की कीमत रिकॉर्ड लेवल यानी 1.15 लाख रुपये प्रति किलोलीटर के स्तर पर पहुंच गई थी। रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने के बाद पहली बार इसकी कीमत में कटौती की गई है। जेट फ्यूल यानी एटीएफ की कीमत में आमतौर पर हर महीने के पहले दिन अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत के एवरेज रेट और रुपये तथा डॉलर के एक्सचेंज रेट के आधार पर बदलाव किया जाता है।

# मजबूती के साथ बंद हुआ शेयर बाजार



**नयी दिल्ली :** इस सप्ताह लगातार दो दिन तक गिरावट का सामना करने के बाद घरेलू शेयर बाजार मजबूती के साथ बंद हुआ। माना जा रहा है कि ऑटोमोबाइल और एफएमसीजी सेक्टर के शेयरों में आई जोरदार तेजी तथा एशिया के दूसरे शेयर बाजार से मिल रहे मजबूत संकेतों की वजह से घरेलू शेयर बाजार में निवेशकों ने जमकर खरीदारी की। कारोबार की शुरूआत मामूली बढ़त के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिसकी वजह से दोपहर 12 बजे तक सेंसेक्स 630 अंक से अधिक और निफ्टी 180 अंक से अधिक की मजबूती हासिल करने में सफल रहे। आखिरी घंटे में हुई मुनाफा वसूली के कारण दोनों सूचकांकों की चाल में मामूली गिरावट भी दर्ज की गई। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.58 प्रतिशत और निफ्टी 0.59 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। दिन भर के कारोबार के दौरान एफएमसीजी, ऑटोमोबाइल और बैंकिंग सेक्टर के शेयरों में जम कर खरीदारी होती रही। इसके अलावा रियल्टी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, ऑयल एंड गैस तथा पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज इंडेक्स भी बढ़त के साथ हरे निशान में बंद हुए। आईटी सेक्टर के शेयरों में आज लगातार दूसरे दिन जबरदस्त बिकवाली होती रही, जिसके कारण निफ्टी के आईटी इंडेक्स में 2.01 प्रतिशत और बीएसई के टेक इंडेक्स में 1.03 प्रतिशत की कमजोरी आ गई। इसके अलावा कैपिटल गुड्स, हेल्थ केयर और मेटल इंडेक्स भी गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में आज आमतौर पर खरीदारी होती रही, जिसके कारण निफ्टी का मिडकैप इंडेक्स 0.34 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.36 प्रतिशत की बढ़त के साथ आज के कारोबार का अंत किया। शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में दो लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 476.23 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 474.21 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 2.02 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। दिन भर के कारोबार में एनएसई में 3,001 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,647 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,354 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 22 शेयर बढ़त के साथ और आठ शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 33 शेयर हरे निशान में और 17 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 66.54 अंक की बढ़त के साथ 76,545.21 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होने के कुछ देर बाद ही खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी, जिससे इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई। लगातार हो रही खरीदारी के कारण दोपहर 12 बजे के करीब सेंसेक्स 631.41 अंक की उछाल के साथ 77,110.08 अंक तक पहुंच गया।

## 183.50 रुपये तक सस्ता हुआ कमर्शियल एलपीजी सिलिंडर

**नयी दिल्ली :** जुलाई के पहले दिन देश की ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने 19 किलोग्राम वजन वाले कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत में कटौती कर दी है। इस कटौती के बाद आज से देश के अलग-अलग राज्यों में कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर 174 रुपये से लेकर 183.50 रुपये तक सस्ता हो गया है। कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत में सबसे अधिक 183.50 रुपये की कटौती दिल्ली में की गई है, जबकि कोलकाता में सबसे कम 174 रुपये की कटौती हुई है। गैस सिलेंडर के सस्ता होने से रेस्टोरेंट, ढाबा या कैटरिंग सर्विस चलाने वाले कमर्शियल श्रेणी के उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। एलपीजी गैस की कीमत में यह कटौती सिर्फ कमर्शियल श्रेणी वाले सिलेंडर में ही की गई है। घरेलू उपयोग में आने वाले 14.2 किलोग्राम वाले सिलेंडर (रसोई गैस) के भाव में कोई बदलाव नहीं किया गया है। ऑयल मार्केटिंग कंपनी के अनुसार, कीमत में की गई कटौती के बाद दिल्ली में कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर 183.50 रुपये सस्ता होकर 3,113.50 रुपये की जगह 2,930 रुपये के भाव पर मिलने लगा है। इसी तरह मुंबई में कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर 182 रुपये सस्ता होकर 2,885.50 रुपये के भाव पर मिल रहा है। कोलकाता में कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत में 174 रुपये की कटौती हुई है। कोलकाता में आज से 19 किलोग्राम वाला एलपीजी गैस सिलेंडर 3,081.50 रुपये के भाव पर मिल रहा है।

## अडाणी ग्रीन एनर्जी बनी 20 गीगावाट क्षमता हासिल करने वाली पहली भारतीय कम्पनी




**नयी दिल्ली :** अडाणी समूह की अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) 20 गीगावाट (जीडब्ल्यू) ऑपरेशनल रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता पार करके भारत की पहली कंपनी बन गई है। कंपनी ने इस लक्ष्य को ज्यादातर नए प्रोजेक्ट्स (ग्रीनफील्ड डेवलपमेंट) के जरिए पूरा किया है। यह कंपनी सालाना 52 अरब यूनिट से अधिक स्वच्छ बिजली का उत्पादन करती है। अडाणी समूह की कंपनी ने बुधवार को एक बयान में कहा कि यह उत्पादन भारत की कुल बिजली खपत का लगभग तीन फीसदी है। यह न्यूयॉर्क शहर की एक साल की बिजली जरूरत पूरी करने या मुंबई और नई दिल्ली की संयुक्त वार्षिक बिजली आवश्यकता के लगभग बराबर है। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में 5,051 मेगावाट नई क्षमता जोड़ी, जो चीन के बाहर किसी भी कंपनी द्वारा एक वर्ष में जोड़ी गई सबसे अधिक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता है। इस उपलब्धि पर अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) के कार्यकारी निदेशक सागर अदाणी ने कहा कि 20 गीगावाट का आंकड़ा पार करना दिखाता है कि अनुशासित क्रियान्वयन एवं दीर्घकालिक दृष्टिकोण से क्या हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आज एजीईएल अपने दक्ष दल और लंबे समय से जुड़े साझेदारों के साथ मिलकर मुंबई तथा नयी दिल्ली की संयुक्त वार्षिक बिजली आवश्यकता के बराबर नवीकरणीय बिजली उपलब्ध करा रहा है। एजीईएल की योजना वित्त वर्ष 2026-27 में 10 गीगावाट-घंटा बैटरी भंडारण क्षमता जोड़ने और अगले पांच वर्षों में इसे बढ़ाकर 50 गीगावाट-घंटा करने की है। इससे कंपनी को वर्ष 2030 तक 50 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिलेगी। यह भारत की सबसे बड़ी और दुनिया की अग्रणी नवीकरणीय ऊर्जा कंपनियों में से एक है। कंपनी स्वच्छ ऊर्जा बदलाव को बढ़ावा देने के लिए बड़े पैमाने पर ग्रिड से जुड़ी सौर, पवन, हाइब्रिड और ऊर्जा भंडारण परियोजनाओं का विकास, स्वामित्व और संचालन करती है।

## एस. के. सिन्हा ने गेल में निदेशक (वित्त) का कार्यभार सम्भाला

**नयी दिल्ली :** एस. के. सिन्हा ने बुधवार को सार्वजनिक क्षेत्र की गैस कंपनी गेल (इंडिया) लिमिटेड में निदेशक (वित्त) का कार्यभार संभाल लिया है। वह आर. के. जैन की जगह लेंगे, जो 30 जून को सेवानिवृत्त हुए गए। गेल ने एक्स पर जारी पोस्ट में बताया कि एस. के. सिन्हा ने आज भारत की प्रमुख एकीकृत ऊर्जा कंपनी, गेल (इंडिया) लिमिटेड में निदेशक (वित्त) का पदभार संभाला। निदेशक मंडल में शामिल होने से पहले उन्होंने कार्यकारी निदेशक (वित्त एवं लेखा) के तौर पर काम किया है। इससे पहले वे कार्यकारी निदेशक (वित्त एवं लेखा) के रूप में कार्यरत थे। एस. के. सिन्हा 1994 में प्रबंधन प्रशिक्षु के रूप में गेल से जुड़े थे और अब तीन दशक से अधिक के कार्यकाल के बाद निदेशक मंडल में शामिल हुए हैं।

## इस्पात मंत्रालय ने मेकॉन लिमिटेड को मिनीरत्न कैटेगरी-कका दिया दर्जा




**नयी दिल्ली :** इस्पात मंत्रालय ने अनुसूची 'ए' के तहत आने वाले केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम (सीपीएसई) मेटलर्जिकल एंड इंजीनियरिंग कंसल्टेंट्स (इंडिया) लिमिटेड (मेकॉन) को मिनीरत्न श्रेणी-कका दर्जा देने की मंजूरी दे दी है। मेकॉन ने हाल के वर्षों में महत्वपूर्ण वित्तीय उपलब्धियां हासिल की हैं। मेकॉन ने 535 करोड़ रुपये से अधिक की कुल संपत्ति के साथ यह स्थान प्राप्त किया है। मंत्रालय के मुताबिक कंपनी ने पिछले तीन वित्तीय वर्षों में लगातार लाभ दर्ज किया है, जिसमें वित्त वर्ष 2023-24 (पुनर्घोषित) में 77.62 करोड़ रुपये, वित्त वर्ष 2024-25 (पुनर्घोषित) में 32.08 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2025-26 में 104.53 करोड़ रुपये का कर-पूर्व लाभ (पीबीटी) शामिल है। कंपनी ने 31 मार्च 2026 तक 535.42 करोड़ रुपये की सकारात्मक शुद्ध संपत्ति भी दर्ज की है, जिससे वह सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई) द्वारा मिनीरत्न श्रेणी-क का दर्जा प्राप्त करने के लिए निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करती है। इस्पात मंत्रालय के मुताबिक मिनीरत्न श्रेणी-कका दर्जा मिलने से मेकॉन लिमिटेड के बोर्ड को वित्तीय और परिचालन संबंधी स्वायत्तता में वृद्धि प्राप्त हुई है। शक्तियों के इस बढ़े हुए प्रत्यायोजन से कंपनी को निवेश, आधुनिकीकरण पहल, तकनीकी उन्नयन और व्यापार विस्तार परियोजनाओं को अधिक लचीलेपन और गति के साथ क्रियान्वित करने में मदद मिलेगी, जिससे इसके भविष्य के विकास पथ को बल मिलेगा। मंत्रालय के मुताबिक यह निर्णय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) को अधिक स्वायत्तता और परिचालन लचीलापन प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाने के प्रति सरकार की निरंतर प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। यह निर्णय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों को मजबूत करने, उनकी दक्षता और प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार करने और उन्हें देश के आर्थिक तथा अवसंरचना विकास में अधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने में सक्षम बनाने के व्यापक उद्देश्य के अनुरूप है। वर्ष 1959 में स्थापित और रांची में मुख्यालय वाली मेकॉन लिमिटेड देश की प्रमुख इंजीनियरिंग, परामर्श, परियोजना प्रबंधन और ठेका देने वाली कंपनियों में से एक है। कंपनी ने देश के इस्पात क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। कंपनी ने खनन, अवसंरचना, बिजली, तेल एवं गैस तथा अर्थव्यवस्था के अन्य प्रमुख क्षेत्रों में अपने परिचालन का विस्तार किया है।

## नेक्स्ट जनरेशन को समर्पित भारत का पहला बीजीएमआई इनविटेशनल 'राइजिंग स्टार इंविटेशनल टूर्नामेंट'




**रांची/धनबाद :** क्राफ्टन इंडिया ने राइजिंग स्टार इंविटेशनल की घोषणा की है। यह भारत का पहला बीजीएमआई इनविटेशनल टूर्नामेंट है, जिसे विशेष रूप से क्राफ्टन इंडिया ईस्पोर्ट्स राइजिंग स्टार्स प्रोग्राम के खिलाड़ियों के लिए तैयार किया गया है। 3 से 5 जुलाई तक चलने वाले इस तीन दिवसीय टूर्नामेंट में 16 राइजिंग स्टार्स अपनी-अपनी 5 सदस्यीय टीमों की कप्तानी करेंगे। 5 लाख की कुल पुरस्कार राशि वाले इस टूर्नामेंट का लाइव प्रसारण क्राफ्टन इंडिया ईस्पोर्ट्स के यूट्यूब चैनल पर किया जायेगा। इस अनोखे प्रारूप का उद्देश्य भारत के सबसे प्रतिभाशाली उभरते हुए टैलेंट को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने और खुद को साबित करने का बड़ा मंच प्रदान करना है। इसका उद्देश्य भारत के उभरते हुए बीजीएमआई खिलाड़ियों की पहचान करना, उन्हें बेहतर ट्रेनिंग देना, प्रतियोगी अनुभव उपलब्ध कराना और राष्ट्रीय स्तर पर अपना टैलेंट दिखाने का अवसर देकर उन्हें प्रोफेशनल ईस्पोर्ट्स खिलाड़ी बनने की दिशा में आगे बढ़ाना है। डायरेक्टर (ईस्पोर्ट्स) करण पाठक ने कहा, राइजिंग स्टार्स प्रोग्राम की शुरूआत एक सवाल के जवाब की तलाश से हुई थी कि आखिर भारत के अगले प्रोफेशनल बीजीएमआई खिलाड़ी कैसे होंगे? राइजिंग स्टार इंविटेशनल उसी सवाल का जवाब खोजने का मंच है।

## सर्राफा बाजार में गिरावट का रुख फीकी पड़ी सोना व चांदी की चमक

**नयी दिल्ली :** घरेलू सर्राफा बाजार में शुरूआती कारोबार के दौरान कमजोरी नजर आ रही है। भाव में आई गिरावट के कारण आज चेन्नई के अलावा देश के ज्यादातर दूसरे सरार्फा बाजार में सोना 250 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 420 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया। वहीं चेन्नई में सोने के भाव में 1,000 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,090 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की कमजोरी दर्ज की गई है। चांदी के भाव में भी आज पांच हजार रुपये प्रति किलोग्राम तक की गिरावट आई है। सोने की कीमत में आई गिरावट के कारण आज देश के ज्यादातर सरार्फा बाजार में 24 कैरेट सोना 1,42,050 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,43,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,30,210 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,31,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी गिरावट आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में 2,34,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है।

# वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण फ्रांस के चार दिवसीय आधिकारिक दौरे पर रवाना



**नयी दिल्ली :** केन्द्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण बुधवार को फ्रांस की चार दिवसीय आधिकारिक दौरे पर रवाना हो गईं। इस दौरान कई उच्च-स्तरीय द्विपक्षीय बैठकों में हिस्सा लेंगी, जिनका मकसद भारत और फ्रांस रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करना, आर्थिक सहयोग बढ़ाना और निवेश, टेक्नोलॉजी सहयोग एवं इनोवेशन को बढ़ावा देना है। केंद्रीय वित्त मंत्री की इस आधिकारिक यात्रा के दौरान एक अहम कार्यक्रम 'भारत-फ्रांस आर्थिक और वित्तीय संवाद' (ईएफडी) होगा। इसकी सह-अध्यक्षता सीतारमण और फ्रांस के अर्थव्यवस्था, वित्त और औद्योगिक एवं ऊर्जा संप्रभुता मंत्री रोलैंड लेस्क्योर, ऐक्स-एन-प्रोवेंस में करेंगे। ईएफडी के तहत दोनों देश अलग-अलग क्षेत्रों में आपसी सहयोग बढ़ाने के संभावित मौकों पर चर्चा करेंगे और भारत-फ्रांस के बीच आर्थिक संबंधों को और मजबूत करेंगे। केंद्रीय वित्त मंत्री चुनिंदा ग्लोबल सीईओ के साथ आमने-सामने की बैठकें करेंगी। साथ ही वे प्रमुख बिजनेस एग्जीक्यूटिव्स के साथ एक राउंडटेबल चर्चा में भी हिस्सा लेंगी, ताकि भारत के मजबूत मैक्रो-इकोनॉमिक आधार, चल रहे स्ट्रक्चरल सुधारों, निवेश के बढ़ते मौकों और लंबी अवधि में विकास की संभावनाओं को दिखाया जा सके। वित्त मंत्रालय के मुताबिक वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 'लेस रेन्कॉन्ट्रेस इकोनॉमिक्स डी'एक्स-एन-प्रोवेंस' में 'नये मध्यम वर्ग के विकास को कैसे बढ़ावा दें' विषय पर एक पैनल चर्चा में हिस्सा लेंगी। यह यूरोप के प्रमुख सालाना मंचों में से एक है, जहां वैश्विक आर्थिक और सार्वजनिक नीति के मुद्दों पर बातचीत होती है। 'ले सर्कल डेस इकोनॉमिस्ट्स' द्वारा आयोजित इस मंच पर दुनियाभर से सरकार के प्रमुख, मंत्री, केंद्रीय बैंकर, कारोबारी नेता, अर्थशास्त्री, शिक्षाविद और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि इकट्ठा होते हैं, ताकि मौजूदा आर्थिक चुनौतियों पर चर्चा कर सकें। केंद्रीय वित्त मंत्री कैडाराश में इंटरनेशनल थर्मोन्यूक्लियर एक्सपेरिमेंटल रिएक्टर (आईटीईआर) परियोजना का दौरा करेंगी। आईटीईआर न्यूक्लियर फ्यूजन एनर्जी पर दुनिया के सबसे बड़े अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक सहयोगों में से एक है, जिसमें भारत और फ्रांस समेत 30 से ज्यादा पार्टनर देश शामिल हैं। वह 'कैंपस साइबर' का भी दौरा करेंगी, जो फ्रांस का नेशनल हब है और साइबर सिक्योरिटी इनोवेशन, रिसर्च, स्किल डेवलपमेंट और सरकार, इंडस्ट्री एवं एकेडेमिया के बीच सहयोग के लिए समर्पित है। इस दौरे से साइबर रेजिलिएंस को मजबूत करने और डिजिटल इकॉनमी में इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए अनुभवों और बेस्ट प्रैक्टिस के आदान-प्रदान में मदद मिलने की उम्मीद है। वित्त मंत्री सीतारमण प्रोवेंस-आल्प्स-कोटे डी'अजूर (पीएसीए) क्षेत्र के प्रेसिडेंट रेनॉड म्यूसेलियर से भी मिलेंगी और आपसी हित के क्षेत्रों जैसे इन्वेस्टमेंट, इनोवेशन, क्लीन एनर्जी, टेक्नोलॉजी और क्षेत्रीय आर्थिक पार्टनरशिप में सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा करेंगी। इसके अलाव निर्मला सीतारमण भारतीय समुदाय के सदस्यों के साथ एक कम्युनिटी इवेंट के साथ अपनी आधिकारिक यात्रा का समापन करेंगी।

## पेज एक के शेष

**स्वदेशी तरीकों का इस्तेमाल कर युद्ध जीतना सबसे बड़ा मकसद...**

धीरज सेठ ने कहा कि आज जब मैं भारतीय सेना के 31वें चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ का पद सम्भाल रहा हूं, तो यह मेरे लिए गर्व और विनम्रता का पल है। ड्यूटी, ऑनर और नेशन फर्स्ट के आदर्शों के प्रति पक्के कमिटमेंट के साथ मैं यह जिम्मेदारी स्वीकार करता हूं। मैं उन बहादुर सैनिकों को भी अपनी विनम्र श्रद्धांजलि देता हूं, जिन्होंने देश की सेवा में सर्वोच्च बलिदान दिया। उनकी हिम्मत, ड्यूटी के प्रति समर्पण और निःस्वार्थ समर्पण आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा।

जनरल धीरज सेठ ने भारतीय सेना को तकनीक से चलने वाली भविष्य के लिए तैयार फोर्स बनाने का वादा किया। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना का नेतृत्व करना और 'ड्यूटी, ऑनर और नेशन फर्स्ट' के आइडियल्स के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराना 'गर्व और विनम्रता' की बात है। आर्मी चीफ ने कहा कि इस बदलते सुरक्षा माहौल की चुनौतियों से निपटने के लिए हमें नये जोश और पक्के इरादे के साथ सेना की आधुनिकता को आगे बढ़ाना होगा। हमारा मकसद प्रौद्योगिकी समर्थित भविष्य के लिए तैयार सेना बनाना है, जो हर तरह से सशक्त हो और कई डोमेन में काम करने में सक्षम हो। इन मकसदों को ध्यान में रखते हुए उन्होंने कहा कि इनोवेशन हमारी सोच, ऑपरेशनल तरीकों और कैपेबिलिटी डेवलपमेंट का एक जरूरी हिस्सा होगा। इसके अलावा हम बदलते युद्ध क्षेत्र के हिसाब से ढलने के लिए जरूरी बदलाव लागू करेंगे।

आर्मी चीफ ने जनरल उपेन्द्र द्विवेदी समेत अपने पहले के आर्मी चीफ के बारे में कहा कि उनके विजन और लीडरशिप में भारतीय सेना मजबूत और भरोसेमंद फोर्स के तौर पर विकसित हुई है। भारतीय सेना की ऑपरेशनल प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए हम वायु सेना और नौसेना के साथ पूरा तालमेल बनाये रखेंगे। यह तरीका हमें 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य की ओर ले जायेगा। देश में बनी स्वदेशी क्षमताओं और टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करके हम एक आत्मनिर्भर सेना बनायेंगे। हमारा सबसे बड़ा मकसद स्वदेशी तरीकों का इस्तेमाल करके युद्ध जीतना होगा। उन्होंने कहा कि मेरी परिभाषा में सबसे नए अग्निवीर से लेकर सबसे वरिष्ठ वयोवृद्ध तक हर कोई योद्धा है और ये योद्धा हमारी सेना की सबसे बड़ी ताकत हैं।

**एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने सम्भाला 51वें वायु सेना उप प्रमुख का कार्यभार...**

योग्य फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर होने के साथ-साथ एक एक्सपेरिमेंटल टेस्ट पायलट भी हैं। उन्हें मिग-21, मिग-29 और मिराज-2000 जैसे विभिन्न प्रकार के विमानों को उड़ाने का अनुभव भी है। पिछले 23 सालों से आशुतोष दीक्षित वायुसेना का हिस्सा रहे हैं। अपने अब तक के कार्यकाल में दीक्षित ने 20 से अधिक प्रकार के विमानों पर 3300 घंटे की उड़ान भरी है। उन्होंने ऑपरेशन सफेद सागर और रक्षक में भाग लिया है।

उन्होंने भविष्य की प्रौद्योगिकियों को अपनाने से सम्बन्धित कई परियोजनाओं का नेतृत्व किया है और यह सुनिश्चित करने के लिए काम किया है कि भारतीय वायु सेना 'आत्मनिर्भरता' पर निरंतर ध्यान केन्द्रित करते हुए आधुनिकीकरण हासिल करे। उप वायु सेना प्रमुख के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान एलसीए मार्क-1ए, मार्क-2 और एएमसीए सहित कई स्वदेशी विमान परियोजनाओं में महत्त्वपूर्ण प्रगति हुई है। वाइस चीफ का पद सम्भालने से पहले एयर मार्शल दीक्षित ने चीफ ऑफ इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ के तौर पर काम किया था। यह पद उन्होंने एक मई 2025 से सम्भाला था, जहां उन्होंने तीनों सेनाओं के एकीकरण को मजबूत करने और भारत की संयुक्त सैन्य क्षमताओं को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभायी।

इससे पहले वे केन्द्रीय वायु कमान के वायु अधिकारी कमांडिंग-इन-चीफ के रूप में कार्यरत थे। उन्होंने 30 अप्रैल 2025 को केन्द्रीय वायु कमान की कमान छोड़ दी। इसके बाद एक मई 2025 को उन्होंने लेफ्टिनेंट जनरल जॉनसन पी मैथ्यू के स्थान पर एकीकृत रक्षा स्टाफ के प्रमुख का पदभार ग्रहण किया, जो 30 अप्रैल 2025 को सेवानिवृत्त हुए। वह दक्षिण पश्चिमी वायु कमान के वरिष्ठ वायु सेना अधिकारी के रूप में कार्य कर चुके हैं। वह पुणे स्थित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी और डुंडीगल स्थित वायु सेना अकादमी के पूर्व छात्र हैं। वह बांग्लादेश स्थित रक्षा सेवा कमान एवं स्टाफ कॉलेज और नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज के भी पूर्व छात्र हैं।

राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के पूर्व छात्र एयर मार्शल दीक्षित को 06 दिसंबर 1986 को फाइटर स्ट्रीम में कमीशन दिया गया था। ऑपरेशनल फ्लाइंग, फ़्लाइट टेस्टिंग, फोर्स मॉडर्नाइजेशन और स्ट्रैटेजिक लीडरशिप में शानदार करियर वाले एयर मार्शल दीक्षित को करियर के दौरान 2026 में परम विशिष्ट सेवा पदक, 2023 में अति विशिष्ट सेवा पदक, 2006 में वायु सेना पदक और 2011 में विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया है। एयर मार्शल दीक्षित ने पश्चिमी क्षेत्र में एक फ्रंटलाइन फाइटर बेस मिराज-2000 स्क्वाड्रन की कमान संभाली, जो वायु सेना का प्रमुख फाइटर ट्रेनिंग बेस भी है।

उन्होंने इससे पहले वायु सेना मुख्यालय में प्रिंसिपल डायरेक्टर एयर स्टाफ रिक्वायरमेंट, असिस्टेंट चीफ ऑफ द एयर स्टाफ (प्रोजेक्ट्स) और असिस्टेंट चीफ ऑफ एयर स्टाफ (प्लान) के रूप में काम किया है। वह एयरफोर्स के आधुनिकीकरण के प्रभारी होंगे। उप प्रमुख के रूप में वह भारतीय वायु सेना में नयी खरीद और आपातकालीन शक्तियों के तहत सेवा के लिए किये जाने वाले अधिग्रहण की देखरेख करेंगे। दीक्षित मुख्यालय में अपने पहले के कार्यकाल के दौरान भारतीय वायु सेना में आधुनिकीकरण और 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान का हिस्सा रहे हैं।

**लेफ्टिनेंट जनरल मोहित मल्होत्रा ने साउथ वेस्टर्न कमांड की सम्भाली कमान...**

जनरल ऑफिसर के पास भारतीय सेना में 37 वर्षों से अधिक शानदार सेवा का अनुभव है। उन्होंने हर अहम स्तर पर कमांड, स्टाफ और प्रशिक्षण से जुड़े विभिन्न महत्त्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। दक्षिण पश्चिम कमान का पदभार ग्रहण करने से पूर्व वह मुख्यालय पूर्वी कमान में चीफ ऑफ स्टाफ के पद पर कार्यरत थे, जहां उन्होंने ऑपरेशनल तैयारियों को सुदृढ़ करने, संगठनात्मक दक्षता बढ़ाने तथा संस्थागत समन्वय को मजबूत बनाने में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया।

जन सम्पर्क अधिकारी (रक्षा) लेफ्टिनेंट कर्नल निखिल धवन ने बताया कि लेफ्टिनेंट जनरल मोहित मल्होत्रा ने भारतीय सेना के सबसे चुनौतीपूर्ण ऑपरेशनल क्षेत्रों में विभिन्न महत्त्वपूर्ण कमानों का नेतृत्व किया है। उन्होंने सियाचिन ग्लेशियर, एक आर्मर्ड रेजिमेंट, एक स्वतंत्र आर्मर्ड ब्रिगेड, एक आर्मर्ड डिवीजन तथा डेजर्ट कोर की कमान सम्भाली है। इन महत्त्वपूर्ण दायित्वों ने उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में ऑपरेशनल योजना बनाने तथा मल्टी-डोमेन सैन्य अभियानों के संचालन का व्यापक अनुभव प्रदान किया है। कमांड सम्भालने के अलावा, उनका मिलिट्री प्रोफाइल काफी व्यापक है। उन्हें ऑपरेशनल प्लानिंग, मिलिट्री इंटेलिजेंस, ऑपरेशनल लॉजिस्टिक्स, पर्सनल मैनेजमेंट, टेक्नोलॉजी को अपनाना और स्ट्रैटेजिक कम्युनिकेशन जैसे अहम स्टाफ पदों पर काम करने का अनुभव है।

लेफ्टिनेंट जनरल मोहित मल्होत्रा एक प्रतिष्ठित सैन्य अधिकारी हैं। उन्होंने रक्षा अध्ययन में दो मास्टर डिग्रियां प्राप्त की हैं, जिनमें से एक यूनाइटेड किंगडम के किंग्स कॉलेज, लंदन से है। इसके अतिरिक्त उन्होंने राजनीति विज्ञान तथा रक्षा एवं सामरिक अध्ययन में दो एम.फिल. डिग्रियाँ भी प्राप्त की हैं। उन्होंने अपने सभी कोर्स में बेहतरीन प्रदर्शन किया है और लगभग उन सभी कोर्स में टॉप किया है वे यूनाइटेड किंगडम के एडवांस्ड कमांड एंड स्टाफ कोर्स, हायर एयर कमांड कोर्स तथा नेशनल डिफेंस कॉलेज के स्नातक हैं। उन्हें दूरदर्शी सोच, स्पष्ट निर्णय क्षमता तथा प्रभावी नेतृत्व के लिए व्यापक सम्मान प्राप्त है। वह सैन्य क्षमता के विकास, संगठन के आधुनिकीकरण तथा नवाचार को बढ़ावा देने के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहे हैं। उनकी नेतृत्व शैली उच्च ऑपरेशनल मानकों के साथ-साथ अधीनस्थ अधिकारियों एवं सैनिकों के कल्याण, मनोबल तथा पेशेवर विकास पर विशेष बल देती है।

राष्ट्र के प्रति उनकी विशिष्ट सेवाओं के सम्मान में उन्हें अति विशिष्ट सेवा मेडल तथा सेना मेडल से अलंकृत किया गया है। इसके अतिरिक्त उन्हें विभिन्न सेना कमांडरों तथा थल सेनाध्यक्ष द्वारा अनेक प्रशस्तियां भी प्रदान की गयी हैं।

साउथ वेस्टर्न कमांड की कमान सम्भालते हुए लेफ्टिनेंट जनरल मल्होत्रा ऐसे समय में कार्यभार ग्रहण कर रहे हैं जब पश्चिमी थिएटर में ऑपरेशनल महत्व काफी बढ़ गया है। वह अपने साथ उत्कृष्ट ऑपरेशनल अनुभव, स्पष्ट रणनीतिक दृष्टि तथा प्रभावी नेतृत्व का समृद्ध अनुभव लेकर आये हैं। उनके नेतृत्व में, भारतीय सेना अपनी सबसे महत्त्वपूर्ण रणनीतिक कमांड में से एक के जरिये राष्ट्रीय सुरक्षा और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

**डॉक्टरों की कड़ी मेहनत, संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता भारत की स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ : मोदी...**

कॉलेजों की संख्या दोगुने से अधिक हो गयी है, जबकि स्नातक और स्नातकोत्तर मेडिकल सीटों में भी व्यापक वृद्धि हुई है। उनके अनुसार, इससे भावी डॉक्टरों के लिए नए अवसर पैदा हुए हैं, स्वास्थ्य क्षेत्र को अधिक सशक्त बनाने में मदद मिली है और देश के हर हिस्से तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाये गये हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण की दिशा में डॉक्टरों की भूमिका और अधिक महत्त्वपूर्ण होगी। उन्होंने कहा कि चिकित्सक निवारक स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने, चिकित्सा अनुसंधान को आगे बढ़ाने, नवाचार को अपनाने और सभी नागरिकों तक सस्ती एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने में अहम योगदान देते रहेंगे। केन्द्रीय स्वास्थ्यमंत्री जेपी नड्डा ने भी देशभर के चिकित्सकों को शुभकामनाएं देते हुए चिकित्सा समुदाय की राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पण के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों ने अपनी अटूट निष्ठा, उत्कृष्ट पेशेवर क्षमता और मानवता के प्रति करुणामय सेवा भाव से समाज की अमूल्य सेवा की है। नड्डा ने 'एक्स' पर कहा कि राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस के अवसर पर वह चिकित्सा समुदाय के प्रति अपनी हार्दिक सराहना और कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। उन्होंने डॉक्टरों के अमूल्य योगदान को नमन करते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि और निरन्तर सफलता की कामना की।

**नवनियुक्त सूचना आयुक्तों ने ली शपथ...**

व्यक्त की, कि वे पारदर्शिता, जवाबदेही तथा जनहित को सर्वोपरि रखते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

इस अवसर पर केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, राज्यसभा सांसद महुआ माजी तथा बैद्यनाथ राम सहित राज्य सरकार के कई वरिष्ठ अधिकारी, प्रशासनिक पदाधिकारी, गण्यमान्य अतिथि एवं अन्य सम्बन्धित व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी ने नवनियुक्त आयुक्तों को उनके सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं।

